स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, शुक्रवार
19 जून, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 5
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 297 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

कमर की चोट के साथ विश्व चैम्पियनशिप खेलना सही फैसला नहीं था : नीरज चोपड़ा






# 'भारत के लिए AI का मतलब ऑल इंक्लूसिव'

**पेरिस।** फ्रांस के पेरिस में आयोजित हो रहे यूरोप के सबसे बड़े स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी उत्सव 'विवाटेक 2026' के 10वें संस्करण को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया।

- **पेरिस में बोले मोदी-एफिल टावर पर चल रहा यूपीआई, तकनीक से बदल रहा देश**

इस साल इस प्रतिष्ठित वैश्विक सम्मेलन में भारत 'ढ्ढ कंट्री पार्टनर' के रूप में शामिल हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि इस बड़े बदलाव के दौर में तकनीक ऐसी होनी चाहिए जो हर किसी के काम आए। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को नए सिरे से परिभाषित करते हुए कहा कि भारत के लिए 'ढ्ढ' का सीधा मतलब 'ऑल इंक्लूसिव' यानी सबका समावेश और



सबका कल्याण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते को दोनों क्षेत्रों के भविष्य के लिए एक बड़ा मील का पत्थर बताया। पीएम मोदी ने कहा कि साल की शुरुआत में संपन्न हुआ यह ऐतिहासिक समझौता न केवल द्विपक्षीय व्यापार को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा, बल्कि दोनों अर्थव्यवस्थाओं में निवेश के नए रास्ते भी खोलेगा। यह टैलेंट (प्रतिभा), टेक्नोलॉजी (तकनीक) और टूरिज्म (पर्यटन) के आदान-प्रदान के लिए कई नए रास्ते तैयार करेगा। इस साल 'भारत-फ्रांस इनोवेशन वर्ष' की शुरुआत के साथ फ्रांस एक बेहद महत्वपूर्ण पुल की भूमिका निभा रहा है, जो भारत और पूरे यूरोप के टेक इकोसिस्टम को एक-दूसरे के बेहद करीब ला रहा है। वैश्विक निवेशकों और टेक कंपनियों को भारत में आमंत्रित करते हुए प्रधानमंत्री ने कई बड़े एलान किए। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा टैलेंट पूल है, जहां सरकार नियमों को आसान बनाकर 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' पर सबसे ज्यादा ध्यान दे रही है। इनोवेशन से लेकर प्रोडक्ट को मार्केट में उतारने तक के सफर के लिए भारत सरकार प्राइवेट सेक्टर को 50 अरब डॉलर से अधिक के प्रोत्साहन राशि दे रही है। इसके साथ ही भारत दुनिया का सबसे किफायती डाटा और सबसे सस्ती ग्रीन एनर्जी भी उपलब्ध करा रहा है। पीएम मोदी ने पिछले एक दशक में तकनीक के दम पर भारत में आए महा-बदलाव का खाका भी पेश किया। उन्होंने बताया कि भारत आज तकनीक का इस्तेमाल वित्तीय समावेशन, शिक्षा, टेलीमेडिसिन और कृषि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बहुत बड़े पैमाने पर कर रहा है। आज दुनिया के कुल रियल-टाइम डिजिटल लेन-देन का आधा हिस्सा अकेले भारत में होता है। भारत की यह ताकत अब फ्रांस में भी दिखाई दे रही है, जहां लोग पेरिस के मशहूर एफिल टावर और पेरिस एयरपोर्ट पर भी यूपीआई के जरिए आसानी से भुगतान कर पा रहे हैं।

## पश्चिम एशिया संघर्ष खत्म, समझौते पर हुए हस्ताक्षर

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में 111 दिन से जारी तनाव खत्म होने के ठोस संकेत मिले हैं। जी7 देशों के सम्मेलन के लिए फ्रांस दौरे पर गए अमेरिकी

- **ट्रंप और पेजेशकियन की तस्वीरों ने लगाई मुहर**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्रांसीसी समकक्ष मैक्रों की मौजूदगी में वर्साय में जंग खत्म करने के समझौते पर हस्ताक्षर किए। ईरान की तरफ से राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने हस्ताक्षर किए। हालांकि, पेजेशकियन तेहरान में ही मौजूद रहे और इस प्रक्रिया को डिजिटल तरीके से पूरा किया गया। जिस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं, इसमें 14 बिंदु शामिल हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल



मैक्रों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस कदम का स्वागत करते हुए इसे स्थायी शांति की दिशा में एक बड़ा और जरूरी कदम बताया है। इस समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य को व्यापारिक जहाजों के लिए फिर से खोला जाएगा। इससे दुनिया भर में तेल और ऊर्जा की कीमतों में कमी आने और वैश्विक बाजार को राहत मिलने की पूरी उम्मीद है। इसको लेकर, व्हाइट हाउस ने एक वीडियो भी जारी किया है। इसमें ट्रंप को मैक्रों के साथ बैठकर दस्तावेज पर हस्ताक्षर करते देखा जा सकता है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप और ईरान के राष्ट्पति मसूद पेजेशकियन ने इस 14-सूत्रीय समझौते पर हस्ताक्षर किए।

## राज्यसभा चुनाव- झारखंड में क्रॉस वोटिंग, कांग्रेस उम्मीदवार की हार

**रांची।** झारखंड राज्यसभा चुनाव में बड़ा राजनीतिक उलटफेर देखने को मिला है। राज्यसभा की दो सीटों के लिए हुए चुनाव में एनडीए समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के उम्मीदवार बैद्यनाथ राम ने जीत दर्ज की है। वहीं कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा को हार का सामना करना पड़ा। हालांकि देर शाम तक निर्वाचन आयोग की ओर से आधिकारिक घोषणा नहीं की गई थी, लेकिन मतगणना से जुड़े सूत्रों ने दोनों उम्मीदवारों की जीत की पुष्टि कर दी। मतगणना से मिली जानकारी के अनुसार, एनडीए समर्थित प्रत्याशी परिमल नाथवानी को 30 वोट प्राप्त हुए, जिससे उनकी जीत सुनिश्चित हो गई। वहीं झामुमो उम्मीदवार बैद्यनाथ राम भी राज्यसभा पहुंचने में सफल रहे। इस तरह राज्यसभा की दो सीटों में एक सीट झामुमो और दूसरी सीट एनडीए के खाते में गई। झारखंड राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को हराकर जीत दर्ज करने वाले एनडीए समर्थित प्रत्याशी परिमल नाथवानी ने अपनी जीत पर झारखंड की जनता, विधायकों और भारतीय जनता पार्टी का आभार जताया।

## प्राकृतिक खेती ही विकसित भारत की नींव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब दुनिया वैश्विक ऊर्जा संकट और आर्थिक चुनौतियों से जूझ रही

- **योगी ने रसायनों के दुष्प्रभावों से किया आगाह**

थी, तब भारत मजबूती के साथ खड़ा रहा। अनेक देशों में महंगाई बेकाबू हुई, लेकिन भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हालात को नियंत्रित रखा और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित प्राकृतिक खेती



कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब देश का अन्नदाता किसान समृद्ध और स्वस्थ होगा। उन्होंने किसानों से रासायनिक खेती के स्थान पर प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों को लागत का न्यूनतम डेढ़ गुना मूल्य देने की व्यवस्था लागू की। इसके साथ ही सॉइल हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के माध्यम से किसानों को व्यापक सुरक्षा और सहायता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से खेती की लागत बढ़ने के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर दुष्प्रभाव पड़ रहे हैं।

## नीट री-एक्जाम तय समय पर ही, व्यापक इंतजाम

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने बुधवार को नीट-यूजी 2026 के उम्मीदवारों को भरोसा दिलाया। 21 जून को होने वाली दोबारा

- **अफवाहों पर ध्यान न दें अभ्यर्थी : एनटीए**
- **गड़बड़ी करने वालों पर होगी कार्रवाई**

परीक्षा से पहले एजेंसी ने छात्रों से शांत रहने, परीक्षा टलने की अफ़वाहों पर ध्यान न देने और अपनी तैयारी पर भरोसा रखने को कहा, क्योंकि परीक्षा में अब बहुत कम दिन बचे हैं। एक्स पर पोस्ट किए गए एक मैसेज में एजेंसी ने सीधे उम्मीदवारों से बात की। उन्होंने कहा कि परीक्षा में अब सिर्फ़ तीन दिन बचे हैं और उन्हें सलाह दी कि वे सोशल मीडिया पर चल रही अफ़वाहों के बजाय अपने परफ़ॉर्मेंस पर ध्यान दें। इसमें कहा गया कि परीक्षा तय समय पर ही होगी। परीक्षा टलने की अफ़वाहों या सोशल मीडिया पर चल रही बातों पर ध्यान न दें। सिर्फ़ एनटीए की आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें। एनटीए ने दोबारा होने वाली परीक्षा के लिए किए जा रहे व्यापक सुरक्षा और प्रशासनिक इंतज़ामों पर भी ज़ोर दिया। यह परीक्षा 3 मई को पेपर लीक होने के बाद रद्द की गई परीक्षा की जगह पर आयोजित की जा रही है। एजेंसी ने कहा कि हम आपको भरोसा दिलाना चाहते हैं कि संबंधित मंत्रालयों, राज्य सरकारों और सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर सुरक्षित और निष्पक्ष परीक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

## तीन-भाषा नीति पर अंतरिम रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, 14 जुलाई को होगी अगली सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की नई तीन-भाषा नीति के क्रियान्वयन पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। यह नीति शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 9 के विद्यार्थियों के लिए लागू की जानी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने इस मामले को पहले से लंबित समान याचिकाओं के साथ टैग कर दिया। सुनवाई के दौरान अदालत ने स्पष्ट



कहा कि इस मामले पर पहले भी विस्तृत बहस हो चुकी है, इसलिए फिलहाल किसी प्रकार की अंतरिम सुरक्षा या रोक का आदेश नहीं दिया जा सकता। यह याचिका फ्रेंड्स ऑफ पीपुल फॉर एक्टिव डेमोक्रेसी नामक गैर-सरकारी संगठन ने दायर की है। संगठन की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि वे तीन-भाषा नीति का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि इसके क्रियान्वयन के तरीके को चुनौती दे रहे हैं। सुनवाई के दौरान पीठ ने संगठन के नाम को लेकर हल्के-फुल्के अंदाज में टिप्पणी करते हुए पूछा कि क्या ऐसा नाम अदालत या लोगों के मन में भय पैदा करने के लिए रखा गया है।

## शिक्षा-रोजगार के मुद्दे पर कांग्रेस का नया अभियान

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने छात्रों और नौकरी की तलाश कर

- **राहुल गांधी की अपील-एकजुट हों युवा**

रहे युवाओं के लिए 'छात्रों की गूंज' अभियान की शुरुआत की है। उन्होंने युवाओं से इस मुहिम में बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील की है। राहुल गांधी का कहना है कि इस अभियान का मकसद शिक्षा, परीक्षा और रोजगार से जुड़ी चिंताओं को सीधे सरकार तक पहुंचाना है। सोशल मीडिया पर अपनी बात रखते हुए राहुल गांधी ने लिखा कि अगर किसी छात्र ने पेपर



लीक, परीक्षा में नकल या बहुत ज्यादा फीस का दर्द सहा है, तो यह अभियान उनके लिए है। उन्होंने कहा कि मौजूदा व्यवस्था ने कई युवाओं के सपनों को तोड़ा है। कई परिवारों ने अपनी पूरी जिंदगी की कमाई बच्चों की पढ़ाई में लगा दी है। ऐसे में छात्रों की गूंज उन सभी युवाओं की आवाज बनेगा।

## एनडीए बना 'नेशनल डिफेक्टर अलायंस' : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र सरकार पर प्रतिशोध की राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री विपक्षी दलों में फूट

- **लगाया पार्टियों को तोड़ने का आरोप**

डालने की कोशिश कर रहे हैं। रमेश ने एनडीए को नेशनल डिफेक्टर अलायंस यानी राष्ट्रीय दल-बदलु गठबंधन का नाम दिया है। उनका कहना है कि सरकार यह सब विपक्षी दलों का मनोबल तोड़ने के लिए कर रही है। जयराम रमेश ने 17 अप्रैल 2026 को लोकसभा में हुई घटना का हवाला दिया। उस दिन सरकार ने संविधान संशोधन विधेयक, परिसीमन विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए पेश किया था। संविधान संशोधन विधेयक पर हुई वोटिंग में सरकार को दो-तिहाई बहुमत नहीं मिल सका। सरकार के पक्ष में 298 वोट पड़े, जबकि विपक्ष ने इसके खिलाफ 230 वोट डाले। रमेश के अनुसार, इस हार ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को बहुत परेशान कर दिया है। उन्होंने इसे गृह मंत्री का अपमान बताया क्योंकि वे अपनी पूरी ताकत लगाने के बाद भी जरूरी आंकड़ा नहीं जुटा पाए। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि अब सरकार अपनी संख्या बढ़ाने के लिए दूसरे दलों को तोड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि गृह मंत्री मानसून सत्र से पहले दो-तिहाई बहुमत चाहते हैं ताकि वे संसद का विशेष सत्र बुला सकें। रमेश ने कहा कि 16 अप्रैल को भी इसी उम्मीद में विशेष सत्र बुलाया गया था, लेकिन विपक्ष की एकता की वजह से सरकार को केवल 298 वोट ही मिल सके। उन्होंने इसे लोकतंत्र और संविधान पर हमला करार दिया। रमेश ने गृह मंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि जिस कुर्सी पर कभी सरदार पटेल बैठते थे, आज वहां बैठकर ऐसी राजनीति की जा रही है।

## मानव विशेषज्ञों ने बनाई बढ़त

**नई दिल्ली।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने हाल के वर्षों में गणितीय समस्याओं को हल करने की अपनी क्षमता से दुनिया को चौंकाया है, लेकिन शोध स्तर की कठिन गणितीय चुनौतियों पर उसकी सीमाएं स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। एक



अत्यंत कठोर परीक्षण में शीर्ष एआई प्रणालियां अनुभवी गणितज्ञों के प्रदर्शन की बराबरी नहीं कर सकीं। फर्स्ट प्रूफ नामक इस पहल के तहत एआई मॉडल्स को ऐसे गणितीय प्रश्न दिए गए जो पहले

- **एआई मॉडल्स को दिए गए अनदेखे गणितीय प्रश्न**
- **कई का समाधान नहीं खोज सके सिस्टम**

कभी प्रकाशित नहीं हुए थे और जिनका मूल्यांकन संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञ गणितज्ञों ने किया। परिणामों में दिखा कि एआई में उल्लेखनीय प्रगति के बावजूद मानव विशेषज्ञता अभी भी बढ़त बनाए हुए है। विज्ञान पत्रिका नेचर में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार फर्स्ट प्रूफ परियोजना का उद्देश्य यह परखना है कि एआई जटिल और शोध-स्तरीय गणितीय समस्याओं को किस हद तक हल कर सकता है।

यह अध्ययन ऐसे समय सामने आया है जब एआई गणित में कई उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज कर चुका है। हाल ही में ओपनएआई के एक चैटबॉट ने प्रसिद्ध गणितज्ञ पॉल एर्डोश द्वारा प्रस्तावित लगभग 80 वर्ष पुरानी गणितीय चुनौती का समाधान खोजकर शोध समुदाय का ध्यान आकर्षित किया था। इसके बावजूद फर्स्ट प्रूफ के नतीजे बताते हैं कि शोध स्तर पर एआई की क्षमता अभी भी असमान है। परियोजना से जुड़े शोधकर्ताओं का मानना है कि भविष्य में ऐसे परीक्षण यह समझने में मदद करेंगे कि गणितज्ञों के लिए एआई कितना उपयोगी सहायक बन सकता है।

## एयर फोर्स अफसर की पत्नी से रेप में मौलाना गिरफ्तार

**नागपुर।** नागपुर में एयरफोर्स अफसर की पत्नी से रेप, काला जादू और जबरन धर्मांतरण मामले में एक मौलाना को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 24 साल की महिला ने 12 जून एफआईआर में आरोप लगाया था कि उसे नशीला पदार्थ देकर रेप और ब्लैकमेल किया गया। फिर जबरन शादी और धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया गया। हजरत नाम के मौलाना पर महिला के ऊपर काला जादू और धर्मांतरण करने का आरोप है। आरोपी मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के तामिया का रहने वाला है। मौलाना की तलाश में कई टीमें लगाई गई थीं। दबाव बढ़ने पर बुधवार रात उसने सरेंडर कर दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड मांगा जाएगा।

## उद्धव गुट के 6 सांसदों ने शिंदे को माना अपना नेता

**नई दिल्ली।** शिवसेना (यूबीटी) के लिए स्थिति और भी खराब होती दिख रही है। क्योंकि उसके नौ लोकसभा सांसदों में से छह ने गुरुवार को यहां संसदीय दल की बैठक में भाग नहीं लिया। जिससे यह संकेत मिलता है कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ शिवसेना में औपचारिक रूप से शामिल होना केवल समय की बात हो सकती है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद अरविंद सावंत, अनिल देसाई और राजभाऊ वाजे, पार्टी के इकलौते राज्यसभा सांसद संजय राउत के साथ बैठक में शामिल हुए। शेष छह सांसदों की अनुपस्थिति ने पार्टी के संसदीय खेमे में विभाजन की पुष्टि कर दी। बैठक में शामिल नहीं होने वाले सांसदों में नागेश अष्टिकर, संजय देशमुख, संजय जाधव, संजय दीना पाटिल, ओमप्रकाश राजेनिम्बलकर और भाऊसाहेब वाकचौरे शामिल हैं।

## दिल्ली में नौकरानी की बेरहमी से हत्या

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के अमर कॉलोनी थाना क्षेत्र में एक महिला की हत्या का मामला सामने आया है। माउंट कैलाश इलाके की एक इमारत की छत पर 45 वर्षीय महिला का शव खून से सना हुआ मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, घटना की जानकारी मिलते ही अमर कॉलोनी थाने की टीम, कालकाजी एसीपी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। जांच के दौरान बिल्डिंग की छत पर महिला का शव बरामद हुआ। महिला के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे और आसपास खून फैला हुआ था। मृतका की पहचान मीना (45) के रूप में हुई है।

**पहल** — छींटाकशी से खेल छोड़ रही थीं लड़कियां, मेघा की कोशिश से 40000 जुड़ीं

# दुनियाभर में सकारात्मक बदलाव ला रहे दूरदर्शी लीडर्स

**न्यूयॉर्क।** 'टाइम' मैगजीन ने पहली बार 'विजनरीज' की सूची जारी की है, जिसमें अमेरिकी बच्चों के उज्जवल भविष्य और उनकी क्षमता को निखारने के लिए काम कर रहे लीडर्स को शामिल किया है। सूची में लड़कियों के खेल अधिकारों के लिए लड़ रहीं भारतवंशी मेघा समेत शिक्षा व मानसिक स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में बदलाव लाने वाले 14 चेहरे शामिल हैं। इनमें कुछ चुनिंदा लीडर्स ये हैं।

**मेघा रामनाथन - खेल में जेंडर असमानता दूर करने का मिशन**

को-एड तैराकी टीम में लड़कों की लैंगिक टिप्पणियों से परेशान साथी लड़कियां स्पोर्ट्स छोड़ने लगीं, तो



मेघा ने इसे बदलने की ठानी। उन्होंने 'GirlsySports' की नींव रखी, जो खेल क्षेत्र में जेंडर असमानता के खिलाफ दुनिया का सबसे बड़ा युवा-नेतृत्व वाला संगठन है। मेघा की इस पहल से भारत समेत 23 देशों की करीब 40 हजार लड़कियां खेलों से जुड़ पाईं।

**सारा शेल्के - 25 हजार साथियों के जरिए तनाव से जंग**

परिवार के एक सदस्य को डिप्रेशन से जूझते देख सारा ने मानसिक स्वास्थ्य संकट पर काम शुरू किया। उनका संगठन 71 देशों में 25 हजार से ज्यादा वॉलंटियर्स के साथ काम कर रहा है।

**ब्रायन गैरेट - वंचित युवाओं को कॉरपोरेट जगत से जोड़ रहे**

अपनी गैर लाभकारी संस्था से वंचित समुदायों के स्कूली छात्रों को जेपी मॉर्गन और टारगेट जैसी कंपनियों में पेड इंटर्नशिप दिला रहे हैं। इनकी संस्था जेनेसिस वर्क्स 14 हजार से ज्यादा युवाओं की जिंदगी बदल चुकी है। यहां से निकले 90 प्रतिशत छात्र कॉलेज जाते हैं और आम अमेरिकी युवाओं से बेहतर सैलरी पाते हैं। अब लक्ष्य एआई के दौर में मौके बढ़ाना है।

**चाड हाउसर - अनूठे कैफे से बदली 1700 युवाओं की जिंदगी**

जेल से छूटे किशोरों के लिए अनोखा गैर-लाभकारी रेस्त्रां 'कैफे मोमेंटम' शुरू किया है। यहां इन्हें एक साल पेड इंटर्नशिप के साथ कुकिंग, मेंटल हेल्थ व पढ़ाई से जुड़ी मदद दी जाती है। इससे किशोरों का दोबारा अपराध से जुड़ने का ग्राफ 50 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत रह गया है। 1700 युवाओं की जिंदगी बदलने पर 'ह्यूमैनिटेरियन ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से भी नवाजे गए हैं।

**एंजेला फेरेल - बंदूक हिंसा के खिलाफ एकजुट करने में जुटीं**

अमेरिका में बच्चों की मौत की सबसे बड़ी वजह बंदूक हिंसा है। इसके खिलाफ देशव्यापी अभियान 'मॉम्स डिमांड एक्शन' चला रही हैं। इनकी कोशिशों से कोर्ट के जरिए अवैध और बिना लाइसेंस वाली 'घोस्ट गन' बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी बंद हुई। वे स्थानीय स्तर पर लोगों को गन के सुरक्षित रखरखाव के प्रति जागरूक भी कर रही हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### किशोरी से छेड़छाड़ का आरोप, नामजद तहरीर

**तमकुहीराज कुशीनगर।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के एक गांव में गन्ने के खेत में चारा काटने गई किशोरी के साथ कथित छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने गांव के ही एक युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को नामजद तहरीर दी है। पुलिस को दिए शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि बुधवार की शाम करीब पांच बजे उनकी नाबालिग लड़की गन्ने के खेत में चारा काटने गई थी। इसी दौरान गांव का युवक वहां पहुंच गया और कथित रूप से उसका मुंह दबाकर हाथ-पैर बांध दिए तथा जबरन छेड़छाड़ करने का प्रयास किया।तभी किशोरी के शोर मचाने पर उसकी छोटी बहन वहा पहुची तबतक आरोपी मौके से फरार हो गया।उसने अपने बड़ी बहन को हाथ पैर बाधा देख शोर मचाई।और अपनी बहन का हाथ,पैर को खोली।शोर शुनककर और भी लोग आ गए और गन्ने की तलासी करने लगे लेकिन आरोपी वहा से भाग गया था। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। पीड़ित परिवार ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में तुर्कपट्टी थानाध्यक्ष आलोक यादव ने बताया कि शिकायत मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है तथा जांच के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### गैर-जमानती वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिन्दुरियां।** स्थानीय पुलिस ने एक गैर जमानती वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही विधिक कार्रवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया। इस दौरान सिन्दुरिया थानाध्यक्ष विशाल कुमार शुक्ला ने बताया कि उनके नेतृत्व में उप निरीक्षक मिथलेश कुमार, का.कृष्ण कुमार मौर्य एवं म.का. सुमिता की टीम ने थाना क्षेत्र के ग्रामसभा सिन्दुरिया टोला मुरलीबारी निवासी 37 वर्षीय सरवन गुप्ता पुत्र पतरू गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्रवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गये व्यक्ति के विरुद्ध न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट / सिविल जज (सीनियर डिवीजन), द्वारा निर्गत गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था।

### दीवान का गाली देते वीडियो प्रसारित

**चौराखास/ कुशीनगर।** स्थानीयथाना पर तैनात एक दीवान का बिजली संविदा कर्मी को गाली देते हुए वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। बड़हरा चौराहे का यह मामला सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। रात करीब 2 बजे बिजली फाल्ट ठीक करने जा रहे संविदा कर्मियों को दीवान और दो होमगार्डों ने बिना एसआई की मौजूदगी के रोक लिया और गाड़ी चेकिंग के नाम पर अभद्रता की। वीडियो में दीवान नशे की हालत में गाली-गलौज करते हुए यह कहते सुना जा रहा है कि ÷लोगों की माँ-बहन करने के लिए ही ड्यूटी करता हूं÷। वीडियो में दीवान पत्रकारों के लिए भी अपशब्द बोलता नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दीवान रात में चौराहे से आने-जाने वाले लोगों को रोककर परेशान करता है और अवैध वसूली भी करता है। रात 2 बजे आपात ड्यूटी पर जा रहे बिजली कर्मी से दुर्व्यवहार के बाद लोग दीवान की हरकत से पुलिस की छवि पर सवाल उठा रहे हैं। वायरल वीडियो पर सीओ तमकुहीराज जयंत कुमार यादव ने कहा कि ÷दीवान का वीडियो संज्ञान में आया है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।पुलिस में इस तरह का आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### विकसित भारत संकल्प सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित

**कुशीनगर।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा राजघराना रिसार्ट कसया में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रमापति राम त्रिपाठी और विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह शामिल हुए।

मुख्य अतिथि डॉ रमापति राम त्रिपाठी ने विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए मोदी सरकार के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण के ऐतिहासिक 12 वर्षों की उपलब्धियों एवं विकास यात्रा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि 12 वर्ष पूर्व प्रत्येक गांव में 60 प्रतिशत से अधिक घर छप्पर के होते थे,लोग अपने बच्चों को शिक्षा नहीं दिला पाते थे।

डा रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि हम रक्षा, आर्थिक, शिक्षा के क्षेत्र



में, अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़े हैं।नारी सशक्तिकरण की दिशा में परिवर्तनकारी कार्य हुए हैं, ज्ञान के क्षेत्र में एक नंबर,बल के क्षेत्र में अजेय और धन के क्षेत्र में दुनिया की चौथी शक्ति है। उन्होंने दोहराया कि यह परिवर्तन विगत 12 वर्ष में हुआ है ।अंतिम व्यक्ति का उत्थान हमने शत-प्रतिशत किया है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक मात्र पार्टी है जिसका निर्माण सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं हुई थी।देश की एकता और अखंडता के लिए एक जन एक देश की अवधारणा पर हुआ था ।हम जाति की पार्टी नहीं चलाते हैं हम सर्वसमाज की बात करते हैं और सबको सम्मान देते हैं। विशिष्ट अतिथि राज्य सभा सांसद आरपीएन सिंह ने कहा कि विगत 12 वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की विरासत और विकास को नई समृद्धि प्रदान किया है । हमारी विदेश नीति ने मजबूर देश से मजबूत देश के रुप में उभरा है,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी हिन्दुस्तानीयो को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है । प्रबुद्ध समाज ही देश बदलने की ताकत रखता है। प्रबुद्ध समाज का दायित्व है कि देश समृद्धि और सुनहरे भविष्य के लिए आगे आए और 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने में अपना योगदान दें। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने विकास के कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, जो देश के हर वर्ग के लिए लाभकारी सिद्ध हुए हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी को मिलकर देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। संचालन जिला महामंत्री रामगोपाल गुप्ता ने किया।पूर्व जिलाध्यक्ष जगदम्बा सिंह, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष किरन जायसवाल, राधेश्याम गोंड, राजेश शुक्ला, अविनाश शुक्ल,महेश कर्णधार, हरिन्द्र चौरसिया,हाकिम सिंह,अमिताभ जी, राकेश जी, रामविलास राव, एडवोकेट ओमप्रकाश पाण्डेय,अभिमन्यु मिश्र, अम्बरीष चौबे, मनोज पाण्डेय, दिनेश तिवारी, राकेश जायसवाल सहित कार्यक्रम में जिले पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, मण्डल प्रभारी, मण्डल अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख समेत बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# टेट अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के देशव्यापी आह्वान पर गुरुवार को जिले के परिषदीय शिक्षकों ने टेट की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर बीएसए कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला। प्रदर्शन में जिले भर से पहुंचे 500 से अधिक शिक्षक शामिल हुए। शिक्षकों ने मुख्यमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री व प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपकर कार्यरत शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता से मुक्त करने की मांग की।

जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम वैभव मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। एडीएम ने ज्ञापन प्राप्त कर उचित माध्यम से प्रधानमंत्री तक मांग पहुंचाने का आश्वासन दिया। महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि बड़ी संख्या में शिक्षक 20 से 25 वर्षों से सेवा दे रहे हैं तथा नियुक्ति के समय उन्होंने तत्कालीन नियमों के अनुरूप सभी निर्धारित शैक्षिक व प्रशिक्षण




संबंधी अर्हताएं पूरी की थीं। इसके बावजूद अब टेट परीक्षा की अनिवार्यता से हजारों शिक्षकों के समक्ष सेवा संबंधी संकट खड़ा हो गया है। उनका कहना था कि लंबे समय से शिक्षा व्यवस्था में योगदान दे रहे शिक्षकों के अनुभव व सेवा का सम्मान किया जाना चाहिए। मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ल ने कहा कि दशकों से अध्यापन कार्य कर रहे वरिष्ठ व बुजुर्ग शिक्षकों के लिए टेट परीक्षा अनिवार्य करना उचित नहीं है। जिलाध्यक्ष अविनाश शुक्ला ने कहा कि कार्यरत शिक्षकों के पक्ष में आवश्यक कदम उठाकर उन्हें न्याय दिलाया जाना चाहिए। कार्यवाहक महामंत्री दिलीप पांडेय ने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे पुराने शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता से मुक्त किया जाना चाहिए।

महासंघ पदाधिकारियों ने बताया कि संगठन के आह्वान पर देशभर में जिला मुख्यालयों पर एक साथ प्रदर्शन व ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान दिलीप सिंह, अनिरुद्ध त्रिपाठी, महेश कर्णधार, अमिताभ त्रिपाठी, हरेंद्र चौरसिया, नागेंद्र तिवारी, श्याम सुंदर तिवारी, अनूप गुप्ता, संजय मिश्र, सुशीला पाण्डेय, दुदही के अध्यक्ष उदय सिंह, केशव गोविंद राव, राहुल उपाध्याय, राकेश मणि, रवि राय, संदीप तिवारी, संतोष गौड़, राजेश तिवारी, श्रीधर पांडे, गोपेश्वर पटेल, अरुण गोविंद राव, सुधीर श्रीवास्तव, शंकर दयाल पाठक, प्रेमचंद गौतम, विजय सोनकर, प्रभुनाथ सिंह, सुधीर उपाध्याय, रामानुज शुक्ल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# प्राकृतिक खेती व श्रीअन्न की खेती पर दिया गया जोर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कुशीनगर।** कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार, में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय राज्यमंत्री राजेश्वर सिंह, उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम तथा अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।



राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने हेतु उन्नत बीज, आधुनिक कृषि तकनीक, कृषि यंत्रीकरण एवं वैज्ञानिक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कृषकों से विभागीय योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

अपर जिलाधिकारी, द्वारा किसानों की समस्याओं को सुनते हुए फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित कठिनाइयों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

गोष्ठी में कृषि विभाग के अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों द्वारा खरीफ फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक सुश्री श्रुति वर्मा ने श्रीअन्न (मिलेट्स) की खेती पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कोदो, सांवा, बाजरा एवं रागी की वैज्ञानिक खेती, प्रबंधन, कटाई एवं भंडारण की विधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि श्रीअन्न पोषण से भरपूर होने के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं पर्यावरण दोनों के लिए लाभकारी है।

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने कृषकों को कृषि की नवीन तकनीकों, उन्नत प्रजातियों तथा आगामी सीजन में विभिन्न प्रकार की सब्जियों के पौधों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी दी। डॉ. वेंकट अमन पांडेय ने प्राकृतिक खेती के महत्व, जैविक संसाधनों के उपयोग तथा रासायनिक लागत को कम कर खेती को अधिक लाभकारी बनाने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी।

उप कृषि निदेशक ने खरीफ फसलों की समय से बुवाई, गुणवत्तायुक्त बीजों के प्रयोग तथा उत्पादन लागत कम करने के उपायों पर प्रकाश डालते हुए किसानों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना तथा उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, जनपद स्तरीय अधिकारी, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में कृषक बंधु उपस्थित रहे।

# गायब मोबाइल पाकर धारकों में हर्ष

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**महराजगंज।** पुलिस ने तकनीकी दक्षता और प्रभावी कार्यशैली का परिचय देते हुए सर्विलांस सेल की मदद से खोए हुए 105 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द कर दिया। बरामद मोबाइल फोनों की अनुमानित कीमत करीब 31 लाख रुपये बताई गई है।

जनपद में खोए मोबाइल फोनों की बरामदगी के लिए चलाए गए विशेष अभियान के तहत सर्विलांस सेल ने सीईआईआर पोर्टल, आईएमईआई नंबर आधारित ट्रैकिंग तथा आधुनिक तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर विभिन्न कंपनियों के स्मार्टफोन तलाश किए। पिछले तीन महीनों में जनपद पुलिस अब तक कुल 307 मोबाइल फोन बरामद कर चुकी है, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 90 लाख रुपये है।

मोबाइल बरामद होने के बाद सभी संबंधित स्वामियों को बुलाकर




आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी करते हुए उनके मोबाइल फोन वापस सौंप दिए गए। लंबे समय बाद अपना मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने महराजगंज पुलिस का आभार व्यक्त किया।

इस सफलता पर सर्विलांस टीम की सराहना करते हुए कहा गया कि जनता की छोटी से छोटी समस्या का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। नागरिकों से अपील की गई कि मोबाइल चोरी या गुम होने की स्थिति में तत्काल नजदीकी थाने अथवा सर्विलांस सेल में शिकायत दर्ज कराएं।

बरामदगी करने वाली सर्विलांस टीम में कंस्टेबल ग्रेड-बी सुशील सिंह, कंस्टेबल ग्रेड-बी शिवानंद पासवान, मुख्य आरक्षी मोहम्मद कुतुबुद्दीन, राजकुमार राजभर, आलोक पाण्डेय, आरक्षी सुधीर यादव, सूरज गुप्ता, नीरज कुमार गोंड सहित जनपद की समस्त सीईआईआर टीम के कर्मचारी शामिल रहे।

### मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक

**सिन्दुरियां।** गुरुवार को नायब तहसीलदार सदर देश दीपक त्रिपाठी की अध्यक्षता में मोहर्रम त्योहार के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान नायब तहसीलदार सदर देश दीपक त्रिपाठी ने शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी गयी। साथ ही आपसी सौहार्द, शांति एवं भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील किये। इसी क्रम में थानाध्यक्ष सिन्दुरियाविशाल कुमार शुक्ला ने कहा कि सभी तजियादार ताजिया की ऊचाई अधिकतम 10 फिट तक ही रखेंगे। साथ ही ताजिया लें जाने का कोई नया रास्ता नहीं बनेगा। वरिष्ठ उप निरीक्षक योगेंद्र कुमार ने कहा कि अगर किसी भी ताजियादार को किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो वह तत्काल मामले की जानकारी टेलीफोन के माध्यम से या स्वयं आकर दे सकते हैं। पुलिस तत्काल उनकी समस्या का समाधान करायेगी।

# भूमि विवाद में एसओ पर कब्जा दिलाने का आरोप

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कुशीनगर।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के दोघरा निवासी ओमप्रकाश पांडेय ने भूमि विवाद के मामले में तुर्कपट्टी थानाध्यक्ष पर विपक्षी पक्ष के प्रभाव में कार्य करने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अपने हिस्से की भूमि को सुरक्षित रखने की मांग की है। बाद में उन्होंने मामले को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर उठाया, जिस पर कुशीनगर पुलिस ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

?पीड़ित ने डीएम को दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि उनके पिता वीरेंद्र पांडेय के नाम दर्ज संक्रमणीय भूमि को लेकर विपक्षी ने चकबंदी न्यायालय में वाद दायर कर रखा है। उनका आरोप है कि बैनामा व वरासत के आठ दशक बाद नाम कटवाने के उद्देश्य से न्यायालय में मुकदमा किया गया है। मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद निर्णय से पूर्व ही स्थानीय पुलिस के माध्यम से उनकी भूमि पर अनाधिकार कब्जा कराने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार उनके पिता की उम्र लगभग 68 वर्ष है तथा वह अस्वस्थ रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि विपक्षी पक्ष के प्रभाव में आकर स्थानीय थाना उनकी जोत में हस्तक्षेप करा रहा है। इससे विवाद की स्थिति बनी हुई है तथा कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है। उन्होंने डीएम से अपने हिस्से की भूमि को अनाधिकार कब्जे के प्रयास से सुरक्षित कराने की मांग की है। प्रार्थना पत्र की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक को भी प्रेषित की गई है।

### आलोक का भारतीय तेल निगम में चयन, खुशी

**मिठौरा।** भाजपा के मिठौरा मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा के पुत्र आलोक शर्मा का चयन भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन भारतीय तेल निगम लिमिटेड (इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड) में सहायक



अभियंता के पद पर हुआ है। राष्ट्रीय स्तर की इस सफलता से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री व प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया, जिपं अध्यक्ष रविकांत पटेल, जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, संतोष सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरधारी गुप्ता, शैलेष पाण्डेय, दीपक पाण्डेय सहित क्षेत्र के सम्मानित जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी।

# कॉमन योगा का किया गया अभ्यास

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**संत कबीर नगर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले योगाभ्यास के क्रम में आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयुर्वेद एवं यूनानी विभाग के द्वारा नगर पंचायत मगहर में योग शिविर का आयोजन किया गया।

यह जानकारी देते हुए योग प्रशिक्षक राम मोहन पाल ने बताया कि शिविर में आए हुए योग साधकों को योग दिवस प्रोटोकॉल के अनुसार सर्वाइकल के लिए गर्दन के अभ्यास ताड़ासन वृक्षासन त्रिकोणासन वज्रासन शशकासन उत्तान मण्डूकासन उष्ट्रासन कमर दर्द के लिए भुजंगासन, सायटिका के लिए सलभासन, गैस कब्ज के लिए पवनमुक्तासन, अनुलोम विलोम, मानसिक रोगों के लिए भ्रामरी आदि योगाभ्यास कराया गया ।

इसी क्रम में योग प्रशिक्षिका गीता देवी ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ और मन शान्त रहता है अतः इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य समस्त मानव कल्याण है।

शिविर में मुख्य रूप से डॉ कुमार श्रीवास्तव, कृष्ण चंद्र प्रताप सैनी, संजय दुबे, विशाल वर्मा, विशाल राज सिंह, रामकिशन पासवान, इंद्रजीत यादव, अजय



गौरव त्रिपाठी, अभिषेक कुमार गुप्ता, बीना देवी पाण्डेय, कृष्ण चन्द्र चौरसिया, अमरजीत, नूरुज्जमा अंसारी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, अवधेश सिंह,अतुल निषाद, अहमद आलम, अमरेंद्र कुमार, विकास कुमार, राकेश कुमार, प्रदीप पासवान, रवि प्रकाश पाण्डेय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# श्रमिकों के साथ हो रहा अन्याय : राहुल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बस्ती।** भारतीय मजदूर संघ जिला कार्यसमिति बस्ती के नेतृत्व में गुरुवार को कर्मचारियों, श्रमिकों, संविदा कर्मियों, आशा, आंगनबाड़ी, सफाई कर्मियों, एनएचएम कर्मचारियों, रोडवेज कर्मियों, ई-रिक्शा एवं ऑटो चालकों सहित विभिन्न वर्गों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित 21 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में आठवें वेतन आयोग को लागू करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, संविदा एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के लिए नियमावली बनाने, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाने, एनएचएम कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की गई।

विभाग प्रमुख अशोक सिंह ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ राष्ट्रहित और श्रमिक हितों को सर्वोपरि मानकर कार्य करता है।

संरक्षक उमेश चन्द्र मिश्र ने कहा



कि लगातार बढ़ती महंगाई ने श्रमिकों और कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर दिया है। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने कहा कि लंबे समय से लंबित मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है। समाधान नहीं होने पर संगठन व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

जिला मंत्री राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि आशा, आंगनबाड़ी, एनएचएम, संविदा, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों समेत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। सरकार को सामाजिक सुरक्षा, नियमितीकरण और सम्मानजनक मानदेय सुनिश्चित करना चाहिए। संयुक्त एनएचएम के मंडल संयोजक संजय पांडेय ने कहा कि कर्मचारियों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जिला संयोजिका अनीता चौधरी ने कहा कि सरकार को महिला कर्मियों के हितों की रक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

इस दौरान उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ज्ञांती सिंह, नगर पालिका कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शुभम शेखर यादव, ई-रिक्शा एवं ऑटो चालक संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र प्रताप सिंह, निरंकुश शुक्ला, अजय तिवारी, अवनीश श्रीवास्तव, रवींद्र चौधरी, रोहित पटेल, बृजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में एनएचएम, रोडवेज, ग्रामीण बैंक, नगरपालिका, को ऑपरेटिव बैंक सहित विभन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बैठक में शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**महराजगंज।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं पारंपरिक भाईचारे के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल एवं पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी की संयुक्त अध्यक्षता में जनपद स्तरीय पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों, ताजियादारों तथा अखाड़ा समितियों के पदाधिकारियों के साथ संवाद स्थापित कर त्योहार को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे ताजिया जुलूस के पारंपरिक मार्गों का स्वयं निरीक्षण करें। साथ ही जुलूस मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति और शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। किसी भी प्रकार की भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली पोस्ट या अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। मोहर्रम पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क और तैयार है। किसी भी असामाजिक तत्व द्वारा कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों से अपील की गई है।





# नवागत आभा को मिला सीओ कैंट का प्रभार

## अरुण कुमार एस को मिला सीओ लाइन का प्रभार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** जनपद में पुलिस महकमे में आंशिक फेरबदल करते हुए 2016 बैच की पीपीएस अधिकारी नवागत आभा सिंह को कैंट सर्किल का क्षेत्राधिकारी (सीओ) नियुक्त किया गया है। वहीं सहायक पुलिस अधीक्षक अरुणकुमार एस को सीओ लाइन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया यह फेरबदल प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



आभा सिंह मूल रूप से सुल्तानपुर की निवासी हैं और गोरखपुर में उनकी यह नई तैनाती है। इससे पूर्व वह झांसी और महाराजगंज जनपद में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण में सक्रिय भूमिका निभाई है। उनके कार्यों को देखते हुए उन्हें एक जिम्मेदार और सक्षम अधिकारी के रूप में जाना जाता है।

वहीं सहायक पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार एस को सीओ लाइन का प्रभार दिया गया है। पुलिस लाइन में प्रशासनिक व्यवस्था, प्रशिक्षण और अनुशासन से जुड़े कार्यों का संचालन उनके जिम्मे रहेगा। पुलिस विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह आंशिक फेरबदल प्रशासनिक व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया गया है। इससे जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी।

# शिक्षकों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की गोरखपुर जनपद इकाई के आह्वान पर सेवारत शिक्षकों ने गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर टीईटी अनिवार्यता के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत शिक्षकों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।



महासंघ के जिला संयोजक जय प्रकाश महरोत्रा ने कहा कि सेवारत शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता थोपने का कोई भी प्रयास स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि टीईटी अनिवार्यता को समाप्त कराने के लिए देशभर के शिक्षक एकजुट होकर संघर्ष करेंगे। साथ ही सरकार से मांग की कि किसी भी नई व्यवस्था को लागू करने से पूर्व शिक्षकों के सेवा अधिकारों और हितों का पूर्ण संरक्षण सुनिश्चित किया जाए।

मंडल अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शासन को सेवारत शिक्षकों की सेवा, वरिष्ठता, पदोन्नति तथा अन्य सेवा संबंधी लाभों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जिला सह-संयोजक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार से शिक्षकों को राहत प्रदान करने के लिए आवश्यक संशोधन अथवा विशेष प्रावधान लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि टीईटी अनिवार्यता लागू होने की स्थिति में किसी भी शिक्षक के हित प्रभावित नहीं होने चाहिए।

महासंघ पदाधिकारियों ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर प्रदेश के हजारों शिक्षक चिंतित हैं। सरकार को शिक्षकों के हितों की रक्षा करते हुए सकारात्मक एवं न्यायोचित निर्णय लेना चाहिए।

प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रम में महेंद्र कुमार पटेल, विजय बरनवाल, बृजनंदन यादव, अवनीश कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# विद्यालय की बाउंड्रीवाल को लेकर नोटिस जारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बड़हलगंज।** नगर पंचायत के नानाजी देशमुख नगर वॉर्ड स्थित शबनम मेमोरियल इंटर कॉलेज के बाउंड्री वॉल को पीछे हटाने को लेकर नगर पंचायत प्रशासन ने स्कूल को नोटिस भेजा है।

बुधवार को नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने शबनम इंटर कॉलेज के गली में विधायक निधि द्वारा चल रहे सड़क व आरसीसी निर्माण में अवरुद्ध बन रहे स्कूल के बाउंड्रीवाल को पीछे करने हेतु विद्यालय को नोटिस जारी किया है। गौरतलब है कि स्कूल के गली वाली सड़क काफी जर्जर थी, नाले के न होने के कारण स्थानीय मोहल्ले वासियों को जलनिकाशी को लेकर काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था, जिसको लेकर मोहल्ले वासियों ने नगर चेयरमैन व विधायक से सड़क व नाली का निर्माण कराने की मांग की थी। विधायक निधि द्वारा सड़क के निर्माण की संस्तुति के बाद मंगलवार को मोहल्ले वासियों ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर शबनम इंटर कॉलेज के बाउंड्री वॉल तथा अन्य लोगों के सीढ़ी व बेदी को अतिक्रमण करने का आरोप लगाते हुए अतिक्रमण को हटाने और सड़क को चौड़ीकरण कराकर निर्माण कराने की मांग किया था। जिसपर बुधवार को ईओ रामसमुख ने विद्यालय को बाउंड्री वॉल हटाने का नोटिस भेजा है। स्थानीय इरशाद, जुगनू, राजेश सोनकर, पप्पू यादव, गणेश आदि का कहना है कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर है, विद्यालय के प्रबंधन तंत्र को स्वयं संज्ञान लेकर सड़क के चौड़ीकरण में आगे आना चाहिए, विद्यालय की ही कई गाड़ियां हमेशा आती जाती रहती हैं, जिससे विद्यालय के साथ साथ स्थानीय लोगों को भी फायदा मिलेगा।

# बसपा कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** बहुजन समाज पार्टी, गोरखपुर जनपद की एक आवश्यक बैठक पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदीप निषाद, जिला संयोजक गोरखपुर ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री हरि प्रकाश निषाद, मंडल संयोजक तथा विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र भारती उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि हरि प्रकाश निषाद ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी का गठन वर्ष 1984 में मान्यवर कांशीराम साहब द्वारा सामाजिक परिवर्तन एवं आर्थिक मुक्ति के मिशन को लेकर किया गया था। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी के गठन से पहले पिछड़े वर्ग की राजनीतिक भागीदारी और हिस्सेदारी लगभग नगण्य थी। बहुजन समाज पार्टी ने पिछड़े, दलित, आदिवासी एवं अन्य वंचित वर्गों को राजनीतिक चेतना प्रदान करने का कार्य किया तथा उन्हें सत्ता और शासन में सम्मानजनक भागीदारी दिलाने का काम किया।

उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी ही वह पार्टी है जिसने सर्वसमाज के गरीब, शोषित और उपेक्षित वर्गों को राजनीतिक रूप से जागरूक कर उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पिछड़ा वर्ग एकजुट होकर बहुजन समाज पार्टी को मजबूत करेगा और बहुजन समाज पार्टी के पक्ष में मतदान कर जनविरोधी नीतियों का लोकतांत्रिक जवाब देगा। विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र भारती ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर, छत्रपति शाहूजी महाराज, महात्मा ज्योतिबा फुले एवं मान्यवर कांशीराम साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रदीप निषाद ने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमरेश चंद्र भारती, प्रेम सागर निषाद, राजेंद्र कुमार, राजेंद्र प्रसाद, सुरेंद्रनाथ गॉड, देवकी नंदन, महेंद्र विश्वकर्मा, सुशील भारती, अरविंद सिंह सहतवार, रवि प्रकाश गौतम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शादी न होने से नाराज बेटे ने की पिता की हत्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** गुलरिहा थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां शादी न होने से नाराज एक युवक ने अपने ही पिता की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी छत पर चढ़ गया और जोर-जोर से चिल्लाकर खुद ही अपने जुर्म का ऐलान करने लगा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया।

घटना जंगल अयोध्या प्रसाद नौका टोला की है। यहां के निवासी ब्रम्हदेव कन्नौजिया (50) किसान थे। परिवार में उनके तीन बेटे हैं—सोनू, गोलू और मोहन। बड़ा बेटा सोनू शादीशुदा है, जबकि गोलू और मोहन अविवाहित हैं। घटना के समय घर पर ब्रम्हदेव, उनकी बहू चंदा देवी और मंझला बेटा गोलू मौजूद थे। अन्य दोनों बेटे केरल में काम करते हैं।



पुलिस के अनुसार 25 वर्षीय गोलू अपनी शादी को लेकर काफी समय से परेशान था और पिता पर लगातार दबाव बना रहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। बुधवार रात भी पिता-पुत्र ने साथ में भोजन किया, जिसके बाद गोलू ने फिर शादी की बात उठाई। इस पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई।

विवाद के बाद ब्रम्हदेव घर के बाहर चारपाई पर सोने चले गए, जबकि गोलू छत पर चला गया। रात करीब 2 बजे गोलू नीचे उतरा और सो रहे पिता पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि उसने पिता के सिर पर करीब 12 वार किए, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

हत्या के बाद आरोपी फिर छत पर चढ़ गया और चिल्लाने लगा—÷मैंने अपने पिता को मार डाला, वह मेरी शादी नहीं करा रहे थे।÷ उसकी आवाज सुनकर पड़ोसी जाग गए और मौके पर पहुंचे। वहां का दृश्य देख लोग सन्न रह गए—चारपाई पर खून से लथपथ ब्रम्हदेव का शव पड़ा था।

स्थानीय लोगों के अनुसार आरोपी गोलू मानसिक रूप से कुछ समय से बीमार चल रहा था। करीब दो महीने पहले उसकी मां की भी मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद वह अवसाद में रहने लगा था। पिता ही उसकी देखभाल करते थे और इलाज भी चल रहा था, लेकिन शादी को लेकर वह लगातार तनाव में था।

सूचना मिलते ही गुलरिहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं।

थानाध्यक्ष जगदीश प्रसाद पाल ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। प्रारंभिक जांच में उसकी मानसिक स्थिति ठीक न होने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। एक बेटे द्वारा अपने ही पिता की इस तरह हत्या किए जाने से गांव में शोक और दहशत का माहौल बना हुआ है।

## पुरस्कार के रूप में मैकेनिक को मिली बाइक

**गोरखपुर।** इंडियन ऑयल के प्रमुख ल्यूब्रिकेंट ब्रांड सर्वो द्वारा देश भर के मैकेनिकों के लिए चलाई गई सर्वो



बाइक धमाका स्कीम के विजेताओं के सम्मान में आज एक समारोह का आयोजन किया गया। विभूति खंड स्थित इंडियन ऑयल के राज्य कार्यालय में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख संजय भंडारी ने पूर्वांचल क्षेत्र के भाग्यशाली विजेता मोहम्मद इबरार को हीरो स्प्लेंडर प्लस एक्सटेक मोटरसाइकिल की चाबी सौंपी। इस अवसर पर वरिष्ठ विभागाध्यक्ष और इंडियन ऑयल के अधिकारी उपस्थित रहे।

**मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के 11 वें दीक्षांत समारोह में**

# एचपीसीएल के अध्यक्ष होंगे मुख्य अतिथि

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के 11वें दीक्षांत समारोह को हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) विकास कौशल मुख्य अतिथि के रूप में सुशोभित करेंगे। विश्वविद्यालय का 11वां दीक्षांत समारोह आगामी 5 अगस्त, 2026 को आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय की कुलाधिपति द्वारा विकास कौशल को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस संबंध में कुलाधिपति सचिवालय द्वारा विश्वविद्यालय को औपचारिक स्वीकृति पत्र प्राप्त हो गया है। ऊर्जा क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट नेता के रूप में श्री विकास कौशल का व्यापक अनुभव और नेतृत्व क्षमता विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा युवा इंजीनियरों के लिए प्रेरणास्रोत है। विश्वविद्यालय को विश्वास है कि दीक्षांत समारोह में उनका संबोधन विद्यार्थियों को अपने पेशेवर एवं व्यक्तिगत जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा। श्री विकास कौशल वर्तमान में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हैं। उन्होंने मार्च 2025 में इस पद का कार्यभार ग्रहण किया। एचपीसीएल भारत की अग्रणी महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र की ऊर्जा कंपनियों में से एक है।



श्री कौशल को ऊर्जा, तेल एवं गैस, विद्युत, नवीकरणीय ऊर्जा तथा प्रक्रिया उद्योगों में तीन दशकों से अधिक का अनुभव प्राप्त है। वे रणनीतिक नेतृत्व, संगठनात्मक परिवर्तन तथा व्यावसायिक उत्कृष्टता के लिए व्यापक रूप से जाने जाते हैं।

उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय से रासायनिक अभियांत्रिकी (केमिकल इंजीनियरिंग) में स्नातक की उपाधि प्राप्त की तथा भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), अहमदाबाद से प्रबंधन में स्नातकोत्तर (एमबीए) किया। एचपीसीएल से जुड़ने से पूर्व उन्होंने वैश्विक प्रबंधन परामर्श संस्था कीर्नी (पूर्व में ए.टी. कीर्नी) में दो दशकों से अधिक समय तक विभिन्न महत्वपूर्ण नेतृत्वकारी भूमिकाओं में कार्य किया।

वे कीर्नी इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं कंट्री हेड रहे तथा बाद में ऊर्जा एवं प्रक्रिया उद्योगों के वैश्विक प्रमुख के रूप में कार्य करते हुए दुनिया की प्रमुख ऊर्जा कंपनियों को रणनीति, ऊर्जा संक्रमण, डिजिटल परिवर्तन, परिचालन दक्षता, स्थिरता और विकास संबंधी विषयों पर परामर्श प्रदान किया।

## मोहर्रम को लेकर थाने पर हुई बैठक

**गोरखपुर।** मोहर्रम पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से चिलुआताल थाने पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सदर दीपक गुप्ता ने की, जिसमें पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों और शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में एसडीएम सदर दीपक गुप्ता ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मोहर्रम के दौरान किसी भी प्रकार की नई परंपरा की शुरुआत नहीं की जाएगी। जो भी जुलूस निकाले जाएं, वे अपने निर्धारित और पारंपरिक मार्गों पर ही निकलें। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# नगर आयुक्त ने कान्हा उपवन का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** नगर आयुक्त द्वारा प्रातः 08 बजे महेवा स्थित कान्हा उपवन गौशाला का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रभारी कान्हा उपवन एवं अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार, प्रभारी कान्हा उपवन एवं सहायक नगर आयुक्त सुरेंद्र प्रताप सिंह, पशु कल्याण अधिकारी रॉबिन चंद्रा तथा कान्हा उपवन गौशाला के संचालक आईडीएस इंटरप्राइजेज के प्रतिनिधि राजकुमार नायक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने गौशाला में पशुओं के रख-रखाव, सुरक्षा एवं सुविधाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने पाया कि बीमार एवं कमजोर गौवंश, सांड तथा छोटे बछड़ों को एक ही स्थान पर रखा गया है। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बीमार एवं कमजोर गौवंश तथा छोटे बछड़ों के लिए अलग शेड की व्यवस्था की जाए। साथ ही गायों और सांडों को भी अलग-अलग शेड में रखने के निर्देश दिए गए, ताकि पशुओं की सुरक्षा और बेहतर देखभाल सुनिश्चित की जा सके।

नगर आयुक्त ने विभिन्न शेडों के बीच बैरिकेडिंग कराने तथा गेटों को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पशुओं के लिए उपलब्ध भूसा, चोकर, हरा चारा एवं साइलेज के स्टॉक का निरीक्षण किया और पर्याप्त मात्रा में चारे का भंडारण बनाए रखने पर बल दिया।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने गौशाला परिसर में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कराने, संपूर्ण परिसर में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने, पशुओं को नहलाने के लिए प्रेशर पंप की व्यवस्था करने तथा सभी शेडों के चारों ओर टाट लगवाने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने पशु कल्याण अधिकारी एवं कान्हा उपवन गौशाला के संचालक को निर्देशित किया कि निरीक्षण के दौरान चिन्हित सभी कमियों को तत्काल दूर कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे गौवंशों को बेहतर संरक्षण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# गति ही जीवन का दूसरा नाम बन गया है: मायाशंकर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बड़हलगंज।** हम एक ऐसे दौर में जी रहे हैं जहां गति ही जीवन का दूसरा नाम बन चुकी है। मोबाइल स्क्रीन पर बफरिंग का चक्र घूमना आज की पीढ़ी को बर्दाश्त नहीं है। क्योंकि हम 5जी के युग में कदम रख चुके हैं। इंटरनेट की यह सुपर-फास्ट स्पीड केवल डेटा डाउनलोड करने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि इसका सीधा प्रतिबिंब हमारे प्रशासनिक तंत्र और जन-सेवाओं में भी दिखना चाहिए।



यह बातें प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य व जिपस मायाशंकर शुक्ल ने कही। वे मंगलवार को कस्बा स्थित अपने कार्यकाल पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ?जब देश की तकनीक 5जी हो चुकी है, तो आम जनमानस को मिलने वाली सुविधाओं, सहयोग और शिकायतों के निपटारे की स्पीड भी 5जी स्पीड जैसी ही होनी चाहिए। अधिकारियों और कर्मचारियों से आज के सजग नागरिक की यही सबसे बड़ी और वाजिब अपेक्षा है। सरकार की यह स्पष्ट और अटूट मंशा रही है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उचित समय पर मिला लाभ ही वास्तविक लाभ है। यदि किसी जरूरतमंद को चिकित्सा, शिक्षा, पेंशन या कृषि सहायता के लिए महीनों दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ें तो उस योजना का मूल उद्देश्य ही समाप्त हो जाता है।

इस दौरान शुभम सिंह, गोविंद शुक्ला, पियूष दुबे, अनिल गुप्ता, विक्की जायसवाल, प्रदीप यादव, संजय साहनी आदि मौजूद रहे।

# स्थानीय पुलिस ने व्यापारियों संग की बैठक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** नगर में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, चोरी व लूट जैसी वारदातों पर अंकुश लगाने और शहर को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से आज कोतवाली और राजघाट थाने द्वारा स्थानीय व्यापारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक गोरखपुर किराना कमेटी के परिसर में संपन्न हुई।

बैठक में व्यापारी वर्ग और पुलिस प्रशासन ने मिलकर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने, सीसीटीवी कैमरों का दायरा बढ़ाने और व्यापारिक क्षेत्रों में पुलिस पिकेट सक्रिय करने पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में उपस्थित प्रमुख व्यापारी व पदाधिकारी ने इस महत्वपूर्ण बैठक में क्षेत्र के प्रमुख व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी और गणमान्य व्यापारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। व्यापारियों के साथ संवाद स्थापित करने और सुरक्षा का भरोसा दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से राजघाट इंस्पेक्टर गौरव वर्मा, उमेश कुमार शर्मा, आदित्य



उपाध्याय और दुर्गेश कुमार वैश्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों की समस्याओं को ध्यान से सुना और उनके त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया।

सुरक्षा को डिजिटल रूप से मजबूत करने के लिए बाजारों और दुकानों के बाहर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस ने व्यापारियों से अपील की कि वे अपने कैमरों का एंगल इस तरह रखें जिससे मुख्य सड़क की गतिविधियां भी साफ़ रिकॉर्ड हो सकें।

दुकानों और बाजारों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करने की अपील की गई ताकि चोरी व लूट पर लगाम लगाई जा सके।

मुख्य व्यापारिक मार्गों और संवेदनशील चौराहों पर पुलिस पिकेट बढ़ाने और गश्त तेज करने का निर्णय लिया गया ताकि व्यापारी भयमुक्त होकर अपना व्यवसाय कर सकें। बाजारों में बेतरतीब वाहनों की पार्किंग और अतिक्रमण के कारण लगने वाले जाम से निपटने के लिए व्यापारियों और पुलिस ने आपसी समन्वय से काम करने का संकल्प लिया। बैठक के अंत में व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया और पुलिस अधिकारियों ने भी व्यापारियों की सुरक्षा व सहयोग को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।

# बड़हलगंज के डॉ. हितांशु का गोरखपुर एम्स में चयन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बड़हलगंज।** उपनगर के सर्राफा व्यवसायी व पत्रकार हरिश्चंद सोनी के पुत्र डॉ हितांशु सोनी का गोरखपुर एम्स में जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर के रुप में चयन हुआ है। वह अब एम्स में अपनी सेवा देंगे।



उपनगर बड़हलगंज के गोला मोहल्ला निवासी हरिश्चंद सोनी के 24 वर्षीय पुत्र डॉ हितांशु सोनी ने बीते दिनों एम्स गोरखपुर द्वारा जूनियर रेजिडेंट के 4 पद हेतु निकाली गई वैकेंसी में अपना आवेदन किया था, जहां पर एग्जाम पास करने के बाद अंतिम 20 लोगों को इंटरव्यू के बुलाया गया था, जिनमें से इनका चयन किया गया, जिनमें डॉ हितांशु सोनी का भी नाम है। बता दें कि हितांशु की प्राथमिक शिक्षा बड़हलगंज के सेंट जोसेफ स्कूल से हुई है। उन्होंने उदयपुर के पैसेफिक मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की डिग्री अप्रैल 2026 में पूर्ण की और अब वह एम्स गोरखपुर से अपनी सेवा जनता को समर्पित करेंगे। उनके चयन पर व्यापार मंडल अध्यक्ष श्रीकांत सोनी, शेखर चंद सर्राफ, श्रीनिवास सोनी,मुरारी लाल सर्राफ, आकाश पटवा, गंगा सोनी, सोहन सोनी, श्रीराम, पत्रकार अखिलेश गुप्ता, शुभम गुप्ता, पत्रकार दुर्गेश वर्मा,विनोद सोनी श्री राम जायसवाल आदि ने बधाई दी है।

# नेपाल सीमा पर व्यापारिक मंदी को लेकर इंडियन बैंक शाखा प्रबंधक से हुई चर्चा



**स्वतंत्र भारत रूपईडीहा बहराइच।** उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के जिला उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार-समाजसेवी शेर सिंह कसौधन तथा नगर उपाध्यक्ष एवं पत्रकार इरशाद हुसैन ने इंडियन बैंक रूपईडीहा शाखा के प्रबंधक पवन सिंह से उनके कार्यालय में पहुंचकर औपचारिक भेंट की। इस दौरान नेपाल सीमावर्ती कस्बा रूपईडीहा की वर्तमान व्यापारिक परिस्थितियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने शाखा प्रबंधक को अवगत कराया कि नेपाल में नई सरकार के गठन के बाद भारत से जाने वाले घरेलू इस्तेमाल के सामानों पर भंसार (सीमा शुल्क) लगाए जाने के कारण नेपाली ग्राहकों की संख्या में काफी कमी आई है। इसका सीधा असर रूपईडीहा बाजार के व्यापार पर पड़ा है और स्थानीय कारोबार गंभीर मंदी के दौर से गुजर रहा है। व्यापारियों के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों एवं बाजार की स्थिति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक पवन सिंह ने कहा कि बैंक क्षेत्र के व्यापारियों एवं ग्राहकों के हितों के प्रति सदैव प्रतिबद्ध है।

# जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** देहात संस्था एवं श्रम विभाग के संयुक्त तत्वाधान जिले को पूरी तरह बाल श्रम मुक्त बनाने के संकल्प के तहत आज बहराइच जिले में बाल श्रम जागरूकता अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। गेंदघर श्रम विभाग कार्यालय परिसर में आयोजित बाल श्रम जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सहायक श्रम आयुक्त राज बहादुर यादव,लेबर इंस्पेक्टर असद खान और चाइल्ड लाइन टीम ने संयुक्त रूप से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। देहात टीम से मोहम्मद इमरान जी ने बताया कि यह अभियान 30 जून 2026 तक शहर के मुख्य चौराहों, बाजारों से लेकर ग्रामीण अंचलों तक लोगों को जागरूक करेगा। साथ ही होटलों, ढाबों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर निगरानी की जाएगी। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के लक्ष्य के अनुसार जिले के सभी हॉट-स्पॉट (ऐसे इलाके जहां बच्चों से काम कराने की संभावना अधिक होती है) चिन्हित कर लिए गए हैं।जागरूकता रथ के माध्यम से लाउडस्पीकर और पम्फलेट बांटकर व्यापारियों व आम जनता को यह संदेश दिया जा रहा है कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से मजदूरी कराना एक गंभीर और दंडनीय कानूनन अपराध है। यदि कोई भी ढाबा, होटल, गैरेज या अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान बाल श्रमिक रखते हुए पाया गया, तो मालिक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया जाएगा और भारी जुर्माना वसूला जाएगा। इस शुभारंभ कार्यक्रम में सहायक श्रम आयुक्त राज बहादुर यादव, लेबर इंस्पेक्टर , अदनान अंसार ,देवेश तिवारी सहित अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# योग साप्ताहिक कार्यक्रम में निबन्ध लेखन प्रतियोगिता आयोजित



**बलरामपुर।** एमएलके पीजी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 15 जून से 21 जून तक आयोजित योग साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को रोगमुक्त जीवन का मंत्र योग है विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने रचनात्मक लेखन का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। गुरुवार को महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो0 जेपी पाण्डेय ने कहा कि योग एक ऐसी प्राचीन पद्धति है जो न केवल शरीर को निरोगी बनाती है, बल्कि मानसिक शांति और भावनात्मक संतुलन भी प्रदान करती है। यह जीवन जीने की एक समग्र कला है। उन्होंने कहा कि नियमित योगासनों से रक्त संचार बेहतर होता है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। कार्यक्रम संयोजक लेफ्टिनेंट(डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान ने प्रतिभागियों को योग करने से होने वाले लाभों को बताते हुए अवगत कराया कि महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय के निर्देशन में 15 से 21 जून तक योग सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रातःकालीन बेला में योग अभ्यास के साथ साथ द्वितीय सत्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है। संचालन डॉ सुनील कुमार शुक्ल ने किया।

## खबर एक नजर

### सस्टेनेबल गैस्ट्रोनॉमी डे पर फूड फेस्टिवल का शुभारंभ

**बलरामपुर।** सस्टेनेबल गैस्ट्रोनॉमी डे के अवसर पर गुरुवार को राही टूरिस्ट बंगला, के वीआईपी हॉल में आयोजित एक दिवसीय फूड फेस्टिवल एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ पूर्व मंत्री एवं सदर विधायक पलटू राम तथा आदर्श नगर पालिका परिषद अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पौष्टिक, जैविक एवं पर्यावरण-अनुकूल खाद्य पदार्थों के प्रति जागरूक करना तथा स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करना था। फूड फेस्टिवल में मल्टीग्रेन आटा, ज्वार, बाजरा, रागी, धान, चना, ऑर्गेनिक सब्जियां, मौसमी फल चाट, लिट्टी-चोखा, सत्तू, बेल का जूस, कोदो कटलेट, सांवा की खीर एवं अंकुरित सलाद सहित अनेक स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए। इसके अतिरिक्त डायबिटिक केयर उत्पाद, विभिन्न प्रकार के मिलेट्स, सुपर फूड, हस्तनिर्मित परिधान, बैग एवं ब्यूटी प्रोडक्ट्स भी आकर्षण का केंद्र रहे। फूड फेस्टिवल में लोगों ने बढ-चढकर भागीदारी की तथा विभिन्न स्टॉलों पर प्रदर्शित जैविक, पारंपरिक एवं स्वास्थ्यवर्धक खाद्य उत्पादों में विशेष रुचि दिखाई। आगंतुकों ने मिलेट्स आधारित व्यंजनों, ऑर्गेनिक उत्पादों एवं स्थानीय खाद्य सामग्री का स्वाद लेकर उनकी सराहना की। कार्यक्रम में दिनभर लोगों की अच्छी खासी भीड रही, जिससे आयोजन सफल एवं आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस अवसर पर विधायक पलटू राम ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में फास्ट फूड के बढते चलन से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ रही हैं। ऐसे में मोटे अनाज, जैविक खाद्य पदार्थ एवं पारंपरिक खानपान को अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मिलेट्स न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं, बल्कि किसानों की आय बढाने एवं पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में यूपी पर्यटन के यूनिट मैनेजर दीपू सिंह भदौरिया, होटल के अधिकारी एवं कर्मचारीगण, स्थानीय गणमान्य नागरिक तथा बडी संख्या में आगंतुक उपस्थित रहे।

### महिला कांग्रेस ने 'नारी जौहर दिवस' के रूप में मनाया रानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस

**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** चित्तौरा के शेखवापुर में महिला कांग्रेस नेत्री मालती पासवान की अगुवाई में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का 168वां बलिदान दिवस 'नारी जौहर दिवस' के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के संयोजक श्रीराम नरेश यादव व मुख्य वक्ता वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनय सिंह रहे। कार्यक्रम की शुरुआत रानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर माल्यार्पण व सामूहिक सलामी से हुई।?इस अवसर पर 168 महिलाओं को रानी लक्ष्मीबाई की जीवनी के दस्तावेज बांटकर उनमें साहस व राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने की अपील की गई। मालती पासवान ने महिलाओं से देश की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख भगौती कैराती ने रानी जी के जीवन व विवाह पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता विनय सिंह ने कहा कि 18 जून 1858 को अंग्रेजों से लोहा लेते हुए रानी लक्ष्मीबाई ने अपने प्राणों की आहुति दे दी थी, उनकी बहादुरी आज भी मिसाल है। कार्यक्रम का संचालन सेवादल अध्यक्ष विष्णु यादव ने किया। इस मौके पर नीरा गौतम, तारा देवी, धर्मावती, राम प्यारे, मुश्ताक अली सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### लेखपाल ने जूता उतारकर किसान को दौड़ाया

**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।**लालगंज तहसील अंतर्गत परगना रामपुर के ग्राम चोप सिंह मे जमीन मामले मे लेखपाल धीरज कुमार गांव पहुंचे।बताया जा रहा है कि जमीन पर स्थगन आदेश पारित होने के बाद भी नाप की प्रक्रिया को लेकर किसान ने आपत्ति जताई।मामूली वाद विवाद मे किसान ने लेखपाल को जूता मारने की बात कहने लगा, इसी बात से नाराज लेखपाल ने जूता उतारकर किसान को दौड़ा लिया।लोगों के पकड़ने पर लेखपाल शांत हुए,जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।उक्त मामले मे लालगंज कोतवाल को जांच सौंपी गई है।

### एसडीएम से चक मार्ग पर कब्जा करने की शिकायत

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।**संग्रामगढ़ थाना के नेवादा खुर्द निवासी आशुतोष पांडेय पुत्र दीन नारायण पांडेय ने एसडीएम कुंडा को दिए शिकायती पत्र मे कहा है कि प्रार्थी के खेत के बगल नवीन परती गाटा संख्या 140 को गांव के व्यक्तियों ने आबादी मे दर्ज करवाकर कब्जा निर्माण कर लिया और उसी के बगल चक मार्ग गाटा संख्या 141 पर अतिक्रमण कर रास्ता अवरुद्ध कर दिया है।एसडीएम वाचस्पति सिंह ने एसएचओ व राजस्व निरीक्षक को निर्देशित किया है कि सरकारी भूमि कब्जामुक्त करवाएं।

### मोहर्रम को लेकर सीओ ने ताज़िया मार्गों व कर्बला का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत संवाद बाबागंज प्रतापगढ़।** आगामी मोहर्रम पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को सीओ लालगंज आशुतोष मिश्रा ने संग्रामगढ़ थाना के एसओ मनोज कुमार तोमर के साथ विभिन्न गांवों का भ्रमण कर ताजिया मार्गों व कर्बला स्थलों का निरीक्षण किया और ताज़ियादारों से मुलाकात की।सीओ ने कहा कि मोहर्रम का पर्व पूरी श्रद्धा व अनुशासन के साथ मनाया जाए तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दिया जाए।यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें।

# दिलीपपुर स्टेट की रानी सुभमा सिंह का निधन,शोक की लहर

**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।**विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्रांतर्गत स्थित दिलीपपुर स्टेट के राजा उदय प्रताप सिंह की पत्नी एवं राजपरिवार की रानी सुभमा सिंह (78) का बुधवार देर रात लखनऊ के एक निजी अस्पताल में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही दिलीपपुर सहित आस-पास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई।रानी सुभमा सिंह अपने पीछे पुत्र कुंवर सूरज प्रताप सिंह तथा पुत्री श्वेता सिंह सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं।उनके निधन पर क्षेत्र के लोगों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह,पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो.शिवाकांत ओझा,पूर्व विधायक रानीगंज धीरज ओझा,बाबा बेलखरनाथ धाम ब्लॉक प्रमुख सुशील सिंह,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी,भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव,युवा मोर्चा अध्यक्ष अंशुमान सिंह,पूर्व ब्लॉक प्रमुख श्यामू ओझा,पूर्व विधायक राम शिरोमणि शुक्ल,कृष्ण कांत मिश्र,प्रशांत सिंह उर्फ बबलू सिंह,कृष्ण कुमार सिंह उर्फ रिंकू सिंह,कौशल सिंह व सुधाकर सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने शोक व्यक्त किया।रानी सुभमा सिंह के निधन से राजपरिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र मे शोक का माहौल है।

# पूर्व सांसद ने केन्द्र सरकार के 12 साल पूर्ण होने पर किया जनसंपर्क

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।**केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'विशेष संपर्क अभियान' के तहत कौशांबी लोकसभा के पूर्व सांसद विनोद सोनकर ने गुरुवार को बाबागंज विधानसभा के डेरवा एवं हीरागंज नगर पंचायत व कुंडा विधानसभा के कुंडा एवं मानिकपुर नगर क्षेत्र में जनसंपर्क किया।कुंडा डाकबंगला मे कार्यकर्ताओ एवं व्यापारियों से मुलाकात कर केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को रेखांकित किया।हीरागंज नगर पंचायत मे वृक्षारोपण किया।इस अवसर पर भाजपा के जिलामंत्री राजन मिश्र,जिला उपाध्यक्ष पवन गौतम,मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय,नगर पंचायत हीरागंज बाजार प्रतिनिधि उदय शंकर पाण्डेय,नगर पंचायत मानिकपुर प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिंपू,डॉ सुमन साहू,मंडल अध्यक्ष रूपा गौतम,दिनेश गौतम,चुन्ना तिवारी,भोला सेठ,राज मिश्र,राम मूरत पटेल,सौरभ मोदनवाल आदि उपस्थित रहे।

# तेजस्वी ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर कुंडा का बढ़ाया मान

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।**कुंडा नगर व कोतवाली के पुराना कुंडा निवासी किराना व्यवसाई लक्ष्मण प्रसाद केसरवानी की सुपुत्री तेजस्वी केसरवानी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा मे अपना परचम लहराते हुए जनपद ही नहीं पूरे प्रदेश व देश में कुंडा का नाम रोशन किया है।

# सपा विधायक पर अभद्र टिप्पणी करने पर केस दर्ज

**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।**सोशल मीडिया प्लेट फॉर्म पर लोगों के कलेजे मे दबी बातें भी उगल देते है,इसी साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने कमर कस लिया है।सोशल मीडिया प्लेट फॉर्म पर महिला सांसद कंगना रनौत के खिलाफ अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप मे रानीगंज विधानसभा के सपा विधायक डॉ राकेश कुमार वर्मा के खिलाफ प्रतापगढ़ साइबर थाने मे प्राथमिकी दर्ज की गई है।भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह ने तहरीर देकर शिकायत की।उन्होंने आरोप लगाया,कि विधायक डॉ राकेश कुमार वर्मा ने 17 जून 26 को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सांसद एवं महिला जनप्रतिनिधि कंगना रनौत के संबंध मे अमर्यादित,अशोभनीय और महिला सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली भाषा का प्रयोग करते हुए सार्वजनिक पोस्ट की। पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही थी।

# सीओ को समारोह पूर्वक दी भावभीनी विदाई



**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।**कुंडा सर्किल के पुलिस उपाधीक्षक अमरनाथ गुप्ता का बांदा जनपद मे स्थानांतरण होने के बाद मानिकपुर थाना परिसर मे समारोह पूर्वक भावभीनी विदाई दी गई,जहां उन्हें फूल मालाओं से लाद कर अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।अपनी विदाई समारोह व सम्मान से गदगद सीओ ने सभी के प्रति धन्यवाद व आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कुंडा,मानिकपुर क्षेत्र के नेक दिल इंसान तथा यहां की हरियाली के साथ-साथ मान सम्मान वह इज्जत यहां के लोगों ने जो दी है,वह हमेशा मुझे याद रहेगी।विदाई शब्द हालांकि बहुत भावुक करने वाला समय होता है।लेकिन सरकारी सेवा में विदाई पीड़ा दायक एक सुखद अनुभव भी है।इस मौके पर मानिकपुर प्रभारी पंकज कुमार राय,नवाबगंज प्रभारी संतोष सिंह,चेयरमैन प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिंपू भैया,तीर्थ पुरोहित संघ अध्यक्ष प्रेमनाथ दीक्षित,पूर्व अध्यक्ष राम नरेश मौर्य फौजी,सभासद रिजवान अहमद,प्रधान लालजी,राष्ट्रीय अध्यक्ष वीसी मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम प्रधानों को मिला प्रशासक का दायित्व, सौंपे गए नियुक्ति पत्र



**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच।** विकासखंड बलहा सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वितरित किए गए पत्र। विकास खंड बलहा में ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों को निरंतर गति प्रदान करने के उद्देश्य से ब्लॉक प्रमुख बलहा विजय कुमार वर्मा तथा जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष कृपाराम वर्मा के द्वारा ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। यह नियुक्ति जिलाधिकारी बहराइच के निर्देश एवं जिला पंचायत राज अधिकारी के अनुमोदन के क्रम में की गई। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायतों का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद शासन द्वारा ग्राम प्रधानों को प्रशासक के रूप में दायित्व सौंपे जाने का निर्णय लिया गया है, ताकि पंचायतों में विकास कार्यों एवं जनहित योजनाओं का संचालन बिना किसी व्यवधान के जारी रह सके। इसी क्रम में विकासखंड मुख्यालय जरवल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख विजय कुमार वर्मा ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की निरंतरता बनाए रखना प्राथमिकता है। प्रशासक के रूप में ग्राम प्रधानों की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। उन्हें पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों की निगरानी करते हुए जनहित की योजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा कराना होगा। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के बाद ग्राम प्रधानों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि गांवों में जो विकास कार्य किसी कारणवश अधूरे रह गए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाएगा। साथ ही स्वच्छता, पेयजल, सड़क, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए भी कार्य किए जाएंगे। ग्राम प्रधानों ने विश्वास जताया कि शासन एवं प्रशासन के सहयोग से गांवों को विकास की नई दिशा देने का प्रयास किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके और पंचायतों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। इस मौके पर लगाया तीन दर्जन ग्राम प्रधान की संख्या में ग्राम प्रधानों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सादिक हुसैन ग्राम प्रधान राम आधार, पप्पू,मेराज अहमद, महमूद अली उर्फ सानू,राज बाबु,ईसराइल, जाबिर अली, नौशाद अली, शैलेंद्र चौधरी उर्फ गुड्डू इत्यादि मौजूद रहे।

# योग की भूमिका विषय पर वेबिनार का हुआ आयोजन

**बलरामपुर।** एमएलके पीजी कॉलेज में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू अध्ययन केंद्र एवं क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के संयुक्त प्रयास से गुरुवार को हेल्दी लाइफस्टाइल एवं योग की भूमिका विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक एवं प्रमुख डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने करते हुए कहा कि वर्तमान समय में तेज-रफ्तार जीवन, अनियमित दिनचर्या, तनाव, प्रदूषण, जंक फूड तथा शारीरिक निष्क्रियता के कारण अनेक प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएँ बढ रही हैं। ऐसे समय में योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की एक संपूर्ण जीवन-पद्धति है। मुख्य वक्ता प्रो. टी. ओनिमा अध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा विभाग, हिंदू विश्वविद्यालय, बनारस ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग का अर्थ है जोडना अर्थात् शरीर, मन और आत्मा का समन्वय। भारतीय ऋषि-मुनियों ने हजारों वर्ष पहले योग की जिस परंपरा का विकास किया, वह आज पूरे विश्व में स्वास्थ्य और कल्याण का प्रभावी माध्यम बन चुकी है। साथ ही कहा कि भगवत गीता में कर्म की कुशलता को ही योग कहा गया। महर्षि पतंजलि ने मन चित्त एवं विचारों को शांत करना ही योग माना। हेल्दी लाइफस्टाइल में योग की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य शरीर को लचीला और मजबूत बनाता है। मांसपेशियों एवं हड्डियों को सुदृढ करता है। हृदय, फेफडों तथा पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप और मोटापे जैसी जीवनशैली संबंधी समस्याओं के जोखिम को कम करने में सहायक हो सकता है। मानसिक स्वास्थ्य तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में सहायता करता है।

# डीएम ने जिला मेमोरियल चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने जिला मेमोरियल चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, वार्डों एवं चिकित्सालय परिसर का भ्रमण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने ओपीडी में चिकित्सकों की उपस्थिति, मरीजों के पंजीकरण, परामर्श एवं दवा वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा मरीजों एवं उनके तीमारदारों से संवाद कर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चिकित्सालय में स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, विद्युत व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए ।

# श्री दुःखहरणनाथ मन्दिर सेवा समिति के तत्वावधान में श्रीराम कथा महोत्सव शुरू



**उतरौला/बलरामपुर।** श्री दुःखहरणनाथ मन्दिर सेवा समिति के तत्वावधान में रामेश्वरम मैदान मोहल्ला आर्यनगर, पिपराघाट तिराहा पर आयोजित द्वितीय संगीतमयी पंचदिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव एवं सनातन उद्बोधन कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड उमडी। कथा वाचिका साध्वी अमृता त्रिपाठी ने भगवान श्रीराम के चरित्र, माता सती के त्याग, भारतीय नारी की गरिमा तथा भगवान शिव के विवाह प्रसंग का अत्यन्त भावपूर्ण एवं ओजस्वी वर्णन किया। कथावाचिका साध्वी अमृता त्रिपाठी ने कहा कि श्रीराम कथा केवल धार्मिक आख्यान नहीं, बल्कि मानव जीवन को आदर्श बनाने का मार्ग है। उन्होंने बताया कि कथा के क्रम में महर्षि अगस्त्य द्वारा भगवान शिव को श्रीराम कथा सुनाने का प्रसंग आया, जिसमें श्रीराम के दिव्य स्वरूप और उनके अवतार के उद्देश्य का विस्तार से वर्णन किया गया। इसके साथ ही माता सती द्वारा भगवान श्रीराम की परीक्षा लेने की कथा का भी उल्लेख किया गया। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति ईश्वर की महिमा को समझने के बजाय अपने अहंकार को महत्व देता है, तब उसे पश्चाताप का सामना करना पडता है। कथावाचिका साध्वी अमृता त्रिपाठी ने भारतीय नारी की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, करुणा त्याग और संस्कारों की आधार शिला माना गया है। परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने माता के महात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि संसार में मां का स्थान सर्वोच्च है और मां के आशीर्वाद से ही व्यक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करता है। कथा के दौरान राजा दक्ष के यज्ञ का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि माता सती अपने पिता दक्ष द्वारा आयोजित यज्ञ में जाने की जिद करती हैं, जबकि भगवान शिव उन्हें बिना निमंत्रण जाने से मना करते हैं। इसके बावजूद सती अपने पिता के घर पहुंचती हैं, जहां भगवान शिव का अपमान देखकर वे अत्यंत व्यथित हो जाती हैं और यज्ञ कुंड में अपने शरीर का त्याग कर देती हैं। इस प्रसंग को सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। इसके पश्चात वीरभद्र के प्राकट्य और राजा दक्ष के संहार का वर्णन करते हुए कथावाचिका ने बताया कि जब अधर्म और अहंकार अपनी सीमा पार कर जाते हैं, तब धर्म की स्थापना के लिए दैवी शक्ति का प्रकट होना निश्चित हो जाता है। आज की कथा का मुख्य विषय भगवान शंकर का विवाह रहा। साध्वी अमृता त्रिपाठी ने भगवान शिव और माता पार्वती के पावन विवाह का अत्यन्त रोचक एवं संगीतमय वर्णन किया। उन्होंने बताया कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। उनकी अटूट श्रद्धा, समर्पण और तप से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें स्वीकार किया। शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भक्तिभाव से झूम उठे और पूरा पंडाल हर- हर महादेव तथा बोलबम के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राम प्रताप वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता तथा नगर पालिका चेयरमैन संगीता गुप्ता सहित बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से आगामी कथा सत्रों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की।

## "सुगम्य भारत" एवं "सबका साथ, सबका विकास" के संकल्प को साकार करने की दिशा में उत्तर मध्य रेलवे की अभिनव पहल

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 'सुगम्य भारत अभियान' तथा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के विजन के अनुरूप उत्तर मध्य रेलवे ने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं समावेशी रोजगार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, नरेश पाल सिंह जी के नेतृत्व में उत्तर मध्य रेलवे द्वारा विभिन्न संविदात्मक व्यवस्थाओं के माध्यम से 300 से अधिक बेंचमार्क दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं। यह पहल समान अवसर, सामाजिक न्याय एवं समावेशी विकास को बढ़ावा देने की दिशा में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की भावना के अनुरूप एक महत्वपूर्ण कदम है।

वर्तमान में उत्तर मध्य रेलवे के विभिन्न विभागों एवं इकाइयों में कुल 8,256 संविदा कर्मी कार्यरत हैं, जिनमें लगभग 300 दिव्यांगजन विभिन्न भूमिकाओं में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन ऑपरेटर, स्टेशन उद्घोषक, डाटा एंट्री ऑपरेटर, वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल संचालक तथा अन्य ग्राहक सेवा एवं परिचालन संबंधी कार्य शामिल हैं।

उत्तर मध्य रेलवे ने केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक ही अपने प्रयासों को सीमित नहीं रखा है, बल्कि दीर्घकालिक सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसी क्रम में 100 दिव्यांग युवाओं को 'एक्ट अप्रेंटिसशिप योजना' के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे उनकी रोजगार क्षमता एवं भविष्य की संभावनाओं में वृद्धि हो सके।

यह पहल उत्तर मध्य रेलवे के तीनों मंडलों- प्रयागराज, झांसी एवं आगरा तथा विभिन्न कार्यशालाओं एवं उत्पादन इकाइयों में संचालित की जा रही है। संविदा आधारित दिव्यांग कर्मियों में से 164 प्रयागराज मंडल, 92 झांसी मंडल तथा 25 आगरा मंडल में कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त झांसी स्थित विभिन्न कार्यशालाओं एवं उत्पादन इकाइयों में भी दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। समावेशन के प्रति उत्तर मध्य रेलवे की प्रतिबद्धता उसके नियमित कार्यबल में भी परिलक्षित होती है। वर्तमान में उत्तर मध्य रेलवे में 784 दिव्यांग कर्मचारी स्थायी रूप से कार्यरत हैं, जिनमें वर्ष 2025-26 के दौरान नियुक्त किए गए 15 कर्मचारी भी शामिल हैं। यह एक समावेशी एवं दिव्यांग-अनुकूल कार्यस्थल विकसित करने के प्रति संगठन की सतत प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे, महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह जी ने कहा– 'दिव्यांगजन हमारे समाज की अमूल्य शक्ति हैं। उत्तर मध्य रेलवे उन्हें सम्मानजनक रोजगार, समान अवसर एवं आत्मनिर्भरता का मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। समावेशी विकास तभी संभव है जब समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे बढ़ने और योगदान देने का अवसर मिले।'

उत्तर मध्य रेलवे उप महाप्रबंधक (सामान्य), अतुल कुमार मिश्रा, जो इस अभिनव पहल की सतत निगरानी कर रहे हैं, ने कहा– 'दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की भावना के अनुरूप उत्तर मध्य रेलवे ने विभिन्न विभागों एवं इकाइयों में दिव्यांगजनों की भागीदारी बढ़ाने हेतु विशेष अभियान चलाया है। 300 से अधिक दिव्यांगजनों को संविदा आधारित रोजगार एवं 100 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाना सामाजिक समावेशन एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।'

उत्तर मध्य रेलवे अपने सभी स्टेशनों, कार्यालयों एवं कार्यस्थलों को दिव्यांग-सुगम्य बनाने हेतु निरंतर प्रयासरत है, ताकि दिव्यांगजन सम्मान, सुविधा एवं आत्मविश्वास के साथ अपनी सेवाएं प्रदान कर सकें तथा रेलवे सेवाओं का लाभ उठा सकें।

## माँ होमियो चिकित्सा केन्द्र का शुभारंभ



**प्रयागराज ब्यूरो।** माँ होम्यो चिकित्सा का शुभारंभ आटो सेल्स चौराहे पर हुआ जहा होमियोपैथिक विधा द्वारा जटिल एवं अशाध्य रोगो का इलाज डा. राजेश श्रीवारूप एवं डा.रमनजी द्वारा किया जायेगा। यह चिकित्सा केन्द्र विभिन्न स्थानो पर विगल 28 वर्षों से जन मानस की सेवा में तत्पर है। अनेको जटिल रोगों का समाधान इस केन्द्र से हो चुका है। यह अपने नये स्थान पर सब की सेवा के लिए खुल चुका है। इस अवसर पर शहर के गणमान्य से लोग उपस्थित रहे जिनमें डॉ रमन डॉ स्वपनिल आलोक निगम तूलिका गुप्ता अर्चना निगम सुधीर श्रीवास्तव, देही, तुषार, अनिल सिंह, मिथलेश आदि लोग उपस्थित रहे।

## आखिरकार बालू माफियाओं के खोदे मौत के गड्ढे में दो मासूम बच्चों की हुई मौत

### जनता पूंछ रही कि मासूमों की मौत की किस पर तय होगी जिम्मेदारी ?

**बालू भण्डारण करने के लिये अवैध तरीके से खोदे गये गड्ढे पर खनन से लेकर राजस्व विभाग के रोक नहीं लगाने से दो मौतों के हैं जिम्मेदार**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** जनपद के सरायंअकिल थाना क्षेत्र के नेवादा गांव में बालू माफियाओं द्वारा खोदे गये गड्ढे में पानी भर जाने के बाद गुरुवार को दो मासूम बच्चे डूब गये जिससे दोनों मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई है। मौत की जानकारी मिलते ही घर परिवार में कोहराम मच गया है दो बच्चों की मौत की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर सैकड़ो लोग पहुंच गये हैं।बालू माफियाओं की इस करतूत के बाद पूरे गांव में आक्रोश व्याप्त है और लोग आवाज बुलन्द कर रहे हैं।सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों बच्चों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है लेकिन गड्ढा खोदने वाले बालू माफियाओं पर खबर लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज करके उनकी गिरफ्तारी पुलिस ने नहीं की है यदि समय रहते गड्ढे खोदने पर खनन विभाग और राजस्व विभाग ने रोक लगा दिया होता तो शायद दो मासूम बच्चों की मौत ना होती। आखिर गलत तरीके से बालू भण्डारण करने के लिये खोदे गये गड्ढे में दो मासूम बच्चों की मौत के बाद इन अधिकारियों की क्या जवाब देही होगी आम जनता यह सवाल पूंछ रही है।

जानकारी के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के नेवादा गांव के रहने वाले दीपांशु उम्र लगभग 10 वर्ष पुत्र राजेश पासी और आदित्य उम्र लगभग 6 वर्ष पुत्र राकेश गुरुवार को खेल रहे थे इसी दौरान दोनों बच्चे पानी भरे गड्ढे में चले गए जिससे दोनों बच्चे पानी में डूब गए और उनकी तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई है दो बच्चों की मौत की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में आक्रोश फैल गया घटना स्थल पर सैकड़ो लोग पहुंच गए दोनों बच्चों को गड्ढे से बाहर निकाला गया मामले की सूचना मिलते ही भारी पुलिस फोर्स घटनास्थल पर पहुंची और दोनों बच्चों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है लेकिन दो बच्चों की मौत के बाद बड़े सवाल खड़े हो गए हैं कि आखिर किसके आदेश से बालू भंडारण के लिए अवैध तरीके से गड्ढे खोदे गए थे जो मौत का कारण बन गए हैं क्या इन बालू माफियाओं के पास गड्ढा खोदने का परमिशन अधिकारियों से मिला था या फिर बिना परमिशन लिए बालू भंडारण के लिए बालू माफियाओ ने गड्ढे खोद दिए हैं यह तमाम सवाल बड़ी जांच का विषय है आक्रोशित लोग बालू माफियाओं पर मुकदमा दर्ज करने उनकी गिरफ्तारी करने की मांग कर रहे हैं लेकिन खबर लिखे जाने तक बालू माफियाओं पर मुकदमा नहीं दर्ज हुआ और उनकी गिरफ्तारी भी नहीं हुई है।

## सेवारत शिक्षकों को टीईटी से छूट देने की मांग तेज

**राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने सौंपा ज्ञापन**

**मांग पूरी न होने पर आन्दोलन की चेतावनी**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर गुरुवार को जनपद कौशाम्बी में टीईटी अनिवार्यता के विरोध में जिला संयोजक ओम दत्त त्रिपाठी के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमन्त्री, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया। जिला संयोजक ओम दत्त त्रिपाठी ने कहा कि कक्षा 8 तक पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिये टीईटी लागू करने सम्बन्धी एनसीटीई की अधिसूचना 23 अगस्त 2010 तथा उत्तर प्रदेश में 27 जुलाई 2011 से पहले नियुक्त एवं सेवारत शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता थोपना नैसर्गिक न्याय और तत्कालीन नियुक्ति नियमों के विपरीत है।

उन्होंने कहा कि जिन शिक्षकों ने उस समय लागू सभी सेवा शर्तों को पूरा कर नियुक्ति प्राप्त की थी उन्हें वर्षों की सेवा के बाद यह कहना कि वे अयोग्य हैं और दो वर्ष के भीतर टीईटी उत्तीर्ण करना होगा। अन्यथा अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी जायेगी।पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या किसी अन्य विभाग में नियुक्ति के वर्षों बाद ऐसी नई अनिवार्यता लागू की गई है।

ओम दत्त त्रिपाठी ने कहा कि ₹खेल के बीच खेल के नियम नहीं बदले जाते।₹ सरकार को लाखों शिक्षकों के लम्बे शिक्षण अनुभव, उत्कृष्ट सेवाओं और सम्मानजनक कार्यकाल को देखते हुए शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम में आवश्यक संशोधन कर मानसून सत्र में कानून बनाकर पहले से सेवारत शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त करना चाहिये।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शिक्षकों के मान-सम्मान और सेवा सुरक्षा को लेकर सरकार ने सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो संगठन व्यापक आन्दोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन कार्यक्रम में भूपेन्द्र कुमार सिंह,अवनीश मिश्र, बाल चन्द्र, आलोक द्विवेदी, जिम्मी करवरिया, आकांक्षा केसरवानी, मीरा यादव, आकांक्षा वर्मा, शिवभरोस शर्मा, रामकृष्ण साहू, रोहित, दीपक सिंह, सुरेन्द्र मौर्य, अनुज वर्मा, प्रभाकर, शचींद्र, बृज बिहारी, शिवभान, निरुपम गुप्ता, रामदत्त, अखिलेश कुमार, रमेश कुमार, अमरदीप, राजेश सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के अभियुक्त को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा

**20,000/- रुपये का लगाया गया अर्थदण्ड**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जनपद में दिनांक 25.06.2017 को थाना कोखराज पर वादिनी द्वारा सूचना दी गयी कि आरोपी राजकुमार द्वारा मेरी नाबालिग पुत्री बहला फुसलाकर भगा ले गया है तथा उसके साथ दुष्कर्म किया गया है ।प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 129/2022 धारा 363/366 भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था । जिसमें विवेचना के उपरान्त आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया था । जिसमें सम्बन्धित अभियुक्त राज कुमार पुत्र हूबलाल निवासी रसूलपुर काजी थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को शासन द्वारा चलाये जा रहे ह्लआपरेशन कन्विक्शनह्व के तहत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रभावी पैरवी कराते हुए आज दिनांक 18.06.2026 को न्यायालय जनपद कौशाम्बी द्वारा अभियुक्त को 20 वर्ष कठोर कारावास व 20,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## नाबालिग कौशल्या की दर्दनाक मौत पर पीड़ित परिवार से मिले वीरेन्द्र सरोज फौजी

**पीड़ित परिवार को 50 हजार की दिया आर्थिक सहायता**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** जनपद की मंझनपुर विधानसभा क्षेत्र के पूरब शरीरा निवासी झाली सरोज की 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री स्व. कौशल्या सरोज के साथ हुई हृदय विदारक घटना की सूचना पर नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र सरोज फौजी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर सम्भव सहयोग का भरोसा दिलाया। काफी समझाने–बुझाने के बाद परिजनों को न्याय का विश्वास दिलाया गया। वीरेन्द्र सरोज फौजी ने पीड़ित परिवार को ?50,000 की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। उन्होंने घटना के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता कर दोषियों के विरुद्ध कठोरतम एवं सशक्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की तथा कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने का आग्रह किया। वीरेन्द्र सरोज फौजी ने कहा कि इस दुख की घड़ी में वह परिवार के साथ खड़े हैं और न्याय की लड़ाई में हर सम्भव सहयोग करेंगे। वहीं उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उनके साथ में विजय तिवारी भी उपस्थित रहे।

## आईपीओ निर्गम 19 जून को खुलेगा

**वाराणसी।** टर्टलमिंट फिनटेक सॉल्यूशंस लिमिटेड (कंपनी) ने घोषणा की है कि उसके इक्विटी शेयरों के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए बोली/ऑफर 19 जून 2026 को खुलेगा। इस ऑफर का प्राइस बैंड ?144 से 152 प्रति इक्विटी शेयर निर्धारित किया गया है। एंकर निवेशकों के लिए बोली प्रक्रिया 18 जून 2026, गुरुवार को आयोजित होगी। यह बोली/ऑफर 19 जून 2026, शुक्रवार को खुलेगा और 23 जून 2026, मंगलवार को बंद होगा। कंपनी के इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेडऔर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। इस ऑफर के लिए एनएसई को नामित स्टॉक एक्सचेंज बनाया गया है।

## मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ, ने प्रयागराज में शुरू की यूरोलॉजी ओपीडी सेवा

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** पूर्वी उत्तर प्रदेश के मरीजों तक एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं पहुंचाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ, ने आज प्रयागराज में अपनी यूरोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरूआत की। इस पहल का उद्देश्य किडनी, मूत्र मार्ग, प्रोस्टेट और पुरुष रिप्रॉडक्टिव अंगों की सेहत से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श और विशेष इलाज की सुविधा उनके नजदीक उपलब्ध कराना है।

ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ डॉ. शुभेंदु भदूरी, कंसलटेंट - यूरोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ, की उपस्थिति में किया गया।

डॉ. शुभेंदु भदूरी हर महीने के तीसरे गुरुवार को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक प्रयागराज स्थित किडनी केयर सेंटर में प्राथमिक परामर्श और फॉलो-अप के लिए उपलब्ध रहेंगे।

इस सुविधा के माध्यम से किडनी स्टोन, बढ़े हुए प्रोस्टेट, यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन, पेशाब पर नियंत्रण न रहना, किडनी एवं ब्लैडर कैंसर, पुरुष बांझपन, इरेक्टाइल डिस्फंक्शन तथा अन्य जटिल यूरोलॉजिकल बीमारियों के लिए परामर्श एवं जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा, मरीजों को किडनी ट्रांसप्लांट से संबंधित जांच, मूल्यांकन और उपचार के लिए विशेषज्ञ परामर्श भी प्रदान किया जाएगा। साथ ही, जिन मरीजों को कम चीरे वाली (मिनिमली इनवेसिव) सर्जरी की आवश्यकता होती है, उनके लिए एडवांस्ड रोबोटिक यूरोलॉजिकल सर्जरी की सुविधा और विशेषज्ञ मार्गदर्शन भी उपलब्ध रहेगा।

इस अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ के डायरेक्टर- यूरोलॉजी, एंड्रोलॉजी, किडनी ट्रांसप्लांट और रोबोटिक यूरो-ऑन्कोलॉजी, डॉ. आदित्य के. शर्मा, ने कहा, 'प्रयागराज और आसपास के जिलों से कई मरीज विशेष यूरोलॉजी सेवाओं के लिए लंबी दूरी तय करके आते हैं। इस मासिक ओपीडी सेवा की शुरूआत के साथ हमारी कोशिश है कि मरीजों को उनके घर के पास ही सही समय पर परामर्श, शुरूआती जांच और विशेषज्ञ सलाह मिल सके।'

डॉ. शुभेंदु भदूरी, कंसलटेंट - यूरोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ, ने कहा, 'किडनी स्टोन, प्रोस्टेट का बढ़ना, बार-बार होने वाला यूरिन इन्फेक्शन और पेशाब से जुड़ी अन्य समस्याएं आजकल तेजी से बढ़ रही हैं। इसके बावजूद कई मरीज समय पर डॉक्टर से सलाह नहीं लेते। सही समय पर जांच और उपचार से गंभीर जटिलताओं को रोका जा सकता है और मरीजों के जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार लाया जा सकता है।'

**मैक्स हेल्थकेयर के बारे में :** मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड (मैक्स हेल्थकेयर) भारत के सबसे बड़े हेल्थकेयर ऑर्गनाइजेशंस में से है। नवीनतम टेक्नोलॉजी और अत्याधुनिक शोध के दम पर मैक्स हेल्थकेयर क्लिनिकल एक्सीलेंस एवं पेशेंट केयर के मामले में सर्वोच्च मानक स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कुल 21 अस्पतालों के संचालन (करीब 6,000 बेड) के साथ उत्तर भारत में मैक्स हेल्थकेयर की उल्लेखनीय उपस्थिति है। इसके नेटवर्क में कंपनी एवं उसकी सब्सिडियरीज द्वारा संचालित सभी अस्पताल एवं मेडिकल सेंटर, पार्टनर हेल्थकेयर फैसिलिटीज एवं मैनेज्ड हेल्थकेयर फैसिलिटीज शामिल हैं।

इन अस्पतालों के अतिरिक्त, मैक्स हेल्थकेयर अपने ब्रांड मैक्स@होम और मैक्स लैब्स के तहत क्रमशः होमकेयर और पैथोलॉजी बिजनेस का संचालन भी करता है। मैक्स@होम के तहत घर पर ही हेल्थ एवं वेलनेस सर्विसेज प्रदान की जाती हैं, जबकि मैक्स लैब के तहत अपने नेटवर्क से बाहर के मरीजों को भी डायग्नोस्टिक्स की सुविधा प्रदान की जाती है।

## 'मिशन वंदे मातरम्' ने जगाई देशभक्ति की अलख नन्हे कलाकारों के अभिनय ने जीता दर्शकों का दिल

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** जरा सोचिए, आज के दौर के कुछ बच्चे जो 15 अगस्त और 26 जनवरी को सिर्फ 'छुट्टी का दिन' मानते हैं, अगर अचानक एक टाइम मशीन में बैठकर सीधे साल 1942 के 'भारत छोड़ो आंदोलन' के बीच पहुँच जाएँ, तो क्या होगा? कुछ ऐसा ही जादुई और रोमांचक नजारा गुरुवार को उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के प्रेक्षागृह में देखने को मिला। अवसर था नाटक 'मिशन वंदे मातरम्' के मंचन का। महज 8 से 12 साल के नन्हें कलाकारों ने जब मंच पर देशभक्ति, साहस और दोस्ती का जादू बिखेरा, तो हॉल में बैठा हर दर्शक भावुक हो उठा। बच्चों ने अपनी कड़क आवाज और शानदार अभिनय से दिखा दिया कि रंगमंच सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि देशप्रेम की एक बड़ी पाठशाला है।

नाटक उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र , संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित तीस दिवसीय की ग्रीष्मकालीन प्रस्तुतिपरक बाल रंगमंचीय कार्यशाला का आखिरी पड़ाव था। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि राजेन्द्र प्रताप (सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, डाइट, प्रयागराज), केंद्र निदेशक सुदेश शर्मा और कार्यक्रम सलाहकार कल्पना सहाय ने दीप जलाकर किया।

प्रशिक्षक युवा रंगकर्मी प्रत्युष वर्सने एवं सहायक आकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में तैयार नाटक की कहानी बेहद दिलचस्प थी। खेल-खेल में आज के बच्चों को एक सीक्रेट टाइम मशीन मिलती है, जो उन्हें आजादी की लड़ाई के दौर में ले जाती है। वहाँ उनकी दोस्ती भोलू और कमला से होती है, जिनके भाई को गोरे पुलिसवालों ने जेल में बंद कर रखा है। फिर क्या था! आज के बच्चे उन बच्चों के साथ मिलकर 'आजादी की टोली' बनाते हैं और अपनी सूझबूझ व एकता के दम पर अंग्रेजों को छकाते हुए भाई को छुड़ा लेते हैं। नाटक के क्लाइमेक्स में जब मंच पर तिरंगा फहराया गया, तो पूरा हॉल 'वंदे मातरम्' के नारों और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

नाटक में जहाँ एक तरफ देशभक्ति का जज्बा था, वहीं दूसरी तरफ जमकर कॉमेडी भी थी। ब्रिटिश ऑफिसर बने 'इंस्पेक्टर पिंपल' और 'हवलदार डंडा' के मजेदार किरदारों ने दर्शकों को खूब हँसाया। मंच पर शानदार अभिनय करने वाले बाल कलाकारों में ईवा राज, मनश्वी राज सिंह, ईशा देव, कृतिका, आराध्या सरगम, अम्बिका, नित्या जायसवाल, दिवा त्रिपाठी, गर्वित धानी, राजश्री मौर्य, कौस्तुभ चौबे, वेदांश पटेल, प्रणीत खरे, अनमोल, प्रथम शुक्ल और आयजा फरोग अहमद शामिल रहे, जिन्होंने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों से खूब वाहवाही पाई।

इस अवसर पर केंद्र निदेशक सुदेश शर्मा ने प्रशिक्षक प्रत्युष वर्सने और सहायक प्रशिक्षकआकाश अग्रवाल को पौधा और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। केंद्र निदेशक ने कहा कि रंगमंच से बच्चों का आत्मविश्वास और व्यक्तित्व का विकास होता है। ऐसी वर्कशॉप हमारी नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास और संस्कारों से जोड़ने का काम करती हैं। इस अवसर पर दर्शकों सहित केंद्र के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार ने किया।

## लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास पूर्वांचल उ0प्र0 के तत्वाधान में 'दलित चौपाल' का आयोजन

### सामाजिक समरसता भोज निःशुल्क स्वास्थ्य मेला एवं कार्यकर्ता जनसंवाद कार्यक्रम हुआ संपन्न

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज ब्यूरो।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास पूर्वांचल उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में दलित चौपाल सामाजिक समरसता भोज निःशुल्क स्वास्थ्य मेला एवं कार्यकर्ता जनसंवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के मुख्य सचेतक उत्तर प्रदेश प्रभारी सह सांसद अरुण भारती जी थे।

कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि आज हम सब यहाँ एक महत्वपूर्ण उद्देश्य के लिए 'दलित चौपाल' में एकत्रित हुए हैं। यह चौपाल सिर्फ एक बैठक नहीं, बल्कि हमारे विचारों के आदान-प्रदान और अपने अधिकारों को लेकर जागरूक होने का एक सशक्त मंच है। शिक्षा और एकता का महत्वबाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमें तीन मूल मंत्र दिए थे शिक्षित बनो, संगठित रहो, और संघर्ष करो! आज हमें अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने के लिए सबसे आगे आना होगा। जब तक हम शिक्षित नहीं होंगे, तब तक हम समाज में बराबरी का हक नहीं पा सकते। इसके साथ ही, हमें अपने आपसी मतभेदों को भुलाकर एक मजबूत समाज के रूप में एकजुट होना होगा।अपने अधिकारों के प्रति जागरूकताहमारे संविधान ने हमें वोट की ताकत और समानता का अधिकार दिया है। हमें इस ताकत को पहचानना होगा और अपने विकास के लिए सही और गलत का चुनाव करना होगा। आज सरकार द्वारा दलित और वंचित समाज के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जैसे छात्रवृत्ति, कौशल विकास योजनाएँ और आवास योजनाएँ। हमें आगे बढ़कर इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए और दूसरों को भी




इसके प्रति जागरूक करना चाहिए।गांव और समाज का विकासचौपाल का मुख्य उद्देश्य यह भी है कि हम गांव में अपनी स्थिति को सुधारें। हमें छुआछूत और सामाजिक भेदभाव जैसी कुरीतियों को जड़ से खत्म करना है। हमें यह संकल्प लेना है कि हम अपने गांव में किसी भी व्यक्ति के साथ जाति के आधार पर भेदभाव नहीं होने देंगे। निष्कर्षसाथियों, बदलाव की शुरूआत हमसे ही होती है। आइए आज हम सब मिलकर यह प्रण लें कि हम अपने अधिकारों के प्रति सजग रहेंगे, अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देंगे और बाबा साहेब के सपनों का भारत बनाने में अपना पूरा योगदान देंगे।आप सभी ने मुझे ध्यान से सुना, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद! जय भीम! जय भारत! जय लोजपा ।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथिः- धीरेन्द्र कुमार मुन्ना उपस्थित थे। कार्यक्रम आयोजकः राजीव पासी प्रदेश अध्यक्ष लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास उत्तर प्रदेश। कार्यक्रम में मुख्य रूप सेः-सुनील जायसवाल जिला अध्यक्ष कौशांबी, शिवम मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, धनंजय दुबे प्रदेश संगठन महामंत्री, कमल तिवारी प्रदेश महासचिव, जितेंद्र पासी प्रदेश महासचिव, अवनीश तिवारी प्रदेश सचिव, कमला कुमारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अबरार अहमद राष्ट्रीय सचिव, विवेक पासी ब्लॉक अध्यक्ष मूरतगंज, राजेंद्र पासी ग्राम सभा अध्यक्ष दलियानपुर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## अशांत पीओके

वैसे तो पाकिस्तान की फौज के अफसरों और राजनीतिज्ञों को छोड़कर वहां की अंदरूनी हालत कोई अच्छी नहीं है लेकिन अपने कब्जे वाले कश्मीर यानी पीओके को वह लगातार और भी बुरी हालत में डालता चला आ रहा है। वहां के लोग जरूरी नागरिक सुविधाओं से भी महरूम हैं। स्थानीय नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पेयजल और इन जैसी अन्य सुविधाएं मुहैया कराने की जगह सरकार लगातार वहां के लोगों का दमन कर रही है। इसकी अगुवा वहां की फौज है जो खौफ का राज कायम करने का सबसे बड़ा जरिया बनी हुई है। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में सामने आया जब स्थानीय लोग मुजफ्फराबाद में अपने मूलभूत अधिकारों के लिए आवाज उठा रहे थे लेकिन उनकी बात सुनने की जगह उनपर अंधाधुंध गोलियां बरसा दी गईं जिसमें बड़ी संख्या में लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। ताज्जुब की बात यह है कि एक तरफ तो पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत के कश्मीर का मुद्दा लगातार उठाकर सहानुभूति हासिल करने की कोशिश करता है लेकिन उसके अपने कब्जे वाले कश्मीर के लोगों की दयनीय हालत कभी वैश्विक चिंता का विषय नहीं बन पाती। हालत यह है कि संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका और मानवाधिकार आयोग तथा मुस्लिम रहनुमा पीओके में हो रहे जुल्म पर इस तरह चुप्पी साध लेते हैं मानो वहां कुछ अमानवीय हो ही न रहा हो। पाकिस्तान के झूठे प्रचार पर तो उन्हें चर्चा करने की जरूरत महसूस होती है लेकिन पीओके में भयंकर जुल्म की हकीकत की ओर वे देखना भी गवारा नहीं करते। अफरातफरी का माहौल बनाए रखने के बीच पाक सरकार अब पीओके को आतंकवाद का अड्डा बनाए हुए है। शायद वह चाहती है कि दुनिया पीओके को आतंकवादी क्षेत्र के रूप में जाने। इसीलिए उसने तमाम आतंकी संगठनों को वहां अपने ठिकाने बनाने के लिए शह दे रखी है। भारत ने इसीलिए वहां एयरस्ट्राइक भी की थी। इन आतंकी अड्डों के बारे में समाचार माध्यमों में भी खबरें बराबर आती रहती हैं। आम लोगों का मनोबल तोड़ने के लिए पाक सरकार मुजफ्फराबाद में निर्दोष महिलाओं और बच्चों की हत्या भी करवा रही है। इस तरह पाक अधिकृत कश्मीर एक तरफ तो आतंकवादियों का 'सेफ हेवन' बनता जा रहा है, वहीं स्थानीय लोगों के लिए यह नरक बन चुका है। इस पृष्ठभूमि में स्वाभाविक ही है कि भारत ने वहां हो रही ज्यादतियों के खिलाफ हमेशा आवाज उठाई है और आज भी ऐसा कर रहा है। पीओके के लोग आजादी मांग रहे हैं तो यह गलत नहीं है।

## नई चुनौती

लखनऊ में पहले के मुकाबले अपराध की काफी हद तक कमर तोड़ दी गई है जिससे खासतौर पर खाने-कमाने में व्यस्त रहने वाला गरीब तथा मध्यम वर्ग काफी राहत महसूस कर रहा है। माफिया के आतंक से छुटकारा मिला और व्यावसायिक एवं औद्योगिक गतिविधियों में कमी आई है। लेकिन अब हत्या और हत्या के प्रयास के ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जिनमें आपराधिक प्रवृत्ति के लोग आमतौर पर अकेले ही वारदातों को अंजाम देते हैं जिनमें पिस्तौल-रिवॉल्वर का ही खासतौर पर इस्तेमाल होता है। भीड़भाड़ वाली बाजारों, व्यावसायिक परिसरों से लेकर स्कूल कैम्पस और हाईवे तक पर दुश्मनी निकालने के लिए इन हथियारों का इस्तेमाल किया जा रहा है। पिछले छह महीनों में ऐसी आठ घटनाएं हुईं जिनमें तीन लोगों की जानें गईं और दहशत का माहौल कायम हो गया। खास बात यह भी है कि ऐसी वारदातें किसी खास इलाके तक सीमित नहीं रहीं बल्कि हजरतगंज से लेकर बख्शी का तालाब और पीजीआई क्षेत्रों तक इन्हें अंजाम दिया गया। इन सबमें अपराधियों को अपने शिकार की गतिविधियों के बारे में पूरी जानकारी थी और पूरे इत्मीनान के साथ एकाएक हमले किए गए ताकि बचाव के मौके न मिल सकें। यह भी सामने आया है कि हमलावर भले ही बाहरी रहे हों लेकिन उन्हें वारदात के बाद भागने के लिए रास्तों के बारे में पूरी जानकारी थी। यह लखनऊ के लिए एक नया 'गन कल्चर' है जिसका प्रतीक कभी श्रीप्रकाश शुक्ला हुआ करता था। यह शहर की कानून व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती है। ठीक है कि सीसीटीवी जैसे साधनों की मदद से इनमें कुछ लोगों के बारे में जानकारियां हासिल हो सकी हैं लेकिन संमस्या की गंभीरता से इंकार नहीं किया जा सकता। इस नए चैलेंज से निपटने के लिए पुलिस को अपना क्विक रेस्पांस एवं मुखबिरी तंत्र व्यापक रूप से सक्रिय करना होगा। साथ ही व्यवसायियों एवं ठेकेदारों जैसे नागरिकों को अपनी सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतनी होगी।



## काँव-काँव



♦♦♦

**भारत पर हमला हुआ तो हम मदद करेंगे-ट्रंप**
न्यू इंडिया की सुरक्षा अब अमेरिका के भरोसे है!
**उद्धव ठाकरे की शिवसेना में टूट,छह सांसद बागी**
टुकड़ा टुकड़ा गैंग बहुत मेहनत कर रहा है!
**बृजभूषण शरण सिंह और बेटे को मिली धमकी**
कलियुग में यही सब उल्टे काम होंगे,राम राम..
**मानसिक बीमारियां आत्महत्या की बड़ी वजह**
सरकारें दारू के नये ठेके खोलती जा रही है!
**लोकतंत्र को बर्बाद कर रहे हैं अमित शाह-कांग्रेस**
सांसद बिकने को तैयार हैं,आप खरीद लीजिये!
**मानसून कमजोर,बारिश में चालीस प्रतिशत कमी**
राममंदिर में घोटाले से भगवान नाराज़ तो नहीं..

♦♦♦

# श्रद्धा और रोमांच का नया मेल



- डॉ. शिवम भारद्वाज

भारत में आध्यात्मिक पर्यटन का चेहरा तेजी से बदल रहा है। यह अब केवल धार्मिक यात्रा नहींए बल्कि अनुभवए रोमांच और बदलती जीवनशैली का हिस्सा बन गया है। इसमें संस्कृतिए साहसिक अनुभवए डिजिटल दुनियाए स्थानीय अर्थव्यवस्था और आत्मिक संतुलन की तलाश एक साथ दिखाई देती है। यही बदलाव इसे देश के सबसे रोचक सामाजिक परिवर्तनों में से एक बना रहा है। भारत की पहचान केवल उसके शहरोंए भाषाओं और भौगोलिक विस्तार से नहीं बल्कि उन यात्राओं से भी जुड़ी है जो सदियों से लोगों को नदियोंए पर्वतोंए मंदिरोंए दरगाहोंए गुरुद्वारों और मठों तक ले जाती रही हैं। इन यात्राओं में गंतव्य जितना महत्वपूर्ण थाए उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण वह अनुभव था जो व्यक्ति अपने साथ लेकर लौटता था।

समय बदला और उसके साथ यात्रा का अर्थ भी बदल गया। पहले तीर्थयात्रा को मुख्यतः धार्मिक दायित्व के रूप में देखा जाता था। लोग दर्शन करते थे और लौट आते थे। आज यात्रा केवल दर्शन तक सीमित नहीं है। लोग किसी स्थान को देखना ही नहींए उसे समझना भी चाहते हैं। उसकी संस्कृतिए इतिहासए लोकजीवन और वातावरण को अपने अनुभव का हिस्सा बनाना चाहते हैं।

इस बदलाव की सबसे स्पष्ट झलक यात्रियों में दिखाई देती है। एक समय था जब आध्यात्मिक यात्राओं को जीवन के उत्तरार्ध से जोड़कर देखा जाता था। माना जाता था कि जिम्मेदारियाँ पूरी करने के बाद व्यक्ति तीर्थयात्रा करता है। इसलिए ऐसे स्थलों पर बुजुर्गों की संख्या अधिक दिखाई देती थी। आज तस्वीर अलग है। चारधामए केदारनाथए अमरनाथए हेमकुंड साहिब और वैष्णो देवी जैसे स्थलों पर बड़ी संख्या में युवा दिखाई देते हैं। वे केवल दर्शन के लिए नहीं आते। वे यात्रा को एक अनुभव की तरह जीना चाहते हैं। उनके लिए रास्ता भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना मंदिर।

युवाओं की यह बढ़ती भागीदारी आध्यात्मिक पर्यटन की प्रकृति को भी बदल रही है। यहीं से श्रद्धा और रोमांच के नए मेल की कहानी शुरू होती है। पिछले कुछ वर्षों में स्पिरिचुअल टूरिज्म और एडवेंचर टूरिज्म के बीच की दूरी तेजी से कम हुई है। हिमालयी तीर्थस्थल इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। केदारनाथ तक की चढ़ाईए हेमकुंड साहिब का कठिन मार्ग या अमरनाथ की यात्रा अब केवल धार्मिक यात्राएँ नहीं रह गई हैं। इनमें श्रद्धा के साथ रोमांच भी शामिल है।

दरअसलए रोमांच और आध्यात्मिकता के बीच एक स्वाभाविक रिश्ता है। दोनों व्यक्ति को उसकी सुविधा.परिधि से बाहर निकालते हैं। दोनों उसे अपने भीतर झाँकने का अवसर देते हैं। पहाड़ों की कठिन चढ़ाईए लंबी पैदल यात्राएँ और प्रकृति का विराट विस्तार कई बार व्यक्ति को ऐसे मौन से परिचित कराते हैं जो रोजमर्रा के जीवन में दुर्लभ होता है। शायद यही कारण है कि अनेक यात्रियों के लिए ऐसी यात्राएँ केवल बाहरी नहीं भीतर की यात्रा भी बन जाती हैं।

नई पीढ़ी यात्रा को अलग.अलग खाँचों में नहीं बाँटती। उसके लिए पहाड़ों की चढ़ाई और भीतर की तलाश एक ही अनुभव का हिस्सा हो सकती है। वह सूर्योदय को भी याद रखती है और मंदिर की घंटियों को भी। वह रास्ते में मिलने वाली स्थानीय संस्कृति को भी महत्व देती है और मुख्य दर्शन को भी। आस्था अब केवल मंजिल में नहींए यात्रा के अनुभव में भी दिखाई देती है।

यह परिवर्तन केवल यात्राओं तक सीमित नहीं है। इसके पीछे आधुनिक जीवन की बदलती प्राथमिकताएँ भी काम कर रही हैं। आज का जीवन पहले से अधिक तेजए व्यस्त और डिजिटल हो चुका है। उपलब्धियाँ बढ़ी हैंए लेकिन ठहराव कम हुआ है। कोविड महामारी के बाद यह एहसास और गहरा हुआ कि जीवन केवल दौड़ का नाम नहीं है। शायद यही कारण है कि बड़ी संख्या में लोग फिर उन स्थानों की ओर लौटेए जहाँ कुछ समय के लिए रफ्तार धीमी पड़ जाती है और मन को अपने साथ रहने का अवसर मिलता है।

इस बदलती मानसिकता को डिजिटल दुनिया ने और गति दी है। कभी यात्राएँ लोगों के अनुभवों से प्रेरित होती थींए अब वे अक्सर स्क्रीन से शुरू होती हैं। केदारनाथ की बर्फीली चोटियाँए काशी की आरतीए महाकाल लोक की भव्यताए अयोध्या का दीपोत्सव या किसी गुरुद्वारे का लंगरकृइनकी झलक कुछ ही सेकंड में लाखों लोगों तक पहुँच जाती है।

सोशल मीडिया ने आध्यात्मिक स्थलों को नई दृश्यता दी है। जो स्थान कभी सीमित क्षेत्र तक जाने जाते थेए वे आज राष्ट्रीय चर्चा का हिस्सा हैं। यूट्यूब व्लॉगए ट्रैवल कंटेंट और इंस्टाग्राम रीलों ने धार्मिक यात्राओं को नई पीढ़ी की बातचीत में ला खड़ा किया है। पहले लोग तीर्थों तक पहुँचते थेए अब तीर्थ भी मोबाइल स्क्रीन के रास्ते लोगों तक पहुँच रहे हैं।

इस बदलाव का असर स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। किसी तीर्थस्थल तक पहुँचने वाला यात्री केवल दर्शन नहीं करता। वह होटल में ठहरता हैए स्थानीय परिवहन का उपयोग करता हैए भोजन करता हैए हस्तशिल्प खरीदता है और अनेक सेवाओं का हिस्सा बनता है। इससे हजारों छोटे व्यापारियोंए कारीगरोंए गाइडों और सेवा प्रदाताओं की आजीविका जुड़ती है। अनेक छोटे शहरों और अर्ध.ग्रामीण क्षेत्रों में आध्यात्मिक पर्यटन स्थानीय अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण धुरी बन चुका है।

लेकिन लोकप्रियता अपने साथ चुनौतियाँ भी लेकर आती है। सोशल मीडिया के दौर में किसी स्थान की प्रसिद्धि बहुत तेजी से बढ़ सकती है। कभी.कभी कुछ वायरल वीडियो ऐसे स्थलों तक भी भारी भीड़ पहुँचा देते हैं जो अभी उस दबाव के लिए तैयार नहीं होते। नतीजा ट्रैफिकए कचराए पर्यावरणीय दबाव और बुनियादी सुविधाओं पर बढ़ते बोझ के रूप में सामने आता है। यहीं यह समझना जरूरी है कि किसी तीर्थस्थल की सफलता केवल आगंतुकों की संख्या से नहीं मापी जा सकती। उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण वह अनुभव है जो लोग अपने साथ लेकर लौटते हैं। यदि यात्रा सहज और व्यवस्थित होए तो वह स्मृति बन जाती है। यदि अव्यवस्था हावी हो जाएए तो लोकप्रियता भी लंबे समय तक आकर्षण बनाए नहीं रख पाती।

फिर भी इन चुनौतियों के बावजूद आध्यात्मिक पर्यटन का आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। इसका कारण केवल आस्था नहीं है। इसके पीछे अनुभव की वह तलाश भी है जो आधुनिक जीवन में धीरे.धीरे दुर्लभ होती जा रही है।

आध्यात्मिक पर्यटन की सबसे दिलचस्प बात यही है कि इसे किसी एक परिभाषा में नहीं बाँधा जा सकता। यह धर्म हैए लेकिन केवल धर्म नहीं। यह पर्यटन हैए लेकिन केवल पर्यटन नहीं। इसमें संस्कृति हैए विरासत हैए स्थानीय समाज हैए डिजिटल प्रभाव हैए रोमांच है और व्यक्तिगत अनुभव भी है।

आज जब दुनिया का बड़ा हिस्सा स्क्रीन पर सिमटता जा रहा हैए तब यह दिलचस्प है कि लाखों लोग अब भी हजारों किलोमीटर की यात्राएँ कर रहे हैं। वे वह सब देखने निकलते हैंए जिसे वे पहले ही अपने मोबाइल पर देख चुके होते हैं। शायद इसका कारण यही है कि स्क्रीन दृश्य दिखा सकती हैए अनुभव नहीं दे सकती।

सदियों पुराने तीर्थ वही हैं। रास्ते भी लगभग वही हैं। लेकिन यात्री बदल गया है। उसके हाथ में अब प्रार्थना के साथ मोबाइल भी हैए श्रद्धा के साथ कैमरा भी और दर्शन के साथ अनुभव की तलाश भी। शायद इसी में आध्यात्मिक पर्यटन की सबसे बड़ी कहानी छिपी है। यह केवल लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक नहीं ले जाता। यह परंपरा को वर्तमान सेए आस्था को अनुभव सेए रोमांच को आत्मचिंतन से और भीतर की तलाश को बाहरी यात्रा से जोड़ देता है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ द्वादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

मन और बुद्धि भी न लगा सके, तब ? (अर्जुन ने पीछे कहा भी है कि मन को रोकना तो मैं वायु की तरह दुष्कर समझता हूँ) इस पर योगेश्वर श्रीकृष्ण कहते हैं-

अथ चित्तं समाधातुं न शक्नोषि मयि स्थिरम् । अभ्यासयोगेन ततो मामिच्छाप्तुं धनञ्जय ।।9।। यदि तू मन को मुझमें अचल स्थापित करने में समर्थ नहीं है, तो हे अर्जुन ! योग के अभ्यास द्वारा मुझे प्राप्त होने की इच्छा कर। (जहाँ भी चित्त जाय, वहाँ से घसीटकर उसे आराधना, चिन्तन-क्रिया में लगाने का नाम अभ्यास है) यदि यह भी न कर पाये तो?-

अभ्यासेऽप्यसमर्थोऽसि मत्कर्मपरमो भव। मदर्थमपि कर्माणि कुर्वन्सिद्धिमवाप्स्यसि ।।10।।

यदि तू अभ्यास में भी असमर्थ है तो केवल मेरे लिये कर्म कर अर्थात् आराधना करने में तत्पर हो जा। इस प्रकार मेरी प्राप्ति के लिये कर्मों को करता हुआ तू मेरी प्राप्तिरूपी सिद्धि को ही प्राप्त होगा। अर्थात् अभ्यास भी पार न लगे तो साधना-पथ में लगे भर रहो।

अथैतदप्यशक्तोऽसि कर्तुं मद्योगमाश्रितः। सर्वकर्मफलत्यागं ततः कुरु यतात्मवान् ।।11।।

यदि इसे भी करने में असमर्थ है तो सम्पूर्ण कर्मों के फल का त्याग कर अर्थात् लाभ-हानि की चिन्ता छोड़कर 'मद्योग' के आश्रित होकर अर्थात् समर्पण के साथ आत्मवान् महापुरुष की शरण में जा। उनसे प्रेरित होकर कर्म स्वतः होने लगेगा। समर्पण के साथ कर्मफल के त्याग का महत्त्व बताते हुए योगेश्वर श्रीकृष्ण कहते हैं-

श्रेयो हि ज्ञानमभ्यासाज्ज्ञानाद्ध्यानं विशिष्यते । ध्यानात्कर्मफलत्यागस्त्यागाच्छान्तिरनन्तरम्।।12।।

केवल चित्त को रोकने के अभ्यास से ज्ञानमार्ग से कर्म में प्रवृत्त होना श्रेष्ठ है। ज्ञान-माध्यम से कर्म को कार्यरूप देने की अपेक्षा ध्यान श्रेष्ठ है; क्योंकि ध्यान में इष्ट रहता ही है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**दानशक्ति प्रिय बोलिबो, धीरज उचित विचार ।**
**ये गुण सीखे ना मिलैं, स्वाभाविक हैं चार ।।**

मनुष्य के अंदर कुछ गुण स्वंय से उत्पन्न होते हैं। जैसे दान करना, मीठी बातें करना, लोगों की सेवा करना, समय पर सही-गलत का निर्णय लेना। इसे कहीं और से नहीं सिखा जा सकता।

♦♦♦

# हरित पुनरुद्धार की ओर बढ़ते भारत के कदम



- महेन्द्र तिवारी

पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत ने भूमि बहाली के क्षेत्र में एक ऐसी अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है जिसने पूरी दुनिया के सामने सफलता का एक नया मार्ग प्रशस्त किया है। भारत ने अपने निरंतर और सुनियोजित प्रयासों से 21ण्76 मिलियन हेक्टेयर बंजर और खराब हो चुकी भूमि को फिर से हरा.भरा और उपजाऊ बनाने में सफलता प्राप्त की है। इस विशाल आंकड़े की गंभीरता और इसके भौगोलिक विस्तार को इस तरह समझा जा सकता है कि यह क्षेत्रफल लगभग पूरे यूनाइटेड किंगडम अर्थात ब्रिटेन के कुल भौगोलिक आकार के बराबर है। इतने बड़े पैमाने पर सूखीए ऊसर और जीवनहीन हो चुकी ज़मीन को पुनर्जीवित करना केवल एक प्रशासनिक सफलता नहीं है बल्कि यह प्रकृति के प्रति देश की गहरी प्रतिबद्धता और दूरगामी नीतियों का जीवंत परिणाम है। इस ऐतिहासिक कदम ने न केवल भारत की पारिस्थितिक सुरक्षा को मजबूत किया है बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति देश की साख को बहुत ऊंचा किया है। भूमि का इस तरह से पुनरुद्धार करना आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की नींव रखने जैसा है जो सतत विकास के वैश्विक लक्ष्यों को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा। इस पूरी मुहिम की वैश्विक कड़ियों को जोड़कर देखना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि भारत के ये प्रयास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे बड़े अभियानों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। इसी संदर्भ में बॉन चुनौती का नाम प्रमुखता से उभर कर सामने आता है। बॉन चुनौती वास्तव में वनों की कटाई को रोकने और मरुस्थलीकरण के कारण बंजर हो चुकी भूमि को फिर से उपजाऊ और हरा.भरा बनाने का एक बहुत बड़ा वैश्विक संकल्प है। इस महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत वर्ष 2011 में जर्मनी की सरकार और इंटरनेशनल यूनियन फॉर ब्वदेमतअंजपवद ऑफ नेचर द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी। जब इसे वैश्विक स्तर पर शुरू किया गया था तब इसका प्राथमिक लक्ष्य रखा गया था कि वर्ष 2020 तक पूरी दुनिया में 150 मिलियन हेक्टेयर खराब हो चुकी भूमि को बहाल किया जाएगा। इसके बाद इस लक्ष्य को और अधिक विस्तारित करते हुए वर्ष 2030 तक 350 मिलियन हेक्टेयर भूमि को पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया गया। भारत ने इस वैश्विक चुनौती को सहर्ष स्वीकार किया और अपनी घरेलू प्राथमिकताओं को इसके साथ इस तरह जोड़ा कि आज देश इस दिशा में मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहा है। भारत की इस पर्यावरणीय यात्रा में एक और बड़ा मोड़ तब आया जब देश ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी जिम्मेदारियों को और अधिक विस्तार देने का निर्णय लिया। वर्ष 2019 में भारत की राजधानी नई दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम अभिसमय के चौदहवें सत्र का आयोजन किया गया था जिसे कॉप 14 के नाम से भी जाना जाता है। इस वैश्विक सम्मेलन में दुनिया भर के पर्यावरणविदों और नीति निर्माताओं की उपस्थिति में भारत ने अपने पुराने लक्ष्यों में बड़ा संशोधन किया। भारत ने वैश्विक मंच पर यह संकल्प लिया कि वह वर्ष 2030 तक 26 मिलियन हेक्टेयर बंजर और निम्नीकृत भूमि को पूरी तरह से बहाल करेगा। वर्तमान समय में हासिल किया गया 21ण्76 मिलियन हेक्टेयर का यह आंकड़ा इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि भारत अपने लक्ष्य की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है और वह इस अत्यंत महत्वाकांक्षी लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा से बहुत पहले ही प्राप्त करने की मजबूत स्थिति में पहुंच चुका है। इस विशाल भूभाग को दोबारा जीवन देने और उसे हरा.भरा बनाने के लिए देश में बहुआयामी रणनीतियों को अपनाया गया जिसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका वनरोपण की रही है। देश के विभिन्न राज्यों में जो जमीनें पूरी तरह से खाली थीं या जहां औद्योगिक गतिविधियों और खनन कार्यों के बाद खदानों को बंजर छोड़ दिया गया था वहां बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाए गए। इस प्रक्रिया में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि केवल पेड़ न लगाए जाएं बल्कि उन स्थानीय प्रजातियों के पौधों को चुना जाए जो वहां की मिट्टी और जलवायु के अनुकूल हों। इससे बंजर पहाड़ियों और मैदानी इलाकों में एक बार फिर से सघन हरित आवरण लौटने लगा जिसने भूमि के क्षरण को रोक दिया और मिट्टी की खोई हुई पोषक क्षमता को वापस लाने में मदद की। वनरोपण के साथ.साथ जल और मिट्टी के संरक्षण के लिए जलागम प्रबंधन तकनीक का व्यापक स्तर पर उपयोग किया गया जो इस सफलता की रीढ़ साबित हुई। इसके अंतर्गत पहाड़ी और ढलान वाले क्षेत्रों में वैज्ञानिक पद्धतियों से छोटे.छोटे बांधों का निर्माण किया गया जिन्हें चेक डैम कहा जाता है। इन संरचनाओं के माध्यम से वर्षा के तेजी से बहते हुए पानी को रोका गया जिससे न केवल उपजाऊ मिट्टी का बहाव थमा बल्कि ज़मीन के भीतर पानी का स्तर भी तेजी से ऊपर उठा। भूजल स्तर में सुधार होने के कारण आसपास की सूखी और प्यासी ज़मीन को पर्याप्त नमी मिली जिससे वहां प्राकृतिक रूप से वनस्पतियों का उगना दोबारा शुरू हो गया और कई सूखी नदियां तथा जलस्त्रोत पुनर्जीवित हो उठे। इस अभियान की एक और बड़ी विशेषता कृषि वानिकी को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देना रही है जिसने पारंपरिक खेती के तौर.तरीकों को सकारात्मक रूप से बदल दिया। परंपरागत रूप से किसान केवल अपनी फसलों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करते थे लेकिन नई नीतियों के तहत उन्हें खेतों की मेड़ों पर और फसलों के बीच के खाली स्थानों में आर्थिक रूप से उपयोगी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया गया। इससे किसानों को न केवल ईंधन और चारे के रूप में अतिरिक्त संसाधन मिले बल्कि खेतों की मिट्टी की नाइट्रोजन स्थिरीकरण क्षमता और सामान्य उर्वरता में भी भारी सुधार हुआ। कृषि वानिकी ने देश के ग्रामीण अंचलों में एक नए प्रकार के लाभदायक और टिकाऊ हरित तंत्र को जन्म दिया जिसने पर्यावरण के साथ.साथ किसानों की आर्थिक स्थिति को भी संबल प्रदान किया। इन सभी सरकारी और तकनीकी प्रयासों को वास्तविक शक्ति और गति तब मिली जब इसमें आम जनता और स्थानीय समुदायों की भागीदारी को अनिवार्य बनाया गया। संयुक्त वन प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत वनों के आसपास रहने वाले स्थानीय ग्रामीण निवासियों और विशेषकर आदिवासी समुदायों को जंगलों की रक्षा करने और नए पौधे लगाने की सीधी जिम्मेदारी सौंपी गई। जब इन समुदायों को यह अहसास हुआ कि जंगलों का विकास सीधे तौर पर उनके अपने जीवनए संस्कृति और आजीविका से जुड़ा हुआ है तो उन्होंने इस अभियान को एक जन आंदोलन का रूप दे दिया। लोगों के इस सामूहिक जुड़ाव के कारण ही नए लगाए गए पौधों की जीवित रहने की दर में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई और सामुदायिक वनों का दायरा तेजी से बढ़ने लगा।

## प्रेरक प्रसंग

## चार बातें

एक बड़े बुद्धिमान साधु थे। उनसे शिक्षा लेने के लिए बहुत-से स्त्री- पुरुष आते थे। साधु उन्हें बड़ी, उपयोगी बातें बताया करते थे। एक दिन उन्होंने कहा, तुम लोग चार बातें याद रखोगे तो जीवन में बहुत ही आनंद से रहोगे।

लोगों ने पूछा, स्वामीजी, वे चार बातें क्या है ?

स्वामीजी बोले, पहली बात यह है कि तुम जहां भी रहो, अपने को आवश्यक बना दो। इतना काम करो कि लोग समझें कि अगर तुम चले गये तो उनका काम रुक जायगा। कहने का अर्थ यह है कि तुम किसी पर बोझ मत बनो, दूसरों के बोझ को हल्का करो।

लोगों ने कहा, दूसरी बात बताइये।

साधु बोले, अपने को खूब स्वस्थ रखो। काम करने के लिए शरीर को तन्दुरुस्त रखना आवश्यक है।

और तीसरी बात क्या है? लोगों ने उत्सुकता से पूछा।

साधु ने कहा, आलस को अपने पास कभी मत फटकने दो। जो आदमी प्रमाद करता है, वह निकम्मा हो जाता है।

आखिरी बात ? लोगों ने बड़ी जिज्ञासा से उनकी ओर देखा।

साधु बोले, एक-एक पैसे का उपयोग करो। मौज-शौक पर एक कौड़ी भी खर्च मत करो। याद रखो, तुम्हें जो पैसा मिला है, वह भगवान का दिया हुआ है, और भगवान की दी हुई चीज का किसी को दुरुपयोग नहीं करना चाहिए।

## आपका पत्र मिला

### क्षेत्रीय दल गंभीर संकट से गुजर रहे

वर्तमान समय में अनेक क्षेत्रीय दल गंभीर संकट से गुजर रहे हैं। इसका प्रमुख कारण बढ़ती अवसरवादी राजनीति, विचारधारा का अभाव, परिवारवाद और सत्ता प्राप्ति की अंधी दौड़ है। हाल ही में तृणमूल कांग्रेस के भीतर बढ़ती अस्थिरता तथा शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के सांसदों के शिंदे गुट में जाने की तैयारियों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि क्षेत्रीय दलों की जड़ें कमजोर होती जा रही हैं। सत्ता प्राप्ति के लिए वैचारिक विरोधियों से गठबंधन करने के कारण शिवसेना का पारंपरिक जनाधार कमजोर हुआ और पार्टी लगातार टूट का सामना कर रही है। इसी प्रकार तृणमूल कांग्रेस भी सत्ता केंद्रित राजनीति का उदाहरण रही है। किसी मजबूत वैचारिक आधार के अभाव में ऐसे दल सत्ता में रहते हुए तो मजबूत दिखाई देते हैं, लेकिन जैसे ही राजनीतिक परिस्थितियां बदलती हैं, उनका संगठन बिखरने लगता है। पश्चिम बंगाल के हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों ने यह संकेत दिया है कि केवल व्यक्तित्व आधारित राजनीति लंबे समय तक स्थायी नहीं रह सकती।आज देश में अनेक छोटे-छोटे क्षेत्रीय दल कुकुरमुत्तों की तरह उभर रहे हैं। इन दलों का उद्देश्य अक्सर जनसेवा से अधिक राजनीतिक सौदेबाजी दिखाई देता है। कुछ सीटें जीतकर वे सरकार गठन में अपनी भूमिका सुनिश्चित करते हैं और मंत्री पद या अन्य राजनीतिक लाभ प्राप्त करते हैं। क्षेत्रीय दलों की एक बड़ी समस्या उनका अलोकतांत्रिक ढांचा भी है। भारतीय लोकतंत्र के स्वस्थ विकास के लिए आवश्यक है कि क्षेत्रीय दल आत्ममंथन करें। उन्हें स्पष्ट विचारधारा, आंतरिक लोकतंत्र, पारदर्शिता और जनहित को प्राथमिकता देनी होगी। अन्यथा सत्ता की राजनीति में अल्पकालिक लाभ भले मिल जाए, लेकिन जनता का विश्वास खोने वाले दलों का भविष्य सुरक्षित नहीं रह सकता। लोकतंत्र में अंततः वही दल टिकते हैं जो सिद्धांत, संगठन और जनता के विश्वास पर खरे उतरते हैं।

-विभूति बुपक्या
वाया ई-मेल

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# स्वस्थ रहने में मददगार है योग

क्या आपको दिनभर थका हुआ महसूस होता है या शरीर काफी अकड़ा हुआ लगता है, जिसकी वजह से कंधों, कमर आदि में दर्द रहता है? अगर हां, तो जरूरी है कि आप एक हेल्दी मॉर्निंग रुटीन फॉलो करें। आप सोच रहे होंगे कि इन सभी का इससे क्या लेना देना है, तो आपको बता दें कि आपकी सुबह की दिनचर्या आपके पूरे दिन को प्रभावित करती है। इससे आपके मूड, प्रोडक्टिविटी और सेहत तीनों पर काफी असर पड़ता है। इसलिए आज हम आपको एक ऐसी चीज के बारे में बताने वाले हैं, जिसे अपने मॉर्निंग रुटीन में शामिल करके बेहतर फोकस, अच्छा मूड और ज्यादा प्रोडक्टिविटी का एहसास कर पाएंगे।

हम बात कर रहे हैं योग की। रोजाना सुबह योग करने से आप दिनभर एक्टिव महसूस करते हैं और आपकी सेहत भी दुरुस्त रहती है। तो अगर आप भी योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहते हैं, तो आइए जानते हैं सुबह के समय आप किन योगासनों को आसानी से कर सकते हैं।

ये योगासन करने में आसान हैं और इनके फायदे लाजवाब हैं। इसलिए अगर आपने पहले कभी योग नहीं भी किया है, तो भी आसानी -से इन आसनों को कर पाएंगे। आइए जानते हैं कैसे करें ये योगासन।

### बालासन

सुबह के समय इस आसान को करने से आपकी कमर और हिप्स की मांसपेशियां खुलती हैं। साथ ही, इस आसन से गर्दन और सिर का ब्लड सर्कुलेशन भी बेहतर होता है। ये पाचन को भी बेहतर बनाने में मदद करता है।

**कैसे करें?**

सबसे पहले जमीन पर चटाई बिछाएं और उस पर अपने दोनों हाथों और घुटनों के बल खड़े हो जाएं। अब अपने दोनों पैरों के अंगूठे को आपस में चिपकाएं और अपने घुटनों को दूर करें। अब अपने हाथों को आगे की तरफ फैलाएं और गहरी लंबी सांस लेते हुए नीचे की ओर झुकें। 60 सेकंड तक इस आसन में रहें और इसके बाद धीरे-धीरे सामान्य पोजीशन में आ जाएं।



### भुजंगासन



इस आसन से आपकी छाती, कंधे, हाथ और पेट की मांसपेशियां मजबूत बनती हैं। साथ ही, इस आसन से रीढ़ की हड्डी भी लचीली बनती है और ये आसान मेंटल हेल्थ के लिए भी काफी फायदेमंद है।

**कैसे करें?**

इस आसन को करने के लिए जमीन पर चटाई बिछाएं और पेट के बल लेट जाएं। अपने हाथों को कंधों को बराबरी में रखें और पैरों के बीच भी इतनी ही दूरी लाएं। अब गहरी सांस भरते हुए, अपने हाथों पर बल देकर ऊपर की ओर उठें। इस दौरान अपने सीने को जमीन से ऊपर उठाएं और कंधों को पीछे की ओर धकेलें।

इस आसन में 30 सेकंड रुकें और फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए वापस सामान्य पोजीशन में लौट आएं।

### अधोमुख स्वानासन

इस आसन को करने से पीठ की मांसपेशियां, हाथ और पैरों को मजबूती मिलती है। साथ ही, ये ब्लड सर्कुलेशन को भी बेहतर बनाता है और तनाव कम करने में मदद करता है।

**कैसे करें?**

इस आसन को करने के लिए चटाई पर अपने हाथों और घुटनों के बल खड़े हो जाएं। अब गहरी सांस लेते हुए अपने घुटनों को जमीन से ऊपर उठाएं और अपनी पीठ को सीधी करने की कोशिश करें। इस दौरान अपने सिर को हाथों के बीच रखें। 30 सेकंड तक इस आसन में रहें और फिर रिलैक्स हो जाएं।



### मार्जरी आसन

इस आसन से रीढ़ की हड्डी फ्लेक्सीबल बनती है और बॉडी पोश्चर में सुधार होता है। साथ ही, ये आसन पाचन को बेहतर बनाता है और स्ट्रेस कम करने में भी मददगार है।

**कैसे करें?**

इस आसन को करने के लिए अपने हाथों और घुटनों के बल जमीन पर खड़े हो जाएं।

अब सांस छोड़ते हुए अपनी पीठ को ऊपर की तरफ ले जाएं और सिर को छाती की तरफ झुकाएं। इसके बाद सांस लेते हुए अपनी पीठ को नीचे की तरफ लाएं और पेट को जमीन की तरफ झुकाएं। 30 सेकंड तक इस प्रक्रिया को दोहराएं और फिर रिलैक्स हो जाएं।



# इन घरेलू उपायों से जोड़ों के दर्द से मिलेगा जल्द आराम

आर्थराइटिस, जिसे जोड़ों का दर्द या गठिया भी कहा जाता है, एक ऐसी स्थिति है जो जोड़ों में सूजन और दर्द का कारण बनती है। यह समस्या खासकर अधिक उम्र के लोगों और कभी-कभी युवाओं में भी देखी जाती है। आर्थराइटिस होने के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख कारण की बात की जाए तो जोड़ों पर अत्यधिक दबाव, चोट, ऑटोइम्यून विकार, और खराब जीवनशैली शामिल हैं। आर्थराइटिस की समस्या के कारण चलना-उठना और जीवन के सामान्य कार्यों को करना भी मुश्किल हो जाता है। इसके कुछ लक्षण की अगर बात की जाए तो जोड़ों में दर्द, सूजन, अकड़न, और गतिशीलता में कमी हो सकती है। कई बार जोड़ों में दर्द और अकड़न के कारण उठने-बैठने, चलने-फिरने में परेशानी होती है। वैसे तो डॉक्टर से संपर्क करके सही उपचार करना जरूरी है, लेकिन लेकिन कुछ घरेलू उपाय आर्थराइटिस के दर्द को कम करने में मदद कर सकते हैं। आइए जानें कुछ प्रभावी घरेलू उपाय जो जोड़ों के दर्द से राहत दिला सकते हैं।



**1. हल्दी और दूध**

हल्दी में मौजूद करक्यूमिन में एंटी इंफ्लेमेटरी और दर्द निवारक गुण होता है। एक गिलास गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर रात को सोने से पहले पिएं। यह जोड़ों की सूजन और दर्द को कम करता है। नियमित सेवन से आर्थराइटिस के लक्षणों में सुधार हो सकता है।

**2. गर्म और ठंडी सिकाई**

जोड़ों के दर्द में गर्म और ठंडी सिकाई बहुत प्रभावी है। गर्म सिकाई मांसपेशियों को आराम देती है और अकड़न कम करती है, जबकि ठंडी सिकाई सूजन को नियंत्रित करती है। 15 मिनट तक गर्म पानी की बोतल से सिकाई करें, फिर 10 मिनट तक बर्फ की थैली का उपयोग करें। इसे दिन में दो बार करें। आर्थराइटिस के रोगियों को डॉक्टर की सलाह पर नियमित रूप से इस उपाय को प्रयोग में लाना चाहिए।

**3. नियमित व्यायाम और मालिश**

हल्का व्यायाम, जैसे योग, तैराकी या पैदल चलना, जोड़ों को लचीला बनाता है। ताड़ासन और भुजंगासन जैसे योगासन विशेष रूप से लाभकारी हैं। साथ ही, नारियल या सरसों के तेल से जोड़ों की मालिश करें। तेल में लहसुन या अदरक का रस मिलाने से और लाभ मिलता है। मालिश रक्त संचार को बढ़ाती है और दर्द से राहत देती है।

**4. ओमेगा-3 युक्त आहार**

अलसी के बीज, अखरोट और मछली जैसे ओमेगा-3 युक्त खाद्य पदार्थ जोड़ों की सूजन को कम करते हैं। शाकाहारी लोग अलसी का तेल या बीज अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसके अलावा, हरी सब्जियां और फल भी पोषण प्रदान करते हैं।

# बुढ़ापे तक लीवर को जवां रखने का काम करती हैं ये चीजें

हमारे शरीर में कई अंग दिन-रात काम करते हैं लेकिन लीवर (यकृत) वह मौन योद्धा है जो बिना शोर किए, हर पल हमें स्वस्थ रखने में लगा रहता है। यह न सिर्फ पाचन में मदद करता है बल्कि खून को साफ करने, विषैले तत्वों को बाहर निकालने, दवाओं को प्रोसेस करने और शरीर में पोषक तत्वों का संतुलन बनाए रखने जैसे सैकड़ों जरूरी काम करता है। जीवनशैली की छोटी-छोटी लापरवाहियां इस नाजुक अंग को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचा सकती हैं और जब तक इसके लक्षण सामने आते हैं, तब तक काफी देर हो चुकी होती है इसलिए ज़रूरी है कि हम लिवर की देखभाल को गंभीरता से लें। सही खानपान, फिजिकल एक्टिविटी और समय-समय पर जांच से ही इस जरूरी अंग को उम्र भर स्वस्थ रखा जा सकता है। भारत में हर 5 में से 1 व्यक्ति लिवर की समस्या से ग्रस्त है। लिवर से होने वाली मौतों का आकंड़ा भी बढ़ता ही जा रहा है। फैटी लिवर, लिवर में पानी भरना जैसे कई समस्या अब आम है लेकिन अगर आप हैल्दी खाते हैं तो ना तो लिवर में किसी तरह की सूजन आएगी और ना ही फैट।

**खान-पान का सबसे अहम रोल-बुढ़ापे तक जवां रहेगा लिवर**

लिवर को हैल्दी रखने का अहम काम आपका खान-पान ही करता है। आप जो खाते हैं, वहीं आपके शरीर पर असर दिखाता है। कुछ चीजें ऐसी हैं जो आपके लिवर के लिए जहर हैं जैसे प्रोसेस्ड-तला भुना खाना, मैदा चीनी और ज्यादा नमक लेकिन कुछ फूड्स आपके लिवर के लिए वरदान भी हैं जो सालों साल आपके लिवर को ज्वां बनाए रखते हैं। इसे अपनी डाइट में आप रैगुलर शामिल करते रहे तो लिवर डिटॉक्स होता रहेगा।

**चुकंदर:** चुकंदर आपके लिवर के लिए बहुत ज्यादा फायदेमंद है। चुंकदर का जूस, सलाद जरूर खाएं।

**ब्रोकोली:** ब्रोकोली इतनी फायदेमंद है कि ये आपके लिवर को डेमेज होने से बचाती है। फैटी लिवर से बचाती है। इसके अलावा आप केल,पालक और साग भी जरूर खाएं क्योंकि हरी पत्तेदार सब्जियां लिवर को डिटॉक्स करती है। चुकंदर और ब्रोकोली, ये दो चीजें तो रूटीन में अपनी डाइट में शामिल रखें।

**3. हरी पत्तेदार सब्ज़ियां-** जैसे पालक, मेथी, ब्रोकोली, सरसों का साग - ये लिवर से टॉक्सिन्स निकालने में मदद करती हैं। इनमें क्लोरोफिल होता है जो लिवर की सफाई करता है।

**5. अखरोट-** ओमेगा-3 फैटी एसिड्स और ग्लूटाथियोन से भरपूर - लिवर की सफाई में सहायक। खासकर फैटी लिवर की स्थिति में लाभदायक।

**6. ग्रीन टी-** इसमें एंटीऑक्सीडेंट (कैटेचिन) होता है जो लिवर को फ्री रेडिकल्स से बचाता है। लिवर फैट कम करने में मदद करता है।

**7. सिट्रस फल -** जैसे नींबू, संतरा, मौसंबी - विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर। शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकालने में सहायक।

**8. सेब-** इसमें पेक्टिन होता है जो पाचन को बेहतर करता है और लिवर पर बोझ कम करता है। कोलेस्ट्रॉल को भी नियंत्रित करता है।

**लिवर हेल्दी रखने के लिए ये टिप्स जरूर अपनाएं**

शराब और तली चीजों से दूरी रखें।

धूम्रपान न करें।

रोज़ाना 8 से 10 गिलास पर्याप्त पानी पिएं।

# ऑफिस में गलत पॉस्चर में बैठने से शरीर में बढ़ जाता है इन बीमारियों का खतरा



आज के डिजिटल दौर में ऑफिस में घंटों तक कुर्सी पर बैठे रहना हमारी जिंदगी का हिस्सा बन गया है। इस दौरान हममें से ज्यादातर लोग अक्सर गलत तरीके से बैठते हैं, कभी कमर झुकाकर, तो कभी कंधे आगे करके या गर्दन को स्क्रीन की ओर झुकाकर। शुरुआत में यह बस थोड़ा-बहुत पीठ दर्द या गर्दन में अकड़न जैसा लग सकता है। लेकिन, अगर हम इस खराब पोस्चर को नजरअंदाज करते रहें, तो यह सिर्फ दर्द तक सीमित नहीं रहता। लंबे समय तक ऐसे बैठने से हमारा शरीर कई गंभीर बीमारियों के घेरे में आ सकता है, जिनके बारे में शायद आपने सोचा भी न हो। आइए इस लेख में विस्तार से जानते हैं कि ऑफिस में गलत पोस्चर में बैठने से कौन-सी तीन बड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है और कैसे आप खुद को इनसे बचा सकते हैं।

**पीठ और गर्दन का दर्द**

गलत पोस्चर में लगातार बैठने से आपकी रीढ़ की हड्डी पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। जब आप झुककर या कंधे झुकाकर बैठते हैं, तो रीढ़ की डिस्क और आसपास की मांसपेशियों पर असामान्य खिंचाव पड़ता है। यह धीरे-धीरे मांसपेशियों में खिंचाव, लिगामेंट्स पर तनाव और डिस्क के घिसाव का कारण बनता है। इसका सीधा परिणाम लगातार पीठ दर्द होता है, जो कमर से लेकर गर्दन और कंधों तक फैल सकता है। यह दर्द इतना बढ़ सकता है कि रोजमर्रा का सामान्य काम करना भी मुश्किल हो जाता है। कुछ मामलों में, यह साइटिका जैसी नसों से जुड़ी समस्याओं का भी कारण बन सकता है, जहां दर्द पैर तक फैल जाता है।

**खराब पाचन और मेटाबॉलिक समस्याएं**

गलत पोस्चर सिर्फ रीढ़ की हड्डी को ही नहीं, बल्कि आपके आंतरिक अंगों को भी प्रभावित करते हैं। जब आप कमर झुकाकर या आगे की ओर झुककर बैठते हैं, तो पेट और आंतों जैसे महत्वपूर्ण पाचन अंगों पर दबाव पड़ता है। यह दबाव पाचन प्रक्रिया को धीमा कर सकता है, जिससे एसिड रिफ्लक्स, अपच, पेट फूलना और कब्ज जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा, गलत पोस्चर के साथ लंबे समय तक बैठे रहने से शारीरिक गतिविधि कम होती है, जो आपके शरीर के मेटाबॉलिज्म को धीमा कर देती है। धीमा मेटाबॉलिज्म वजन बढ़ने, इंसुलिन रेजिस्टेंस और अंततः टाइप 2 डायबिटीज जैसी मेटाबॉलिक बीमारियों के जोखिम को बढ़ा सकता है।

**हृदय रोग का जोखिम बढ़ता है**

यह सुनकर शायद आपको आश्चर्य लगे, लेकिन गलत पोस्चर और अत्यधिक देर तक बैठे रहना आपके हृदय स्वास्थ्य के लिए भी खतरा पैदा कर सकता है। लंबे समय तक एक ही स्थिति में बैठे रहने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन धीमा हो जाता है। इससे वैरिकोज वेंस और डीप वेन थ्रोम्बोसिस जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है, जिसमें पैरों की नसों में खून के थक्के बन सकते हैं। इससे भी बढ़कर, गलत पोस्चर के साथ जुड़ा गतिहीन जीवनशैली हाई ब्लड प्रेशर, हाई कॉलेस्ट्रॉल और मोटापे को बढ़ावा देती है, ये सभी हृदय रोग और स्ट्रोक के प्रमुख जोखिम कारक हैं।

**क्या करें?**

ऑफिस में गलत पोस्चर में बैठने के गंभीर परिणामों को देखते हुए, यह बेहद जरूरी है कि हम अपनी आदतों पर ध्यान दें। अच्छी बात यह है कि इन सभी खतरों से बचा जा सकता है। इसके लिए, सही एर्गोनोमिक सेटअप अपनाएं, अपनी कुर्सी, मॉनिटर और कीबोर्ड को ऐसे सेट करें कि आपकी पीठ सीधी रहे और आंखें स्क्रीन के लेवल पर हों। हर 30-60 मिनट में नियमित ब्रेक लें, खड़े हों, थोड़ा टहलें और स्ट्रेचिंग करें। बैठते समय सचेत होकर अपनी मुद्रा को सही रखें; पीठ सीधी, कंधे ढीले और पैर फर्श पर सपाट हों। अपनी कोर मसल्स को मजबूत करने के लिए नियमित व्यायाम करें, क्योंकि ये सही पोस्चर बनाए रखने में मदद करती हैं। यदि आपको लगातार दर्द या उपरोक्त में से कोई भी लक्षण महसूस होता है, तो तुरंत डॉक्टर या फिजियोथेरेपिस्ट से सलाह लें।

# शरीर में है विटामिन बी-12 की कमी? डाइट में शामिल करें ये चीजें

विटामिन बी-12 हमारे शरीर के लिए सबसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों में से एक है, जो लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण और तंत्रिका तंत्र के स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसकी कमी से थकान, कमजोरी, भूलने की बीमारी, और गंभीर मामलों में एनीमिया जैसी समस्याएं हो सकती हैं। कई लोग विटामिन बी-12 की कमी को पूरा करने के लिए सप्लीमेंट का सहारा लेते हैं, लेकिन संतुलित आहार के जरिए इसकी पूर्ति संभव है। केला, चना, अंडे और डेयरी उत्पाद जैसे खाद्य पदार्थ विटामिन बी-12 की कमी को प्राकृतिक रूप से दूर करने में मददगार हैं। आइए जानें इनके फायदे और इन्हें डाइट में कैसे शामिल करें। **विटामिन बी-12 का महत्व-** विटामिन बी-12, जिसे कोबालमिन भी कहा जाता है, मुख्य रूप से पशु-आधारित खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। शाकाहारी लोगों में इसकी कमी की संभावना अधिक होती है, क्योंकि पौधों में यह स्वाभाविक रूप से कम होता है। इसकी कमी से थकान, कमजोरी, सुन्न होने, चलने में परेशानी, मतली आने, वजन कम होना, चिड़चिड़ापन, और एकाग्रता में कमी जैसी समस्याएं हो सकती हैं।



गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों में इसकी कमी गंभीर हो सकती है। ऐसे डाइट में विटामिन बी-12 युक्त खाद्य पदार्थ शामिल करना आपके लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है। **1. केला-** केला न केवल ऊर्जा का त्वरित स्रोत है, बल्कि यह विटामिन बी-12 के अवशोषण में भी मदद करता है। हालांकि केले में सीधे तौर पर विटामिन बी-12 नहीं होता, लेकिन यह अन्य विटामिन्स और खनिजों के साथ मिलकर शरीर में इसकी कमी को संतुलित करने में सहायक है। रोजाना 1-2 केले खाने से पाचन तंत्र मजबूत होता है, जो विटामिन बी-12 के अवशोषण को बढ़ाता है। **2. चना-** चना प्रोटीन और फाइबर का उत्कृष्ट स्रोत है। कुछ अध्ययनों के अनुसार, किण्वित (फर्मेंटेड) चने में विटामिन बी-12 की मात्रा बढ़ सकती है। शाकाहारी लोग भुना हुआ चना, चने की सब्जी या चने का सूप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। यह पाचन को बेहतर बनाता है और विटामिन बी-12 की कमी को पूरा करने में सहायता करता है। **3. अंडे-** अंडे विटामिन बी-12 का शानदार स्रोत हैं। एक अंडे में लगभग 0.6 माइक्रोग्राम विटामिन बी-12 होता है, जो दैनिक आवश्यकता का हिस्सा पूरा करता है। उबले अंडे, आमलेट या स्क्रैम्बल्ड एग्स को नाश्ते में शामिल करें। अंडे प्रोटीन और अन्य पोषक तत्वों से भी भरपूर होते हैं, जो समग्र स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं।

# स्किन और बालों के लिए तो वरदान हैं आंवला

आंवला पोषक तत्वों का पावरहाउस होता है क्योंकि इसमें विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, पोटेशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर जैसे तमाम पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए बेहद फायदेमंद साबित होते है। आंवला का सेवन आप किसी भी रूप में कर सकते हैं। जैसे- आंवला का जूस, अचार, कैंडी और मुरब्बा। बहुत से लोगों का इम्यून सिस्टम कमजोर होता है वह जल्दी बीमार पड़ जाते हैं। ऐसे लोगों को आंवला जरूर खाना चाहिए क्योंकि आंवले में विटामिन सी भरपूर होता है जो आपकी प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। इससे आप वायरल इंफेक्शंस जैसे बुखार, सर्दी जुकाम आदि से बचे रहेंगे। अगर आपको खाया पिया नहीं पचता तो आंवला खाना शुरू करें। रोजाना कच्चा आंवला या फिर आंवले का मुरब्बा खाया जाए तो पेट की दिक्कतों राहत मिलती हैं। आंवले में फाइबर होता है जो हेल्दी गट बैक्टीरिया को बढ़ाता है, पाचन अच्छा रखता है। जिन लोगों को कब्ज रहती है उन्हें भी आंवला जरूर खाना चाहिए। विटामिन सी से भरपूर होने के चलते आंवला मेटाबॉलिज्म को फायदे देता है। जिन लोगों को ब्लड शुगर की समस्या है उन्हें भी डाइट में आंवला जरूर शामिल करना चाहिए। आंवला इसे कंट्रोल रखने में मददगार है। कच्चा आंवला, जूस डायबिटीज के मरीजों के लिए सही रहता है। आंवले में विटामिन ए रहता है जो आपकी आंखों के लिए अच्छा माना जाता है। आंखों में रोशनी कम होने से बचाता है। छोटे बच्चे हो या बड़े लोग, सबको हफ्ते में 1 से 2 बार आंवला तो जरूर लेना चाहिए। मार्कीट में आपके सुना होगा कई तरह के आंवला ऑयल मौजूद है। आंवले की तासीर ठंडी होती है इसलिए गर्मी के मौसम में बालों पर इसका तेल लगाना फायदेमंद हो सकता है। वहीं आंवला आपकी स्किन को खूबसूरत रखता है और बालों को घना बनाने का काम करता है। आंवला हेयर फॉलिकल्स को फायदा देने में भी असरदार है। आंवले का सेवन रैगुलर करने से आपके बाल झड़ने-टूटने बंद हो जाएंगे।बाल मुलायम हो जाएंगे। आंवला का सेवन आप डायरेक्ट बालों में भी कर सकते हैं जैसे सूखे आंवले को हरी मेहंदी में भिगोकर लगा सकते हैं। शरीर जब अंदर से स्वस्थ रहता है तो उसका असर त्वचा पर बाहरी रूप से भी दिखने लगता है। एजिंग साइंस कम करने से लेकर कोलाजन बेहतर करने तक में आंवले का असर दिखता है। आपकी स्किन बेदाग चमकदार और झुर्रियों रहित हो जाएगी।





-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शुक्रवार, 19 जून 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे पंचमी तिथौ शुक्र वासरे 17/01/ आश्लेषा नक्षत्रे 10/07/ हर्षण योग 14/54/ बव करणे 05/55/ सिंह राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

व्रत एवं त्यौहार- ----

**मेष :** श्रम संघर्ष प्रयास से संकल्पित मनोरथ पूर्ण होगा। रुके द्रव्य की प्राप्ति होगी। यात्राओं की योजना बन सकती है।

**वृष :** किसी से आकस्मिक लाभ होगा। श्रेष्ठ जनों का सहयोग प्राप्त होगा। वैभव में वृद्धि होगी। बैद्धिक कार्य से निवृत्त हो जाएंगे।

**मिथुन :** आर्थिक कष्ट समाप्त होंगे अधिकारीयों की कृपा से राजकार्यों में सफलता प्राप्त होगी। किसी प्रकार की चिंता रहेंगी।

**कर्क :** नए कार्यों हेतु समय प्रतिकूल रहेगा। भ्रमण प्रियता बढ़ेगी। सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। संपर्कों का लाभ लेंगे।

**सिंह :** अधिकारी वर्ग अनुकूल रहेगा। धन के दुरुपयोग से बचें। मानसिक अशांति का समय है। यात्राएं बाधा सहित होंगी।

**कन्या :** अभिलाषाओं की आंशिक पूर्ति होगी। परिश्रम से किया गया कार्य वांछित फल देगा। असमंजस पैदा होंगे। नये कार्य बनेंगे।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** श्रम की अधिकता रहेगी। उदर या शिरो व्यथा रहेगी। व्यापार में उन्नति होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा।

**धनु :** विरोधी परास्त्र होंगे। घरेलू व्यय भार बढ़ेगा। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होगी। आकस्मिक यात्रा योग बनेगा।

**मकर :** घरेलू दायित्वों की पूर्ति। लाभ मार्ग प्रशस्त रहेगा। व्यय भार में कमी आएगी। दैनिक जीवन की विषमताएं कम होंगी।

**कुंभ :** अच्छी दशा वालों को मित्र मिलाप एवं शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग प्राप्त होगा। घरेलू कार्य का बोझ तनाव दे सकता है।

**मीन :** अधूरे कार्यों का निपटारा करना आपको तनाव दे सकता है। अपनी कार्य प्रणाली में परिवर्तन लाना पड़ेगा।



# जन चौपाल में गूंजा प्रधान सुरेंद्र तिवारी का विकास मॉडल, अधिकारियों ने की सराहना

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार शाम को विकासखंड दोहरीघाट के ग्राम पंचायत बहरामपुर में भव्य जन चौपाल एवं विशेष विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लेकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे ग्राम प्रधान सुरेंद्र तिवारी, जिनके नेतृत्व में ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों की चर्चा पूरे कार्यक्रम में होती रही। उपस्थित अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने पंचायत में कराए गए विकास कार्यों की खुलकर सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि प्रधान सुरेंद्र तिवारी ने सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, आवास एवं जनसुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर गांव की तस्वीर बदलने का काम किया है। जन चौपाल में कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, मनरेगा, स्वयं सहायता समूह तथा ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने ग्रामीणों की शिकायतें एवं सुझाव भी सुने तथा उनके निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सुरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता गांव के प्रत्येक व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि पंचायत के समग्र विकास और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं तथा आगे भी विकास कार्यों की गति को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम में श्रम विभाग से प्रतिनिधि के रूप में सतीश वर्मा, एडीओ पंचायत रमेश चन्द,सचिव प्रमोद कुमार,एडीओ एजी रमेश यादव, एडीओ एसके जयचन्द प्रसाद, जेई एमआई योगेन्द्र वर्मा, शिक्षा विभाग देवेन्द्र त्रिपाठी, आईसीडीसी सरिता गुप्ता, एनआरएलएम अमरनाथ, सुधाकर पाण्डेय, करुणाकर पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जन चौपाल के दौरान ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला और लोगों ने पंचायत में हुए विकास कार्यों की प्रशंसा करते हुए प्रधान सुरेंद्र तिवारी के प्रयासों को सराहनीय बताया।

# पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को घोसी पुलिस ने किया गिरफ्तार



**स्वतंत्रभारत मऊ।** पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत घोसी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार एवं क्षेत्राधिकारी घोसी जितेन्द्र सिंह के निर्देशन में थाना घोसी पुलिस टीम ने पाक्सो एक्ट के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।थाना घोसी पर पंजीकृत मु0अ0सं0-63/26, धारा 87, 137(2), 65(1) बीएनएस एवं 3/4(2) पाक्सो एक्ट से संबंधित मामले में वांछित अभियुक्त अजय कुमार राजभर (23 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय रामविलास, निवासी ग्राम चकबलदेव, थाना सिकन्दरपुर, जनपद बलिया को म0उ0नि0 रिचा सोनी, म0का0 रूपा सिंह एवं कांस्टेबल अनुराग सिंह की टीम ने गिरफ्तार किया।गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण कर न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी है।

## विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आत्मनिर्भरता पर जोर : कृपाशंकर सिंह

**जौनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल एवं जनसेवा को समर्पित 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज ÷12 साल बेमिसाल÷ कार्यक्रम के तहत विशेष जनसंपर्क अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जौनपुर लोकसभा क्षेत्र के परशुरामपुर मंडल के ग्राम सभा अभयचंद पट्टी निवासी सतेंद्र चौहान के आवास पर पहुंचकर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी जौनपुर कृपाशंकर सिंह ने उनका अभिनंदन किया। इसके बाद परशुरामपुर के विनोद शर्मा एवं उतरेजपुर के संजय यादव को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कृपाशंकर सिंह ने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी ग्रामीणों को दी आगे कहा कि 2047 तक विकसित भारत के संकल्प पर भी चर्चा की गई। विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आत्मनिर्भरता, तकनीकी विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और मजबूत अर्थव्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



**जफ़राबाद जौनपुर।** विकासखंड सिरकोनी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरकोनी का मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने औचक निरीक्षण किया उनके पहुंचते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हड़कंप मच गया सबसे पहले उन्होंने शौचालय देखा और उसके बाद ओपीडी रजिस्टर तथा उपस्थिति पंजिका लेकर सभी कर्मचारी की उपस्थिति देखी और और देर से आने वाली स्टाफ नर्स प्रतिभा मिश्रा को चेतावनी देकर छोड़ दिया समय पर सभी कर्मचारी और डॉक्टर उपस्थित रहे और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर राजीव से उन्होंने कहा की आने वाले सभी रोगियों का जितना संभव हो सके आप लोग इलाज कीजिए और ज्यादा गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय एंबुलेंस द्वारा मरीजों को भिजवाइए गर्मी को देखते हुए शुद्ध तथा ठंडे जल की व्यवस्था के बारे में उन्होंने कूलर को चेक किया जिसमें ठंडा पानी निकल रहा था निरीक्षण के समय डॉ राजीव कुमार,डॉ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ मनोज गौतम, अभिषेक मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, प्रतिमा यादव, जमील अहमद , विनोद कुमार, विशाल यादव, प्रतिमा पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे , उसके बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जफराबाद पहुंचे जहाँ पर चिकित्सक व फ़ार्मासिस्ट अनुपस्थित मिले तथा केवल चौकीदार संजय सिंह वार्डबॉय अमित,तथा सी एच ओ प्रतिमा सिंह उपस्थित मिली, बाद में सीएमओ से वार्ता करने पर उनके द्वारा जानकारी दी गई कि अनुपस्थित डॉक्टर को नोडल अधिकारी नियुक्त करके लखनऊ बैठक में भेजा गया है ।

## खबर एक नज़र

### बेलौली मंदिर में 25 जून से शुरू होगा बराम उत्सव

**स्वतंत्रभारत मऊ।** दोहरीघाट ब्लॉक के प्राचीन लक्ष्मण जी महाराज मंदिर, बेलौली में परंपरागत बराम उत्सव का आयोजन 25 जून से शुरू होगा। मंदिर के पुजारी बद्री दास ने बताया कि 25 जून को पचईबराम, 2 जुलाई को छठईबराम और 9 जुलाई को सतईबराम मनाया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर भगवान लक्ष्मण जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। आयोजन की तैयारियां मंदिर समिति एवं ग्रामीणों द्वारा की जा रही हैं।

### सिया बस्ती में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर खुली बैठक आयोजित

**स्वतंत्रभारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना ब्लॉक की आदर्श ग्राम सभा सिया बस्ती में पंचायत भवन परिसर में ग्राम प्रधान अशोक कुमार की अध्यक्षता में खुली बैठक आयोजित की गई। ग्राम पंचायत अधिकारी ब्रह्मप्रकाश पाठक ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्लस सर्वेक्षण-2024 के तहत चयनित 68 लाभार्थियों की सूची पढ़कर सुनाई और स्थायी पात्रता सूची के संबंध में जानकारी दी। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

### मोहर्रम को लेकर कोपागंज में पुलिस-प्रशासन का फ्लैग मार्च

**स्वतंत्रभारत मऊ।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए कोपागंज नगर क्षेत्र में पुलिस, प्रशासन और पीएसी की संयुक्त टीम ने फ्लैग मार्च निकाला। घोसी क्षेत्राधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में निकाले गए मार्च के दौरान अधिकारियों ने लोगों से भाईचारा बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ताजिया पूर्व निर्धारित स्थानों पर ही रखी जाएगी तथा उनकी संख्या और ऊंचाई परंपरानुसार ही रहेगी। प्रशासन ने पर्व के दौरान सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी सतर्कता बरतने का भरोसा

### मारपीट करने में दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्रभारत मऊ।** हलधरपुर थाने के इटौरा गांव निवासी एसामुद्दीन पुत्र मंजूर ने थाने पर तहरीर दिया कि विगत बुधवार को गांव के ही गुलाम हुसैन पुत्र नुरुल्लाह खां एवं नुरुल्लाह पुत्र बशीर ने जमीनी विवाद में उसके साथ गाली गलौज किया तथा मना करने पर उन लोगों ने उसे बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। इस दौरान उसके शोर मचाने पर आरोपित वहां से फरार हो गए ।पुलिस ने इस संबंध में दोनों नामजद आरोपितों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2 ),352 तथा 351(3) के तहत मामला पंजीकृत कार्यवाही शुरू कर दिया ।

### यातायात निरीक्षक ने मोहम्मदाबाद गोहना रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**स्वतंत्रभारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना रेलवे स्टेशन पर पूर्वोत्तर रेलवे के यातायात निरीक्षक डी.बी. सिंह ने स्टेशन कार्यालय पहुंचकर अभिलेखों एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने यातायात से संबंधित रजिस्टरों और अन्य दस्तावेजों की जांच कर कर्मचारियों को समय से ड्यूटी पर उपस्थित रहने, रेलवे नियमों का पालन करने तथा अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। लगभग चार घंटे तक निरीक्षण के बाद वह आजमगढ़ के लिए रवाना हो

### हत्या मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार, आला कत्ल बरामद

**स्वतंत्रभारत मऊ।** कोपागंज थाना पुलिस ने हत्या के एक मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा, बांस की फट्टी और लोहे की नुकीली सरिया बरामद की है। पुलिस के अनुसार पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति की हत्या कर शव तालाब में फेंकने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीन आरोपियों को हसनपुर चट्टी के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। मामले में एक बाल अपचारी को भी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है।

### मधुबन पुलिस ने 92 हजार रुपये के पांच गुम मोबाइल बरामद कर लौटाए

**स्वतंत्रभारत मऊ।** मधुबन थाना पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से लगभग 92 हजार रुपये मूल्य के पांच गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सौंप दिए। पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत शिकायतों की जांच कर मोबाइल ट्रेस किए गए। मऊ पुलिस ने आमजन से अपील की है कि मोबाइल गुम होने पर तत्काल पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें, जिससे त्वरित कार्रवाई की जा सके।

### मऊ के 15 विद्यालयों की मान्यता समाप्त

**स्वतंत्रभारत मऊ।** जिला विद्यालय निरीक्षक गौतम प्रसाद ने बताया कि लगातार दो वर्षों तक परीक्षा में कोई छात्र शामिल न होने अथवा कक्षाएं संचालित न किए जाने के कारण जनपद के 15 स्ववित्तपोषित हाईस्कूल एवं इंटर कॉलेजों की मान्यता स्वतः समाप्त हो गई है। उन्होंने अभिभावकों, छात्रों एवं आमजन से ऐसे विद्यालयों में प्रवेश लेने से पूर्व सावधानी बरतने और मान्यता की स्थिति की जानकारी प्राप्त करने की अपील की है।

### निजी कंपनी को रजिस्ट्री कार्य सौंपने के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत सेवराई।** बार एसोसिएशन सेवराई की एक आवश्यक बैठक गुरुवार को अध्यक्ष पारस राम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश सरकार द्वारा रजिस्ट्री कार्य को निजी कंपनी के माध्यम से संचालित करने के प्रस्ताव तथा पेपरलेस रजिस्ट्री, मेल एवं ऑनलाइन व्यवस्था लागू किए जाने का अधिवक्ताओं ने विरोध जताया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्ण रूप से ऑनलाइन एवं पेपरलेस व्यवस्था का क्रियान्वयन व्यावहारिक नहीं है। इस अवसर पर अधिवक्ता अजय राय, शाहजहां खान, पूनम कुमार सिंह यादव, अब्दुल नसीम, उमेश प्रताप सिंह कुशवाहा, पारस नाथ सिंह, राम सेवक राम, वीरेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार सिंह यादव, कौशल कुमार, राधा कृष्ण राम, मोहम्मद वारिस अली अंसारी, जितेंद्र उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस को शहीद स्मृति दिवस के रूप में मनाया

**स्वतंत्रभारत मऊ।**गुरुवार को देश के जंगे आजादी की महानायिका वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कस्बा स्थित पार्टी के जनसंपर्क कार्यालय पर शहीद स्मृति दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया।इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बलिदानी गाथा को याद किया उक्त अवसर पर क्षेत्र से जुटे कार्यकर्ताओं के बीच भाजपा नेता व्यापार मंडल के अध्यक्ष शिवकुमार जायसवाल ने कहा की रानी लक्ष्मीबाई भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की अग्रदूत थी उनके द्वारा भड़काई गई क्रांति की ज्वाला से अंग्रेज शासन बुरी तरह हिल गया था हालांकि अंग्रेजों ने इस क्रांति को दबा दिया था पर महारानी के बलिदान ने देश में क्रांति की जो बीज बोये उसने अंग्रेजी सरकार को 100 साल के अंदर भारत से उखाड़ फेंका उन्होंने आगे कहा कि रानी लक्ष्मी बाई ने देश के आजादी की लड़ाई में अपने रक्त से देश प्रेम की अमिट गाथा लिखी जो भारत ही नहीं बल्कि विश्व की महिलाओं को गौरवान्वित करता रहेगा उन्होंने कहा कि आजादी की बलि बेदी पर मात्र 23 वर्ष की उम्र में अपना बलिदान देकर उन्होंने देशभक्ति और बलिदान का इतिहास रचा देशवासी उनके त्याग और बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे।इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष संतोष राय विकास वर्मा पप्पू गुप्ता संजय चौहान संदीप राय सुरेश उपाध्याय बीर बहादुर शिवचंद भारती रामू भारती सचिन राय शिवनाथ गिरजा शर्मा आदि लोग रहे।

## तहसील में 'शासन आपके द्वार' शिविर का आयोजन

**शाहगंज जौनपुर।** शाहगंज तहसील परिसर में गुरुवार को 'शासन आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सीएचसी, आपूर्ति विभाग, आय-जाति-निवास व खतौनी अनुभाग, नगर पालिका, बेसिक शिक्षा परिषद, आईसीडीएस, यूपी ग्रामीण आजीविका मिशन, बाल विकास परियोजना व स्वच्छ भारत मिशन सहित कई विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी।उपजिलाधिकारी कुणाल गौरव ने स्टॉलों का निरीक्षण कर सेवाओं की जानकारी ली। यूपी ग्रामीण आजीविका मिशन खुटहन के स्टॉल पर उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का उत्साह बढ़ाया और 'शांति अगरबत्ती' का एक पैकेट खरीदकर उनके प्रयासों की सराहना की।

# 12 साल पूरा होने पर पूरे देश में जश्न का माहौल

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** मोदी सरकार के 12 साल पूरा होने पर इन दिनों पूरे देश में जश्न का माहौल बना हुआ है और हर तरफ 12 साल पूरा होने के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है और इसी कड़ी में गाजीपुर में भी एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री और अरुण कुमार सिंह ने फीता काटकर किया और इस दौरान उन्होंने लगाए गए स्टाइ का निरीक्षण भी किया और सभी स्टालों पर उन्होंने लोगों से उसके बारे में जानकारियां भी लिए इसके अलावा उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा लगाए गए स्टाइ पर भी पहुंचे और उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उनके कार्यों के बारे में जाना और उन्हें प्रमाण पत्र भी सौपे और उनके कार्यों की सराहना भी किया। हम कह सकते हैं कि आज उत्तर प्रदेश में योजनाओं के माध्यम से हर कोई को लाभान्वित करने का काम सरकार कर रही है इसलिए एक बार फिर 2027 में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनने जा रही है ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देखरेख में 12 साल से जो सरकार चल रही है जो ऐतिहासिक उपलब्धियां से भरी है कि देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में है मीडिया से बातचीत करते उन्होंने कहा कि सरकार की उपलब्धि7यां को लेकर जन-जन चल रहा है और महिलाओं को योजनाओं के माध्यम से स्वावलंबन की तरफ ले जाया जा रहा है और उन्हें आर्थिक रूप से विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मदद कर उन्हें स्वावलंबी बनाने का कार्य भी सरकार ने किया है सरकार के इन योजनाओं से अब तक लाखों लोग लाभान्वित हो चुके हैं और ऐसी कल्पना साल 2017 के पहले हम सोच भी नहीं सकते थे उन्होंने बताया कि यहां पर अलग-अलग प्रकार के सरकारी प्रदर्शनी भी लगाए गए हैं और प्रदर्शनियों में कर्मचारी और वालंटियर योजनाओं के बारे में लोगों को बता रहे हैं उन्होंने बताया कि इसके अलावा गोद भराई का भी कार्य किया गया है। इस दौरान उनसे सवाल किया गया कि क्या मोदी जी के कार्यों से विपक्ष के सारे सांसद उनके साथ आ रहे हैं तब उन्होंने कहा कि हम पहली बार हरियाणा और असम त्रिपुरा अरुणाचल सहित कई राज्यों में सरकार हमारी बनी अब विपक्ष भी चाहती है कि हम मोदी जी का समर्थन करें।

# आगामी मोहर्रम, सावन माह और कावड़ यात्रा को देखते हुये, जिलाधिकारी की अधिकारियों के साथ बैठक

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** आगामी सावन माह, काँवड़ यात्रा एवं मोहर्रम पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा0 ईरज राजा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार, गाजीपुर में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी तथा थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी ताजियादारों के साथ बैठक कर अवगत करा दिया जा कि कोई भी ताजियॉ 10 फीट से उपर न बनायी जाय। जुलूस में किसी प्रकार का अस्त्र सस्त्र का प्रदर्शन न किया जाय ऐसा करते हुए पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वेद सिंह चौहान, मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद, पुलिस अधीक्षक शहरी राकेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल, मुख्य राजस्व



अधिकारी सुनिल कुमार त्रिवेदी, जिला विकास अधिकारी राजन राय सहित समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी थाना प्रभारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने आगामी त्योहारों के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल देते हुए सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयासों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे अराजक एवं असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध समय रहते प्रभावी एवं वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक ने जनपद के सभी क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा निरंतर भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों को अनिवार्य रूप से बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, डंडा एवं अन्य दंगा नियंत्रण उपकरण साथ रखने तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पूर्ण रूप से तैयार रहने के निर्देश दिए। बैठक में सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

## पॉक्सो एक्ट के वांछित आरोपी को गहमर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत सेवराई।** गहमर थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। आरोपी पर नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने तथा उससे शादी करने का आरोप है। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी जमानियां के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक नंद कुमार तिवारी के निर्देशन में कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार 4 जून 2026 को थाना गहमर क्षेत्र के बसुका गांव निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया था कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री तथा उसका 12 वर्षीय भांजा गांव से लापता हो गए हैं। इस संबंध में थाना गहमर पर मुकदमा संख्या 93/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने 15 जून को दोनों गुमशुदा बच्चों को बरामद कर लिया। शाहजहांपुर जनपद के सिंधौली थाना क्षेत्र के पसनिंगपुर गांव निवासी छोटेलाल पुत्र राधेश्याम दोनों को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था।

# अधिकारी के आश्वासन के बाद अन्ना ने खत्म किया अनशन

**जफराबाद जौनपुर।** स्थानीय रेलवे जंक्शन के प्लेटफार्म नम्बर चार पर बन्द किये गए छोटे गेट को खोलने तथा स्थायी गेट बनाये जाने के आश्वाशन के बाद जज सिंह अन्ना ने अपने आमरण अनशन को गुरुवार की दोपहर को खत्म कर दिया। ज्ञात हो स्थानीय स्टेशन के चार नम्बर प्लेटफार्म चार से बाहर निकलने वाले छोटे गेट को बंद कर दिया गया था।जिससे आम यात्री को दो किमी तक का चक्कर काटकर ट्रेन पकड़ने जाना पड़ता था।क्योंकि काफी यात्रियों का शहर की तरफ से स्टेशन पर आना रहता है।उसी तरफ से निकलने वाले छोटे गेट को भी बंद कर दिया गया था।बुधवार को जज सिंह अन्ना ने उक्त छोटे गेट को तत्काल खोलने तथा प्लेटफार्म नम्बर चार के तरफ गेट को स्थायी गेट बनाये जाने के लिए बुधवार से आमरण अनशन शुरू किया था। अन्ना के आमरण अनशन को लेकर रेलवे के अधिकारियों में हड़कम्प मच गया।गुरुवार को सीनियर इंजीनियर जौनपुर लखनऊ मंडल सुनील कुमार मौके पर आकर चार नम्बर प्लेटफार्म पर बन्द किये गए छोटे गेट को तुड़वा दिया।इसके अलावा अन्ना को आश्वाशन दिया कि जब कार्य का विस्तार होगा तब स्थायी गेट बनवाया जाएगा।उन्होंने अन्ना को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया।इस मौके पर आरपीएफ के एस आई अजय कुमार,चौकी प्रभारी प्रभुनारायण सिंह, सुमित कुमार, राधेश्याम सिंह, अमूल्य सिंह, विवेकानंद यादव, मनोज मिश्र आदि मौजूद रहे।



# 'सूचना प्रवाह' यूट्यूब चैनल का शुभारंभ



**स्वतंत्रभारत मऊ।** उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने डिजिटल संचार को मजबूत बनाने के उद्देश्य से अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल 'सूचना प्रवाह' का शुभारंभ किया। सूचना निदेशक विशाल सिंह एवं अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने चैनल का उद्घाटन किया। इस मंच के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं, महत्वपूर्ण निर्णयों और उपलब्धियों की प्रमाणिक एवं त्वरित जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि 'सूचना प्रवाह' सरकार और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम बनेगा तथा नागरिकों को योजनाओं की सही और समयबद्ध जानकारी उपलब्ध

## अनाधिकृत बसों के विरुद्ध परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई

**जौनपुर।** परिवहन विभाग द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों तथा अनाधिकृत रूप से संचालित बसों के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। एआरटीओ (प्रवर्तन) सत्येन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में यात्री/मालकर अधिकारी प्रमोद कुमार के साथ बीती रात्रि जनपद के विभिन्न मार्गों पर सघन जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान लगभग 50 बसों की जांच की गई। जांच के दौरान बिना नम्बर प्लेट, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाली 10 बसों का चालान किया गया। वहीं गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर 03 बसों को संबंधित थानों में सीज कर दिया गया। एआरटीओ (प्रवर्तन) सत्येन्द्र कुमार सिंह ने वाहन संचालकों से यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करने की अपील करते हुए कहा कि जनसुरक्षा के दृष्टिगत ऐसे विशेष अभियान आगे भी निरंतर चलाए जाते रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# खेतों में अधिक मात्रा में गोबर की खाद एवं जैविक संसाधनों का करें उपयोग

**स्वतंत्रभारत मऊ।**केंद्र सरकार के 12 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं जन जागरूकता अभियान तथा कृषि सूचना तंत्र सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन नगर पालिका कम्युनिटी हॉल में मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जनपद में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, खरीफ फसलों की उत्पादकता बढ़ाने तथा प्राकृतिक एवं उन्नतशील खेती के प्रति जागरूक करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। ऐसे आयोजनों से किसानों को नवीन कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त होगी तथा उनकी आय में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।बताया कि किसान जैविक एवं प्राकृतिक खेती को अपनाते थे, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति एवं पर्यावरण संतुलन बना रहता था। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से खेती एवं मानव स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाने का आह्वान करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।कृषि वैज्ञानिक डॉ. हर्षवर्धन सिंह ने किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि यूरिया एवं डीएपी जैसे रासायनिक उर्वरकों का संतुलित एवं आवश्यकतानुसार ही प्रयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने खेतों में अधिक मात्रा में गोबर की खाद एवं जैविक संसाधनों के उपयोग पर बल देते हुए बताया कि इससे मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है तथा फसलों की उत्पादकता भी बढ़ती है। कार्यक्रम के दौरान कृषि, उद्यान, पशुपालन एवं अन्य विभागों द्वारा लगाए गए विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन मुख्य विकास अधिकारी श्री विवेक कुमार श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय एवं अन्य उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को किसानों को योजनाओं एवं तकनीकी जानकारी का अधिकाधिक लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।कार्यक्रम में उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी सोम प्रकाश गुप्ता, वैज्ञानिकगण, जनप्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान एवं बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक खेती, आधुनिक कृषि तकनीकों तथा सरकार की विभिन्न किसान कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय का भाजपा-आरएसएस पर तीखा हमला, आस्था के नाम पर हुई लूट की सच्चाई देश के सामने लाई

## उन्होंने हनुमानगढ़ी मंदिर में मत्था टेकने के बाद रामलला का किया दर्शन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय आज अयोध्या पहुंचे, जहां उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि स्थित रामलला के दर्शन एवं पूजन के साथ हनुमानगढ़ी में भी मत्था टेककर प्रदेश और देश की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। अयोध्या जनपद की सीमा में प्रवेश करते ही सहादतगंज में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतनारायण सिंह एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया। बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं और समर्थकों के उत्साह को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह जनसमर्थन स्पष्ट संकेत दे रहा है कि उत्तर प्रदेश में राजनीतिक परिवर्तन की मजबूत जमीन तैयार हो चुकी है और आने वाला समय कांग्रेस



पार्टी का होगा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अजय राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव देश की गंगा-जमुनी संस्कृति, संविधान और जनता की आस्था के सम्मान की पक्षधर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने धर्म और आस्था को राजनीतिक लाभ का माध्यम बनाकर उसकी पवित्रता को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि जांच की जिम्मेदारी ऐसे अधिकारी को सौंपी गई है, जिनकी निष्पक्षता को लेकर पहले से ही प्रश्न उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के शीर्ष स्तर पर ऐसे लोगों की नियुक्ति की गई, जिनका सीधा संबंध केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री कार्यालय से रहा है। ऐसे में इस पूरे प्रकरण की नैतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी से केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री स्वयं बच नहीं सकते। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह तथा जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को रामनामा पहनाकर, पुष्पगुच्छ प्रदान किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने बताया माननीय प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के स्वागत में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक सिंह, राजेंद्र प्रताप सिंह, राम दास वर्मा, दयाशंकर तिवारी, अशोक सिंह मनऊंपुर, हरगाना तिवारी, हृदयनारायण मिश्रा, पंकज सिंह, राम अवध पासी, मनोज जायसवाल, राज प्रताप सिंह, रामकिशोर वर्मा, रामशंकर तिवारी, राजेंद्र प्रसाद, रवींद्र कुमार, अनिल सिंह, प्रशांत पांडे, कबींद्र साहनी, सुरेंद्र सिंह सैनिक, रामसागर रावत, भीम शुक्ला, सुरेंद्र सिंह, दीप कृष्ण वर्मा, विकास सिंह बिक्की, संतोष तिवारी, अश्वनी सिंह मधुर, धर्मेंद्र सिंह फास्टर, सतीश सिंह आदि रहे।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन अयोध्या में आज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन आज अयोध्या में होगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुबह 10.35 पर रुदौली विधानसभा के कामाख्या धाम पहुंच करके दर्शन-पूजन करने के बाद वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। उसके बाद रुदौली विधानसभा के विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार वहां से वे सीधे जनपद गोण्डा के लिये रवाना हो जायेंगे। और वहां कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद सीधे 2.55 पर रामकथा पार्क अयोध्या पहुंच जायेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में तीन बजे दर्शन-पूजन करने के बाद राम



मंदिर परिसर में रामलला का दर्शन-पूजन करेंगे। उसके बाद 3.30 पर कार्यक्रम स्थल ऋषिदेव दिगम्बर जैन में जायेंगे। सूत्रों की मानें तो 4.20 बजे श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मणिराम दास छावनी के महंत नृत्यगोपाल दास के जन्मोत्सव कार्यक्रम में भाग लेंगे। उसके बाद 5.10 बजे रामायण वैक्स म्यूजियम का उद्घाटन करेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला के भव्य और दिव्य मंदिर में पहुंचकर विधिवत पूजा-पाठ करेंगे। गौरतलब है कि राम मंदिर में दान में मिली रकम की हेराफेरी की भी जानकारी ले सकते हैं। जबकि जांच चल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या के रुदौली विधानसभा और सदर विधानसभा को काफी सौगात देंगे। सूत्रों ने बताया कि काफी अच्छे मात्रा में धनराशि उपलब्ध कराया जायेगा जिससे अयोध्या विधानसभा और रुदौली विधानसभा का विकास कर सकें। उनके आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गयी है।

# विधायक किसानों के पक्ष में हुए सख्त अधिकारियों को दिये अधिग्रहण रोकने के निर्देश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** लगातार हो रहे अधिग्रहण के दर्द का सामना कर रहे दो ग्राम सभा के किसानों के पक्ष में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कड़ा रुख अपनाया है। कई विकास कार्यों में भूमि अधिग्रहीत होने के बाद एक बार फिर नोटिस मिलने से परेशान ग्राम गंजा व मलिकपुर के ग्रामीणों ने विधायक से उनके सहादतगंज स्थित आवास पर मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान ग्रामीणों ने इलाके में बार बार हो रहे अधिग्रहण को लेकर अपना पक्ष रखते हुए ज्ञापन दिया। ग्रामीणों का पक्ष सुनने के बाद विधायक ने इसको लेकर अधिकारियों वार्ता की। विकास प्राधिकरण के वीसी व एसडीएम अरविंद कुमार से फोन पर वार्ता करते हुए उन्होंने फिरहाल किसानों की जमीन को अधिग्रहीत न करने का निर्देश दिया। किसानों का कहना था कि उन्होंने एयरपोर्ट, मेडिकल



कॉलेज, सीपेट संसथान, कौशल्या सदन, पीएसी/एसएसएफ गृह विभाग, उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिषन कार्पोरेशन व मेडिकल कॉलेज फोर लेन मार्ग के लिए अपनी जमीनें दी है। अपनी जन्मभूमि से जुड़े रहने को लेकर किसानों ने मुआवजे से प्राप्त धनराशि के अपने गांव में भूमि खरीदी। अब किसान पुनः अपनी भूमि खोने की आशंका में भय, असुरक्षा, मानसिक पीड़ा में जी रहे है। विधायक वेद गुप्ता ने एसडीएम व वीसी पर फोन वार्ता के दौरान निर्देश दिया कि इन किसानों की जमीन अब विकास कार्यो के लिए अधिग्रहीत न की जाय। पहले जो विकास कार्य चल रहे है। उसे गुणवक्ता के आधार समयबद्ध पूरा किया जाएग। इसके बाद भी अगर विकास कार्यो के लिए भूमि की आवश्यकता है, तो मसौधा के आगे कृषि विभाग की काफी जमीन पड़ी हुई है। कृषि विभाग को मुआवजा देकर जमीन लेने के बाद विकास प्राधिकरण अपना विकास कार्य वहां पर कराए। किसानों की जमीन अब किसी भी कीमत पर नहीं दी जाएगी। उनकी जितनी जमीन जानी थी, वह जा चुकी है। ज्ञापन देने के दौरान अमर बहादुर पाण्डेय, शिवमंगल तिवारी, श्याम नारायन पाण्डेय, रामसुमन तिवारी, राधेश्याम पाण्डेय, विजय शंकर पाण्डेय, नरेन्द्र देव तिवारी, संतोष तिवारी, अजय तिवारी, आलोक तिवारी, विपिन किशोर तिवारी, अवध किशोर तिवारी, केदार किशोर तिवारी, सूर्य नारायन पाण्डेय शामिल रहे।

# राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी मामले पर संतों में भी नाराजगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य और दिव्य राम मंदिर पर विराजमान रामलला के मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा जो चढ़ावा आया है उसमें अच्छी रकम गायब होने से अयोध्या के संत धर्माचार्य भी नाराज नजर आ रहे हैं। हर जगह मंदिर और मठों में यही गूंज रही है कि करोड़ों रुपये से ज्यादा का घोटाला होने के बाद भी प्रदेश सरकार एफआईआर क्यों नहीं दर्ज कर रही है जबकि एक रुपये की भी अगर चोरी हो जाय, या साइकिल गायब हो जाय तो तुरन्त एफआईआर हो जाता है और जांच भी शुरू हो जाती है, परन्तु ऐसी कौन सी बात है जो राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी मामले पर अभी तक एक भी एफआईआर दर्ज नहीं हुआ जबकि मामले की जांच चल रही है। अयोध्या के संत धर्माचार्यों में यह सुगबुगाहट है कि मामला गंभीर है और यह पूरे विश्व में अयोध्या की छवि धूमिल हो रही है।

# रामायण वैक्स म्यूजियम में होगा मुख्य समारोह, नगर निगम ने पूरी की सभी तैयारियां

## मुख्यमंत्री आज अयोध्या को देंगे 291 करोड़ रुपये की 245 विकास परियोजनाओं की सौगात

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अयोध्या को विकास की बड़ी सौगात देंगे। मुख्यमंत्री नगर निगम की कुल 291 करोड़ रुपये लागत वाली 245 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इनमें 47 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 198 नई परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्य समारोह अयोध्या के काशीराम कॉलोनी के निकट स्थित रामायण वैक्स म्यूजियम परिसर में आयोजित होगा। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पित की जाने वाली 47 परियोजनाओं पर लगभग 25.31 करोड़ रुपये की लागत आई है। इनमें रामायण वैक्स म्यूजियम, जोनल कार्यालय का प्रशासनिक भवन, 10 ओपन जिम, मल्टीलेवल कार पार्किंग, इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, स्मार्ट स्कूल परियोजनाएं तथा विभिन्न पार्कों का निर्माण प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री लगभग 264 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित 198 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। इनमें माझा जमथरा क्षेत्र में पंपिंग स्टेशन का निर्माण, जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कच्चे नालों का निर्माण, पार्किंग सुविधाओं का विकास, 74 बेड के वर्किंग वुमन हॉस्टल का निर्माण, 17.83 करोड़ रुपये की लागत वाला स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तथा कुशमाहा सहित विभिन्न स्थानों पर तालाब, पार्क, सड़क और यात्री निवास जैसी जनोपयोगी परियोजनाएं शामिल हैं। महापौर ने बताया कि मुख्यमंत्री के स्वागत एवं समारोह की भव्य तैयारियां की गई हैं। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अयोध्या महानगर क्षेत्र की चुनिंदा एक हजार हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडे ने बताया कि नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने कार्यक्रम स्थल सहित मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण स्थलों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली हैं। सफाई, पेयजल और अन्य नागरिक सुविधाओं को दुरुस्त किया गया है। संबंधित क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाकर चूने का छिड़काव कराया गया है। सड़कों की मरम्मत कराई गई है तथा पूरे नगर निगम क्षेत्र में फॉगिंग और एंटी-लार्वा छिड़काव भी कराया गया है। उन्होंने बताया कि लोकार्पित होने वाली परियोजनाओं के निर्माण कार्यों को अंतिम रूप दे दिया गया है। शिलान्यास से संबंधित सभी तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं।

# प्राकृतिक खेती से किसानों की आय बढ़ाने का लक्ष्य, विश्वविद्यालय में हुई कार्यशाला

**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज में प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को प्राकृतिक खेती की विभिन्न तकनीकों की जानकारी देते हुए जीवामृत, बीजामृत, प्राकृतिक खाद, नीमास्त्र, अग्न्यास्त्र तथा दशपर्णी तैयार करने की विधि बताई। किसानों को व्यवहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में गौ-आधारित प्राकृतिक खेती एवं जल संरक्षण पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। कम लागत में अधिक आय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किसान संवाद कार्यक्रम भी संचालित हुआ, जिसमें क्षेत्रवार फसल आधारित प्राकृतिक खेती मॉडल प्रस्तुत किए गए। उल्लेखनीय कार्य करने वाले सफल किसानों को सम्मानित करने के साथ प्राकृतिक खाद, बीज, मिलेट्स, स्थानीय उत्पाद एवं आधुनिक सिंचाई तकनीकों से संबंधित स्टॉल भी लगाए गए। कृषि, उद्यान, पशुपालन, गन्ना, मत्स्य, कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), एनआरएलएम, एफपीओ तथा डेयरी विभागों ने भी अपने-अपने स्टॉल के माध्यम से किसानों को योजनाओं और तकनीकों की जानकारी दी। कुलपति डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने उपस्थित किसानों को प्राकृतिक खेती की जानकारी दिया। जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने कहा कि प्राकृतिक खेती समय की आवश्यकता है। इससे भूमि की उर्वरता संरक्षित रहती है, पर्यावरण सुरक्षित रहता है और किसानों को रासायनिक खेती पर निर्भरता कम करने का अवसर मिलता है। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कार्यशाला में भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री हरीश श्रीवास्तव, विशाल सिंह बाबा, भूपेन्द्र सिंह बल्ले, ब्लाक प्रमुख दिनेश वर्मा, पवन सिंह, कार्यक्रम संयोजक शिवम सिंह, अरविन्द सिंह, सुशील मिश्रा, चन्द्र बली सिंह, अमरेन्द्र मौर्या सहित बडी संख्या में किसानों की मौजूदगी रही।

# भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** शहर और गर्मी से क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जिन परिवार वालों को बहुत जरूरी होता है वह दिन में निकल पाते हैं वरना अपने घरों में दुबके रहते हैं। आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के बादल छाये रहने एवं वर्षा नहीं होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 39.0 डिग्री सेल्सियत और न्यूनतम तापमान 28.0 डिग्री सेल्सियस है। मौसम विभाग ने बताया कि अधिकतम 78 प्रतिशत एवं न्यूनतम 50 प्रतिशत है। हवा की गति 2.4 किमी प्रति घंटा, उत्तरी-पश्चिमी, वर्षा नहीं होने की भी संभावना है। शहर में तो पेड़ की कटान हो जाने से गर्मी का तापमान काफी तेजी से बढ़ गया है जिससे यहां की जनता काफी परेशान है। जहां एकाध दो पेड़ की कटान नहीं हुई है वहां पर लोग बैठ करके राहत की सांस ले रहे हैं। जहां तक



वृक्षारोपण का प्रश्न है तो शहर में तो जमीन है ही नहीं तो किस स्थान पर वृक्षारोपण किया जायेगा। सुबह सात बजे से इतनी गर्मी शुरू हो जाती है कि लोग अपना आवश्यक कार्य जल्दी निपटा लेते हैं। इस गर्मी में गर्म और ठंडा पानी पीने से गले में खराश, पतली लाइट्रिन होना, यह आम बात है। वैसे तो डाक्टरों ने कहा है कि आप इस भयंकर गर्मी में पानी का सेवन ज्यादा करें। इस भयानक गर्मी में देखा गया कि ज्यादा उम्र के लोगों को चक्कर आ करके सड़क पर ही गिर जा रहे हैं। अयोध्या में सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। प्रशासन ने जगह जगह खाने-पीने की व्यवस्था किया है। हर चौराहे पर टेंट लगाये गये हैं जिससे जनता को राहत मिल सके। पेड़ की कटान से जीवन अस्त-व्यस्त है। लोग परेशान हैं। कब पानी गिरेगा अभी तक इसका मौसम विभाग ने खुलासा नहीं किया है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को

**स्वतंत्र भारत अम्बेडकरनगर (सं.)** आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 19 जून को जनपद की समस्त पंचायतों में प्रस्तावित हरित चौपाल तथा 20 जून को आयोजित होने वाले स्वच्छता अभियान को अधिकाधिक सहभागिता के साथ भव्य और सफल रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज सनोहर पुर के आडिटोरियम में महत्वपूर्ण तैयारी बैठक आयोजित की गयी है। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधू वर्मा, विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद, जिलाधिकारी श्रीमती ईशा प्रिया, मुख्य विकास अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला, ब्लाक प्रमुख भीटी मलखान सिंह, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दिलीप देव पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। बैठक में समस्त ग्राम प्रधान व प्रशासक सम्मिलित हुए।

# चित्रगुप्त मंदिर में संकीर्तन का हुआ समापन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अयोध्या धाम स्थिति पौराणिक मंदिर श्री धर्महरि चित्रगुप्त मंदिर में पुरुषोत्तम मास में चल रहे श्री राम नाम संकीर्तन के समापन के अवसर पर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक सुबह प्रारंभ होकर प्रसाद वितरण उपरांत हुआ। मंदिर में फूलों की झांकी सजाई गई। सायं 4:30 हनुमंतलला का अभिषेक उपरांत भजन गायन संपन्न हुआ। भजन गायन उपरांत सभी भक्तगणों को मालपुआ प्रसाद का वितरण मंदिर श्रीरेश्वर नाथ एवं हनुमानगढ़ी के सामने भी वितरित हुआ। उपाध्यक्ष सत्येंद्र श्रीवास्तव में बताया कि राम नाम संकीर्तन के सभी, तीस यजमान, भारत के विभिन्न प्रांतो से रहे। सभी यजमान महानुभाव का राम नाम संकीर्तन पूरे पुरुषोत्तम मास संकल्प के साथ संपन्न हुआ। अनुष्ठान एवं फूलों की झांकी में विशेष सहयोग श्जय प्रकाश श्रीवास्तव एवं संजय कुमार श्रीवास्तव, अधिवक्ता उच्च न्यायालय लखनऊ का रहा। अनुष्ठान को सकुशल सम्पन्न कराने में मार्गदर्शन श्विश्व दीपक श्रीवास्तव उपाध्यक्ष कायस्थ धर्म सभा अयोध्या रहा। प्रज्ञा श्रीवास्तव धार्मिक प्रमुख राम दास शास्त्री आचार्य रतनदीप जी पुजारी, नीरज रस्तोगी एवं नीतीश पाण्डेय ने अनुष्ठान संपन्न कराने में सहयोग प्रदान किया

# क्षय रोग नियंत्रण-उन्मूलन में डिजिटल माध्यम बन रहा उपयोगी : डीटीओ

**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 24 मार्च से चलाये जा रहे टीबी मुक्त भारत अभियान में जनपद अयोध्या के सभी ब्लाकों तथा अर्बन क्षेत्र 315 उच्च जोखिम



क्षेत्र में सौ दिवसीय टीवी अभियान शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में संचालित किया जा रहा है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार दिल्ली सेंट्रल टीबी डिवीजन द्वारा माह मई 2028 तक के विभिन्न इण्डीकेटर्स एक्स-रे एक्जामिनेशन रेट, एनरोलमेंट, नाट टेस्ट, डिफरेंसिएटेड टीबी केयर, टीवी प्रीवेंटिव धेरेपी, सफलता दर तथा पोषण पोटली का वितरण आदि के मूल्यांकन के उपरान्त जारी सूची के अनसार जनपद अयोध्या को संयुक्त रूप से प्रथम रैंक प्राप्त हुआ है। डीटीओ डा. संदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि जनपद को पांच हैण्ड हेल्ड एक्स-रे मशीन प्राप्त हुई है। जिससे बीकापुर, मिल्कीपुर, रूदौली, तारून एवं मवई में एक्स-रे का कार्य पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में मसौधा, पूरा बाजार एवं खण्डासा में एक्स-रे का कार्य चल रहा है। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम द्वारा टीबी (क्षय रोग) के नियंत्रण और उन्मूलन के लिए विभिन्न डिजिटल माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है। इसी दिशा में टीबी मुक्त भारत ऐप और महत्वपूर्ण पहल है। जो भारत की विभिन्न भाषाओं जैसे- हिन्दी, अवधी, भोजपुरी, अंग्रेजी अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में टीबी के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देने के साथ-साथ इलाजस्त मरीजों को दवाओं के सम्बन्ध में दवाओं के साइड इफेक्ट व दवाओं से लाभ प्राप्त हो रहा है या नहीं। उसी के साथ समय से फालोअप के बारे में विस्तृत जानकारी देता है।

# नाबालिग किशोरी को बरामद कर पुलिस ने युवक को भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत मिल्कीपुर (सं.)** थाना इनायतनगर क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग किशोरी के लापता होने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया है। वहीं, मामले में नामजद युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, थाना इनायतनगर क्षेत्र की एक किशोरी 12 जून को संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इस दौरान परिवार को आशंका थी कि थाना क्षेत्र का ही एक युवक किशोरी को अपने साथ ले गया है। इसके बाद किशोरी के पिता ने इनायतनगर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मंगलवार को थाना कूरेभार क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के एक युवक के साथ रहने की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कूरेभार पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी इनायतनगर पुलिस को दी। इसके बाद दोनों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर आवश्यक कार्रवाई के लिए इनायतनगर लाया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं, बरामद किशोरी को नियमानुसार आगे की कार्रवाई के लिए भेजा गया है।पुलिस का कहना है कि मामले में विधिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद किशोरी के पिता ने इनायतनगर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# पेट्रोल पंप पर करंट लगने से युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** कोतवाली रुदौली क्षेत्र के इमली पटवन के पास स्थित एक पेट्रोल पंप पर करंट की चपेट मे आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच आवश्यक कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मनोज कुमार दुबे पुत्र शिव प्रसाद दुबे, निवासी हलीम नगर, चौकी सुजानगंज, थाना कोतवाली रुदौली गुरुवार सुबह करीब 9 बजे एक डंपर के पास हाथ धो रहे थे। इसी दौरान वह अचानक विद्युत करंट की चपेट में आ गए, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरनपुर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मौके का निरीक्षण अपराध निरीक्षक शत्रुधन यादव, उपनिरीक्षक देवेंद्र त्रिपाठी तथा पुलिस टीम द्वारा किया गया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया युवक की मृत्यु पेट्रोल पम्प पर खड़ा डंपर के पास हाथ धोते समय करंट लगने से हुई है। घटना के संबंध में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# यूपी कैटेट परीक्षा में दूसरे दिन 43 अभ्यर्थी अनुपस्थित

**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** प्रदेश के पांचों कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए यूपी कैटेट (उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिक प्रवेश परीक्षा) परीक्षा गुरुवार को कड़ी निगरानी में संपन्न हुई। कृषि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. पी. एस. प्रमाणिक ने बताया कि यूपी कैटेट परीक्षा के दूसरे दिन पहली पाली में कुल 599 अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए पंजीकृत किया गया था, जिसमें कुल 35 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में एमबीए की प्रवेश परिक्षाएं आयोजित की गई। वहीं दूसरी पाली में एमबीए में प्रवेश के लिए कुल 87 परिक्षार्थी पंजीकृत किए गए थे, जिसमें आठ परिक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कृषि विश्वविद्यालय के कुलसचिव के मुताबिक परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में कराया गया। किसी भी प्रकार का छात्राओं को कोई कठिनाई नहीं हुई है। दूसरे पाली में भी एमबीए में प्रवेश के लिये परीक्षार्थी सम्मिलित किये गये हैं।

# भाजपा सरकार में बढ़ती महंगाई से जनता बेहाल : पीस पार्टी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** पीस पार्टी के जिलाध्यक्ष मो. अजमुद्दीन खां ने बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल एवं घरेलू रसोई गैस की लगातार बढ़ रही कीमतों तथा बिजली बिलों पर लगाए जा रहे फ्यूल एंड पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि महंगाई की मार से गरीब, किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग, छोटे व्यापारी और आम उपभोक्ता सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। मो. अजमुद्दीन खां ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों का सीधा असर खाद्य पदार्थों और अन्य आवश्यक वस्तुओं के दामों पर पड़ रहा है, जिससे आम जनता का घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। वहीं कई क्षेत्रों में डीजल की उपलब्धता को लेकर भी शिकायतें मिल रही हैं, जिससे किसानों, ट्रांसपोर्टरों और छोटे व्यवसायियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय महासचिव रईस कुरैशी, बिस्मिल्लाह खान, फरीद सलमानी पूर्व लोकसभा प्रत्याशी, अबरार हुसैन जिला महासचिव, मुद्दतफीम, तौफीक हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।




# मंडलायुक्त एवं उप महानिरीक्षक ने मोहर्रम पर्व को लेकर की बैठक



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** मोहर्रम पर्व को जनपद में सकुशल व शांतिपूर्ण मनाए जाने को लेकर मंडलायुक्त अनिल ढींगरा एवं उप महानिरीक्षक एस. चन्नप्पा ने स्थानीय डाक बंगले में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक की। इस दौरान जनपद में शांतिपूर्ण, आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ मोहर्रम पर्व मनाए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि सभी उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से क्षेत्रों का भ्रमण कर लें। ताजिया के आयोजकों एवं डीजे संचालकों के साथ बैठक करने के साथ सभी थानों में शांति समिति की बैठक आयोजित कर एहतियाती उपायों से अवगत भी कराएं। पर्व को परंपरागत रूप में ही मनाया जाए, कोई भी कार्य गैर-परंपरागत न हो, यह सुनिश्चित होना चाहिए। आयुक्त ने तहसील एवं थाना संपूर्ण समाधान दिवस सहित आईजीआरएस एवं विभिन्न स्तरों से प्राप्त प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण समाधान किए जाने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। उन्होंने कहा है कि वास्तविक व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण उपरांत उसकी आख्या आईजीआरएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करें। उप जिलाधिकारी गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के फीडबैक को स्वयं देखें व उसका सत्यापन भी सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व वादों धारा-24, 34 सहित विभिन्न धाराओं के वादों के पुराने लंबित मामलों का निस्तारण भी किए जाने के निर्देश दिए हैं। किसी भी स्तर पर कोई पुराना प्रकरण लंबित न रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। मंडलायुक्त ने सभी ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई अभियान चलाकर कराए जाने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिए। उन्होंने यह भी कहा कि साफ-सफाई के साथ-साथ एंटी लार्वा आदि का छिड़काव एकत्रित पानी व नालियों में भी कराया जाए, इससे जेई व एईएस का प्रभावी नियंत्रण होगा। उन्होंने 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सभी तैयारियां पूर्ण किए जाने के भी निर्देश दिए। उप महानिरीक्षक एस. चन्नप्पा ने मोहर्रम पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर लिए जाने को कहा। साथ ही पुलिस विभाग के अधिकारियों को क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर हर स्थिति का जायजा पूर्व में ही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ताजिया एवं जुलूस के रूट का भी निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा। ताजियादारों एवं उनके सदस्यों से भी वार्ता कर पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए उनकी भागीदारी सुनिश्चित किए जाने की अपेक्षा की। अन्य विभागों के साथ अंतरविभागीय समन्वय स्थापित कर जनपद में इस पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का निस्तारण तत्परता के साथ किए जाने पर भी बल दिया। उन्होंने थानों व पुलिस लाइन में भी साफ-सफाई सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मंडलायुक्त एवं उप महानिरीक्षक गोरखपुर द्वारा दिए गए निर्देशों व सुझावों का अक्षरशः अनुपालन कराए जाने का आश्वासन देते हुए सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं पर्व के दृष्टिगत नामित मजिस्ट्रेटों को आपसी समन्वय के साथ जनपद में मोहर्रम पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण मनोयोग से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारीगण उपस्थित रहे तथा उप जिलाधिकारी गण वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

## दिवंगत शिवानंद चौरसिया के परिजनों से मिले मंडलायुक्त व उपमहानिरीक्षक, बंधाया ढाढ़स



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** ओमान के निकट वाणिज्यिक पोत पर हुए हमले में दिवंगत श्री शिवानंद चौरसिया के पैतृक गांव सुरौली पहुंचकर मंडलायुक्त अनिल ढींगरा, उप महानिरीक्षक गोरखपुर एस. चन्नप्पा, जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने उनकी माता, धर्मपत्नी एवं उपस्थित परिजनों से मुलाकात की। शोकसंतप्त परिवार को अधिकारियों द्वारा सांत्वना दी गई। उन्हें ढाढ़स बंधाया गया। अधिकारियों ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में प्रशासन पूरी तरह उनके साथ है। साथ ही हर संभव सहयोग का आश्वासन मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी द्वारा दिया गया।

# विकसित भारत युवा संसद 2026 के राष्ट्रीय मंच पर बलिया की शिप्रा सिंह का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बलिया।** बताया जाता है कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में मेरा युवा भारत द्वारा आयोजित राष्ट्रव्यापी विकसित भारत युवा संसद 2026 कार्यक्रम में जनपद बलिया की प्रतिभागी शिप्रा सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद एवं उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद बलिया में दिनांक 09 मार्च 2026 को मुरली मनोहर टाउन डिग्री पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, बलिया में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर शिप्रा सिंह को दिनांक 01 से 03 मई 2026 तक उत्तर प्रदेश विधानसभा, लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त हुआ। राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के उपरांत शिप्रा सिंह का चयन राष्ट्रीय स्तर के विकसित भारत युवा संसद 2026 हेतु हुआ, जिसका आयोजन दिनांक 15 से 17 जून 2026 तक सेंट्रल हॉल, संविधान सदन (पुराना संसद भवन), नई दिल्ली में किया गया। कार्यक्रम में देश के सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से चयनित 108 युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला उपस्थित रहे।

## निःशुल्क आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पूर्णतः आवासीय एवं निःशुल्क जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, मेहरौना, देवरिया में कक्षा 6, 7, 8 एवं 9 की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। ऑफलाइन आवेदन 17 जून से 27 जून तक स्वीकार किए जाएंगे। प्रवेश पत्र 29 जून से 2 जुलाई तक वितरित होंगे, जबकि प्रवेश परीक्षा 3 जुलाई को आयोजित की जाएगी। सफल छात्रों की सूची का प्रकाशन एवं प्रवेश प्रक्रिया 6 जुलाई को संपन्न होगी। प्रवेश आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्र विद्यालय से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। अधिक जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, देवरिया एवं जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, मेहरौना से प्राप्त की जा सकती है।

# निर्माणाधीन परियोजनाएं ससमय पूर्ण करना करें सुनिश्चित : डीएम



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर राजस्व व विकास कार्यों की माह मई 2026 के प्रगति की समीक्षा सहित पूर्वांचल विकास निधि, त्वरित आर्थिक विकास निधि व 50 लाख तथा उससे अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों में शीघ्र सुधार लाने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में शेष 38 परिषदीय विद्यालयों में अभी तक विद्युतीकरण न होने पर जिलाधिकारी ने बीएसए व अधिशासी अभियन्ता विद्युत को समन्वय बनाकर अविलम्ब कार्य पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया। बाढ़ की पूर्व तैयारी के क्रम में सेतु निगम द्वारा 05 डैम निर्माण कार्यों को जून के अन्तिम सप्ताह तक अवश्य पूर्ण हो जाए। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत अवशेष लाभार्थियों को भी अनुदान राशि से लाभान्वित किये जाने पर बल दिया गया। जीरो पावर्टी अभियान की समीक्षा के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लापरवाही बरते जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए विद्युत संयोजन सहित अन्य योजनाओं को भी धरातली क्रियान्वयन पर जोर दिया। पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाने का जिलाधिकारी ने निर्देश दिया। बैठक में पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा में जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिया कि बैंक स्तर पर ऋण हेतु लम्बित आवेदनों की समीक्षा कर यथाशीघ्र गुणवत्तायुक्त निस्तारित करें। उन्होने कहा कि योजनान्तर्गत अधिक से अधिक आवेदन कराते हुए लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने पोषण अभियान, सेतुओं का निर्माण, पेंशन योजना, उज्ज्वला योजना, बाल सेवा योजना आदि की समीक्षा कर सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लक्ष्य के सापेक्ष कार्यों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करें। रू0 50 लाख तथा उससे ऊपर की लम्बित 05 परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि कार्यों मे अपेक्षित लाते हुए निर्माण कार्य को यथाशीघ्र गुणवत्तायुक्त पूर्ण करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री घोषणा से आच्छादित योजना के अन्तर्गत राजकीय मेडिकल कालेज कैम्पस में निर्माणाधीन नर्सिंग कालेज की वर्तमान में भौतिक प्रगति 49 प्रतिशत ही होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर को नोटिस देने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 गम्भीर सिंह, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, डीसी मनरेगा राम उदरेज यादव, एसीएमओ डॉ0 उमाशरण पाण्डेय, अधि0अभि0 पीडब्ल्यूडी, एलडीएम, डीपीआरओ, डीडी कृषि सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पंन, दिए आवश्यक निर्देश



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में मोहर्रम पर्व को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से जनपद में मनाए जाने को लेकर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान सभी से इस पर्व को आपसी प्रेम-भाईचारे के साथ मनाए जाने की अपील की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि मोहर्रम जुलूस के रूट की साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति का रोस्टर पूर्व से ही निर्धारित होना चाहिए। गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग सभी पीएचसी व सीएचसी को पूर्णतः सक्रिय रखते हुए दवाओं आदि की उपलब्धता सुनिश्चित रखेगा। नामित नोडल अधिकारी, मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष आपसी समन्वय रखेंगे और इस पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराएंगे। डीजे संचालक प्रावधानों का अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेंगे। अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन न हो तथा निर्धारित व परंपरागत रूट से ही ताजिया व जुलूस निकले, यह भी सुनिश्चित होना चाहिए। जुलूस वालंटियरों की सूची भी उपलब्ध होनी चाहिए। जुलूस के रूट पर यह व्यवस्था बने कि यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो। मोहर्रम पर्व मातम का त्योहार है। इसे शांति से मनाने के लिए सभी समुदाय आपसी समन्वय रखेंगे और इस पर्व को अच्छे माहौल में शांति एवं समन्वय के साथ मनाएंगे। अमन-चैन, शांतिप्रिय जनपद की पहचान रहा है। यह गौरवपूर्ण पहचान बनी रहे, इसके लिए सभी अपनी भागीदारी निभाएं और शांति, प्रेम व भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पीस कमेटी की मुख्य मंशा है कि हम सभी जनपद देवरिया में सकुशल एवं शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाएं। कोई ऐसा मुद्दा न बनाएं जो विवाद का कारण बने। एक-दूसरे का सहयोग करें। असामाजिक तत्वों पर नजर रखें और उसकी सूचना प्रशासन व पुलिस अधिकारियों को दें। शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें। ताजिया की निर्धारित ऊंचाई 12 फीट से अधिक न हो, इसका भी ध्यान रखा जाए। बच्चों व युवाओं को सही रास्ता दिखाएं और कहीं वे गलत कदम उठाएं तो उन्हें रोकें, समझाएं और सही रास्ते पर चलने की सीख दें। उन्होंने सभी से बिना विवाद, शांतिपूर्ण एवं अच्छे वातावरण में पर्व मनाए जाने की अपील की। बैठक का संचालन एएसपी आनंद कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी वी.के. सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) रामशंकर, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, डीएफओ, पीडी अनिल कुमार, डीसी एनआरएलएम आलोक कुमार पाण्डेय, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी, क्षेत्राधिकारी एवं थानाध्यक्षगण, नामित नोडल मजिस्ट्रेटगण सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रबुद्धजन आदि उपस्थित रहे।

## आईजीआरएस निस्तारण में लापरवाही पर डीएम ने पांच अधिकारियों को दी चेतावनी

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आईजीआरएस प्रकरणों के फीडबैक में अमानक एवं गुणवत्ताविहीन निस्तारण पाए जाने पर पांच अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने सख्त हिदायत भी दी है कि कार्य प्रणाली में सुधार लाएं तथा पुनरावृत्ति न हो, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। जिन अधिकारियों को चेतावनी दी गई है, उनमें बीएसए, तहसीलदार देवरिया, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत रुद्रपुर, एआरटीओ एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद देवरिया सम्मिलित हैं। उन्होंने कहा है कि आईजीआरएस प्रकरणों पर प्राप्त आख्या का फीडबैक भी शिकायतकर्ताओं से लिया जा रहा है। निस्तारण एवं फीडबैक में काफी भिन्नता पाए जाने पर चेतावनी की यह कार्रवाई की गई है।

# कारागार मंत्री को स्मृति चिन्ह देकर किया स्वागत



**आजमगढ़।** जनपद की ऐतिहासिक धरोहर पुरानी जेल के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सकारात्मक पहल किए जाने पर पूर्वांचल विकास आंदोलन (गैर राजनीतिक संगठन) द्वारा सठीयाव बाजार स्थित शेखर नर्सिंग होम पर उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए स्मृति चिन्ह देकर उनका भव्य स्वागत किया गया।संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि आजमगढ़ की पुरानी जेल जनपद की ऐतिहासिक विरासत है, जिसके संरक्षण एवं विकास की मांग लंबे समय से की जा रही थी। इस संबंध में पूर्वांचल विकास आंदोलन ने मुख्यमंत्री एवं कारागार मंत्री दोनों माननीय को प्रस्ताव भेजकर पुरानी जेल के जीर्णोद्धार, संरक्षण एवं इसे जन उपयोगी स्वरूप देने की मांग की थी। मुख्यमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश के कारागार मंत्री श्री दारा सिंह चौहान जी के अनुरोध पर इस प्रस्ताव पर संज्ञान लेते हुए पुरानी जेल की जमीन पर नए स्वरूप का प्रस्ताव बनाकर जल्द से जल्द मुख्यमंत्री कार्यालय भेजना का आदेश दिया इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संगठन ने प्रदेश सरकार और कारागार मंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान संगठन के सदस्यों ने कहा कि ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत को सुरक्षित रखने का महत्वपूर्ण कार्य है। आजमगढ़ की पुरानी जेल का जीर्णोद्धार होने से जनपद की ऐतिहासिक पहचान को नई मजबूती मिलेगी तथा पर्यटन और स्थानीय विकास को भी प्रोत्साहन प्राप्त होगा। इस अवसर पर पूर्वांचल विकास आंदोलन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कारागार मंत्री का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की इस अवसर पर पूर्वांचल विकास आंदोलन के संयोजक प्रवीण कुमार सिंह , लक्ष्मण मौर्या, डॉक्टर आर पी सिंह, पूर्वांचल विकास आंदोलन के जिला उपाध्यक्ष रामजी पांडे ,डॉक्टर शेखर, प्रभाकर सिंह ,रविंद्र सिंह, इंद्रेश चौहान, अरविंद प्रजापति ,बंसी चौरसिया, प्रेमचंद गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे ।

# योग-क्रिया को अपनी दिनचर्या में शामिल करे युवा पीढ़ी : कुलपति



**आजमगढ़।** महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ और 99 यूपी बटालियन एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में योग के एनसीसी कैडेट्स की कार्यशाला जनपद के प्रतिष्ठित महाविद्यालय शिबली नेशनल पीजी कॉलेज आजमगढ़ में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीव कुमार जी की अध्यक्षता व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अफसर अली जी की देखरेख व विश्वविद्यालय के योग प्रभारी प्रो. प्रशांत राय, प्रशिक्षक डॉ. पंकज जी एवं प्रधान धरवारा श्री रामधनी जी के सहयोग से संपन्न हुई। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी ने बताया कि 21 जून को आयोजित होने वाले 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जो 15 जून से 21 जून तक लोक भवन, शासन, प्रशासन एवं विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित है, उसी के क्रम में विगत दिनों विश्वविद्यालय परिसर में एक वृहद कार्यशाला प्रो. शशिकांत जी के नेतृत्व में आयोजित की गई, उसी कड़ी में आज आजमगढ़ जनपद के प्रतिष्ठित महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स ने योग क्रिया के माध्यम से समाज को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजीव कुमार ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि योग क्रिया के माध्यम से तथा नियमित दिनचर्या से हम अपने जीवन को न सिर्फ लंबी उम्र दे सकते हैं अपितु स्वस्थ भी रह सकते हैं। अपनी व्यक्तिगत सर्वाइकल पेन की समस्या को नई पीढ़ी से साझा करते हुए उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को बताया कि मुझे सर्वाइकल की जब समस्या हुई तो डॉक्टर की दवा उतना कारगर नहीं हुई जितना एक्सरसाइज के माध्यम से हमें इस समस्या से निजात मिली। मेरा व्यक्तिगत अनुभव है कि यदि हम योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर लें तो काफी हद तक हम स्वस्थ रह सकते हैं। हालांकि दिनचर्या नियमित रखने में थोड़ा कठिनाई आती है परंतु यह धीरे-धीरे तन और मन को असीम सुख प्रदान करता है। स्वस्थ रहें और मस्त रहें के उद्घोष के साथ कुलपति जी ने नई पीढ़ी को योग क्रिया को दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मोबाइल को सिर्फ मतलब भर उपयोग करने का मशविरा दिया, सोशल मीडिया द्वारा चकाचौध एवं दिग्भ्रमित करने वाली कुप्रवृत्तियों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कुलपति जी ने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विश्वविद्यालय एवं संबद्ध सभी महाविद्यालय में भी 15 जून से 21 जून तक योग प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न तरीके से चलाया जाएगा हालांकि बुजुर्गों और महिलाओं के लिए स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग थीम पर विश्वविद्यालय विशेष रूप से प्रशिक्षित कर रहा है, हमारी संस्कृति ही रही है की बड़े बुजुर्ग यदि स्वस्थ रहेंगे तो काफी हद तक हम सभी की मुस्कान में संवृद्धि होगी। योग प्रभारी ने योग प्रशिक्षण के माध्यम से एनसीसी कैडेट्स को कैसे रहे निरोगी काया के गुण सिखाए उन्होंने कि आप यह कदापि ना समझे कि हम हमेशा स्वस्थ रहेंगे जीवन में व तकनीकी दुनिया में आर्थिक के साथ-साथ मानसिक और शारीरिक परेशानियां आएंगे उन समस्याओं से कैसे निजात पाया जाए मेरी समझ से उसकी संजीवनी है योग। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अफसर अली ने कुलपति जी को इसलिए धन्यवाद ज्ञापित किया कि योग प्रशिक्षण हेतु मेरे महाविद्यालय को चुना गया इसके लिए हम महाविद्यालय परिवार की तरफ से आप सभी को विशेष रूप से कुलपति जी को योग प्रभारी प्रो. प्रशांत जी, डॉ पंकज सिंह डॉ प्रवेश सिंह व डॉ जयप्रकाश जी के साथ-साथ शिवली कॉलेज के सभी प्राध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद हमारे 99 बटालियन के एनसीसी कैडेट्स योग शिविर में शामिल होकर निश्चय ही प्रतिकूल मौसम को भी चुनौती दिए, इसके लिए हम एनसीसी कैडेट्स को विशेष धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। अंत में उन्होंने एक बार पुनः आगंतुक आगमन को प्रणाम करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

## अवैध देशी शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक श्री ओमवीर सिंह* के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना दुबहड़ पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देशी शराब बरामद की गई। थाना दुबहड़ पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण, चेकिंग एवं संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश के दौरान ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे पुल के पास, जनेश्वर मिश्र सेतु मार्ग, ग्राम जनाड़ी क्षेत्र से अभियुक्त पियूष कुमार गुप्ता पुत्र कृष्णा गुप्ता निवासी बस्ती बुजुर्ग थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से देशी शराब 'बन्टी-बबली' (200 एमएल) की कुल 90 अदद शीशियां (कुल मात्रा 18 लीटर) बरामद हुई। बरामद शराब को नियमानुसार सील कर कब्जे पुलिस में लिया गया। और ऐसे कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई बाँध स्वचालन खण्ड

1/98 विजय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या – 02/EE/IDADLko/2026-27**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबन्द निविदायें यांत्रिक/इलेक्ट्रिकल कार्य हेतु 'ए' या उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक: 27.06.2026 को अपराह्न 15:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिनांक 27.06.2026 को अपराह्न 16.00 बजे अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई बाँध स्वचालन खण्ड, लखनऊ के कार्यालय कक्ष में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 20.06.2026 से 25.06.2026 को 17.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से, (1) पंजीकरण प्रमाण पत्र, (2) [illegible] द्वारा निर्गत शपथ प्रमाण-पत्र (IDT-I), (3) वैधता प्रमाण-पत्र (IDT-II) एवं (4) स्वघोषणा प्रमाण-पत्र (IDT-III) की मूल प्रतियाँ प्रस्तुत करते हुए तथा उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ ठेकेदार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा, ठेकेदार या उनके प्रतिनिधि के हस्ताक्षर प्रमाणित हो उनकी मूल प्रति जमा करने के पश्चात निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा खुलने की तिथि में उपरोक्त अवकाश होने की दशा में उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में नियत समय एवं स्थान में खोली जायेगी। धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/[illegible] अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि "Executive Engineer, Irrigation Dam Automation Division, Lucknow" के पक्ष में बन्धक होंगी एवं स्वघोषणा प्रमाण-पत्र की मूल प्रति जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्रम सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (जी0एस0टी0 रहित लाख रु0 में) | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Upgradation in VFD, RTU/PLC panel of Main Barrage (Other Bay Gate No. 20 to 29) to run Three Phase Electro Hydraulic Brake. (as per technical specifications) F.O.R. at Ghaghara Barrage, Bahraich Uttar Pradesh. | 5.25 | 10,500.00 | 02 सप्ताह | 225.00+ 18% GST |

नोट : निविदा/बिड से सम्बन्धित तकनीकी विशिष्टता एवं विस्तृत विवरण व शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध होंगी।

(प्रणव सिंह)
अधिशासी अभियन्ता,
सिंचाई बाँध स्वचालन खण्ड,
लखनऊ

उ0प्र0 252709 दिनांक- 17.06.2026
Website: www.upgov.nic.in



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ।

पत्रांक:- 1049 / टेन्डर / 2026 दिनांक:- 10.06.2026

**निविदा सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3,(सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों का प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित कार्यों के लिये लोक निर्माण विभाग श्रेणी-ए0बी0सी0 एवं डी0 में सदन कार्य के पंजीकृत निविदा दाता ही निविदा डालने के योग्य होंगें।

| क्र0 सं0 | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1. | लखनऊ | कैसरबाग कालोनी के विभिन्न आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 3.50 | 0.35 | 677.00 | 90 दिन | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| 2. | लखनऊ | कैसरबाग कालोनी के विभिन्न आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य। | 3.00 | 0.30 | 677.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 3. | लखनऊ | लालबाग आफीसर्स कालोनी स्थित आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 4.00 | 0.40 | 677.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 4. | लखनऊ | लालबाग आफीसर्स कालोनी स्थित आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य। | 3.00 | 0.30 | 677.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 5. | लखनऊ | डी0एम0 कम्पाउण्ड कालोनी के विभिन्न आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 2.00 | 0.20 | 590.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 6. | लखनऊ | डी0एम0 कम्पाउण्ड कालोनी के आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य। | 2.00 | 0.20 | 590.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 7. | लखनऊ | तालकटोरा ई0डी0 कालोनी के विभिन्न आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 3.50 | 0.35 | 677.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 8. | लखनऊ | तालकटोरा मल्टी स्टोरी कालोनी के विभिन्न आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 4.00 | 0.40 | 677.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 9. | लखनऊ | तालकटोरा ई0डी0 कालोनी के आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य। | 2.50 | 0.25 | 590.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 10. | लखनऊ | तालकटोरा मल्टी स्टोरी कालोनी के में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य। | 2.50 | 0.25 | 590.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 11. | लखनऊ | ऐशबाग एल0आई0जी0 कालोनी के विभिन्न आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 3.00 | 0.30 | 677.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 12. | लखनऊ | ऐशबाग एल0आई0जी0 कालोनी के आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य। | 2.00 | 0.20 | 590.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 13. | लखनऊ | विधायक आफीसर्स कालोनी स्थित आवास संख्या-2/1 में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 1.11 | 0.12 | 590.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 14. | लखनऊ | लालबाग आफीसर्स कालोनी स्थित आवास संख्या-बी-503 में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 0.67 | 0.07 | 559.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 15. | लखनऊ | इन्दिरा भवन के बेसमेंट से तल संख्या-05 तक में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 3.00 | 0.30 | 677.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 16. | लखनऊ | इन्दिरा भवन के तल संख्या-06 से 10 तक में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 3.00 | 0.30 | 677.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 17. | लखनऊ | एल0डी0ए0 कालोनी ऐशबाग कालोनी स्थित एल.आई.जी.-23 टाइप-2 में सिविल मरम्मती कार्य। | 0.97 | 0.10 | 559.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |

2. निविदा प्रपत्र सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता एवं निविदा विक्रय तालिका के कॉलम 8, 9, में है, के कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक दिनांक-25.06.2026 से दिनांक-01.07.2026 तक नगद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत हो, अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ को देय होगा, से क्रय की जा सकती है। इच्छुक निविदादाता अधिक जानकारी सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। निविदा प्रपत्र [illegible] तालिका में उल्लेख किया गया है कि कार्यालय में दिनांक-02.07.2026 के अपरान्ह को 12:30 बजे तक जमा की जा सकती है। जिनको उसी कार्य दिवस में दिनांक-02.07.2026 को 2:00 बजे जिला [illegible] लखनऊ के कार्यालय में [illegible] कॉलम 11 में वर्णित हैं, इच्छुक निविदादाता की उपस्थिति में खोली जायेगी।

3. निविदा के नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न होंगी।

उ0प्र0 252708 दिनांक- 17.06.2026
Website: www.upgov.nic.in

अधिशासी अभियन्ता

# होर्मुज पर केंद्र सरकार की पैनी नजर

- सुरक्षित लौटे भारतीय नाविक
- देश की ईंधन और उर्वरक आपूर्ति पूरी तरह महफूज

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारत सरकार पूरी तरह मुस्तैद है। केंद्र सरकार खाड़ी क्षेत्र में जहाजों की आवाजाही पर लगातार नजर रख रही है। राहत की बात यह है कि देश में कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। सरकार ने साफ किया है कि इस तनावपूर्ण माहौल में भारतीय जहाजों और नाविकों की सुरक्षा उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। गुरुवार, 18 जून को एक अंतर-मंत्रालयी बैठक में बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने इस सुरक्षा और आपूर्ति की समीक्षा की।

बैठक में बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक ओपेश कुमार शर्मा ने एक बड़ी कामयाबी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'दिशा' नामक एलएनजी टैंकर सुरक्षित तरीके से ओमान के पास के संवेदनशील होर्मुज को पार कर चुका है। माल्टा के झंडे वाला यह जहाज 62,370 मीट्रिक टन एलएनजी लेकर गुरुवार को ही गुजरात के दाहेज बंदरगाह पहुंचने की उम्मीद है। अधिकारी ने बताया कि सरकार हर पल की स्थिति पर नजर रख रही है। महानिदेशक जहाजरानी इस मामले में विदेश मंत्रालय, विदेशों में मौजूद भारतीय दूतावासों और शिपिंग कंपनियों के साथ लगातार संपर्क में हैं। नाविकों की सुरक्षा के लिए बनाए गए नियंत्रण कक्ष ने पिछले 72 घंटों में रिकॉर्ड काम किया है। इस दौरान कंट्रोल रूम को 13,187 फोन कॉल और 29,376 ईमेल मिले हैं। इनमें से 450 कॉल और 1,077 ईमेल सीधे नाविकों और उनके चिंतित परिवारों से मदद के लिए आए थे। सरकार अब तक 3,639 से अधिक भारतीय नाविकों को सुरक्षित स्वदेश वापस ला चुकी है, जिनमें से 47 नाविकों को पिछले तीन दिनों में ही वापस लाया गया है।

दूसरी ओर, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने घरेलू मोर्चे पर राहत भरी खबर दी। उन्होंने बताया कि देश में पेट्रोल, डीजल, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह मजबूत है। देश के किसी भी बंदरगाह पर जहाजों की कोई कतार या भीड़ नहीं है। एलपीजी (रसोई गैस) की डिलीवरी का बैकलॉग घटकर अब महज 3.1 दिन रह गया है। पिछले तीन दिनों में कंपनियों ने 1.36 लाख बुकिंग के मुकाबले 1.47 लाख एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी कर आपूर्ति को और बेहतर किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों के असर पर उन्होंने कहा कि खुदरा कीमतों पर फैसला वैश्विक परिस्थितियों को देखकर ही लिया जाएगा।

भविष्य में तेल की निर्भरता कम करने के लिए सरकार ने एथेनॉल-ब्लेन्डेड ईंधन कार्यक्रम की प्रगति भी साझा की। मंत्रालय के मुताबिक, वर्तमान में देश के 48 रिटेल आउटलेट्स पर ई-85 (श्व-85) ईंधन मिल रहा है। सरकार का लक्ष्य इस साल के अंत तक ऐसे आउटलेट्स की संख्या को बढ़ाकर 500 और अगले साल के अंत तक इसे 5,000 तक पहुंचाने का है। पश्चिम एशिया के संकट के बीच सरकार की यह तैयारी देश की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा को बेहद मजबूत बनाती है।

# समझौते के बाद होर्मुज जलमार्ग खोल देगा ईरान




**दुबई।** अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध समाप्त करने के लिए होने वाले अंतरिम समझौते की प्रतियां लीक हुई हैं। इससे पता चला है कि समझौते के बाद ईरान तत्काल होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए कदम उठाएगा। इसके बदले उसे बेरोकटोक तेल बेचने की अनुमति मिलेगी। समझौते के तहत तेहरान को कई रियायतें मिलने की संभावना है।अमेरिका और ईरान के बीच सोमवार को इस समझौते पर सहमति बनी और ई-हस्ताक्षर किए गए। शुक्रवार को जिनेवा में इस समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर होंगे। इसमें कहा गया है कि युद्ध के बाद ईरान के पुनर्निर्माण के लिए कम से कम 300 अरब डालर मिलेंगे। अमेरिका, ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित अंतिम समझौता होने के बाद तेहरान पर लगाए गए सभी अमेरिकी और संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों को समाप्त करने की दिशा में काम करेगा। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू किया था। यह

- बेरोकटोक बेच सकेगा तेल

लड़ाई तेहरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए शुरू की गई थी और सात अप्रैल को युद्धविराम हुआ था। अमेरिका की ओर से ईरान को तत्काल स्वतंत्र रूप से तेल बेचने की अनुमति देने और बाद में प्रतिबंधों को हटाने के प्रस्ताव को उन रियायतों से बड़ा माना जा रहा है, जो ईरान को 2015 के परमाणु समझौते के तहत दी गई थी। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में इस समझौते से अमेरिका को अलग कर लिया था और उसे सबसे खराब समझौता करार दिया था। यह माना जा रहा है कि इस नए समझौते की अमेरिका में कड़ी आलोचना हो सकती है और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिए भी बड़ा झटका हो सकता है, जिन्होंने 28 फरवरी को ट्रंप के साथ मिलकर युद्ध शुरू किया था।

# मॉस्को तेल रिफाइनरी पर फिर ड्रोन हमला

**मॉस्को।** मॉस्को में एक ऑयल रिफ़ाइनरी को यूक्रेन द्वारा इस हफ़्ते दूसरी बार निशाना बनाए जाने के बाद वहाँ से काला धुआँ और आग की लपटें उठने लगीं। सोशल मीडिया पर हमले के वीडियो वायरल होने के बाद, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने कहा कि यह हमला कीव पर हाल ही में रूस द्वारा किए गए हमलों का उचित जवाब था। ज़ेलेंस्की ने एक्स पर कहा कि यह हमारे शहरों और समुदायों पर रूस के हमलों का पूरी तरह से उचित जवाब है और रूस की युद्ध मशीन को चलाने वाली सुविधाओं के खिलाफ हमारे योद्धाओं की कार्रवाई का एक और अहम नतीजा है। मॉस्को ऑयल रिफाइनरी पर हुआ हमला रूस की युद्ध क्षमता और अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा झटका है। क्रेमलिन से सिर्फ़ 15 किलोमीटर दूर स्थित यह रिफाइनरी रूसी राजधानी के ईंधन इंफ्रास्ट्रक्चर का एक अहम हिस्सा है। यह मॉस्को मेट्रोपॉलिटन इलाके की पेट्रोल की ज़रूरतों का लगभग 40 प्रतिशत और डीज़ल का 50 प्रतिशत हिस्सा सप्लाई करती है, साथ ही सैन्य इस्तेमाल के लिए एविएशन फ्यूल भी देती है। 16 जून 2026 को यूक्रेनी ड्रोनों ने कपोटन्या में मॉस्को ऑयल रिफाइनरी पर हमला किया। इस हमले से ईएलओयू-एवीटी-6 प्राइमरी ऑयल रिफाइनिंग यूनिट को नुकसान पहुँचा, जिसके कारण रिफाइनरी को कुछ समय के लिए अपना कामकाज रोकना पड़ा।

## न्यूयॉर्क : बेकाबू घोड़ागाड़ी से गिरकर भारतीय युवक की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित सेंट्रल पार्क में घोड़ा-गाड़ी दुर्घटना में 18 वर्षीय भारतीय पर्यटक रोमांच महाजन की मौत हो गई। बुधवार दोपहर करीब 3 बजे घोड़ा अचानक बेकाबू होकर दौड़ पड़ा, जिससे गाड़ी पलट गई और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रोमांच महाजन तीन अन्य यात्रियों के साथ घोड़ा-गाड़ी में सवार थे। ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन के अनुसार, गाड़ी चालक यात्रियों की तस्वीर लेने के लिए कुछ देर के लिए गाड़ी से दूर गया था। इसी दौरान घोड़ा बेकाबू होकर दौड़ पड़ा। हादसे के दौरान दो यात्रियों ने चलती गाड़ी से छलांग लगा दी। रोमांच गाड़ी से गिर गए और उनके सिर में गंभीर चोट आई। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। अन्य यात्रियों ने उपचार लेने से इनकार कर दिया।

# ब्राजील के राष्ट्रपति चुनाव पर लूला की ट्रंप को दो टूक

## 'इसमें दखल न दें, यह हमारा अंदरूनी मामला है'

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा ने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप को चेतावनी देते हुए कहा है कि ट्रंप ब्राजील के अक्तूबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में दखल न दें। उन्होंने यह चेतावनी तब दी, जब ट्रंप ने उनके राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ न्यायिक कार्रवाई को लेकर ब्राजील की फिर से आलोचना की। यह बयान दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को दिखाता है। ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में दक्षिण अमेरिकी देश पर और टैरिफ लगाने का प्रस्ताव दिया है और दो ड्रग-तस्करी वाले संगठनों को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया है, जिसका लूला विरोध करते हैं। लूला ने कई बार ब्राजील की संप्रभुता का बचाव किया है, खासकर तबसे जब ट्रंप ने पिछले साल ब्राजील पर टैरिफ लगाए थे और अपने सहयोगी पूर्व राष्ट्रपति जेर बोल्सोनारो के खिलाफ राजनीतिक बदले की कार्रवाई का आरोप लगाया था। लूला ने ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट के जज अलेक्जेंड्रे डी मोरेस पर लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों पर भी आपत्ति जताई। ट्रंप प्रशासन ने कहा था कि मोरेस ने राजनीति से प्रेरित होकर बोल्सोनारो के खिलाफ कार्रवाई की, जिन्हें 2022 के चुनाव हारने के बाद सत्ता में बने रहने की कोशिश के लिए दोषी ठहराया गया है। ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ब्राजील राजनीतिक रूप से खतरनाक बन गया है। सरकार बोल्सोनारो जूनियर (जेर बोल्सोनारो के बड़े बेटे फ्लावियो बोल्सोनारो) को गिरफ्तार करना चाहती है, जो चुनाव में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

# ईरान-यूएस जंग : ट्रंप ने जिनपिंग-पुतिन की तटस्थता पर आभार जताया

- कहा- मिनाब में स्कूल पर हमला जानबूझकर नहीं हुआ

**पेरिस।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तारीफ की है। उन्होंने ईरान युद्ध के दौरान इन दोनों नेताओं के तटस्थ रहने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। फ्रांस के एवियन-ले-बैंस में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान ट्रंप ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि इन दोनों नेताओं ने ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर रोक लगाने के अमेरिकी प्रयासों में कोई बाधा नहीं डाली। इससे स्थिति को संभालने में अमेरिका को काफी मदद मिली।



ट्रंप ने खास तौर पर शी जिनपिंग का जिक्र करते हुए कहा कि वे बीजिंग दौरे के समय उनके साथ थे। उन्होंने कहा कि शी जिनपिंग पूरी तरह तटस्थ रहे, जिसकी वे सराहना करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने व्लादिमीर पुतिन का भी आभार जताया। ट्रंप ने कहा कि ये दोनों नेता चाहते तो अमेरिका की राह को अधिक कठिन बना सकते थे। ट्रंप के अनुसार, शी जिनपिंग ने इस संघर्ष को सुलझाने में सहयोग किया। चीन ने ईरान को बड़े हथियार या कंधे पर रखकर दागी जाने वाली मिसाइलें नहीं भेजीं। ट्रंप ने यह भी कहा कि चीन चाहता तो अपने तेल के जहाजों की सुरक्षा के लिए कई युद्धपोत वहां भेज सकता था, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया।

इसके साथ ही, ट्रंप ने संघर्ष के दौरान ईरान में लड़कियों के एक स्कूल पर हुए हमले को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यह हमला जानबूझकर नहीं किया गया था। ट्रंप के अनुसार, युद्ध के दौरान ऐसी गलतियां हो सकती हैं। यह घटना 28 फरवरी को संघर्ष के पहले दिन हुई थी। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, इस हमले में 175 से अधिक बच्चों और शिक्षकों की मौत हुई थी। शुरुआत में ट्रंप ने बिना किसी सबूत के दावा किया था कि इस हमले के पीछे ईरान का हाथ है। हालांकि, बाद में उन्होंने कहा कि उन्हें इस घटना के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मामले की जांच अभी चल रही है और वे जांच के निष्कर्षों को स्वीकार करेंगे। ट्रंप ने जोर देकर कहा कि किसी ने भी स्कूल को जानबूझकर निशाना नहीं बनाया था।

# पाकिस्तान : गुरुद्वारे के भीतर सिख सेवादार दंपति की हत्या

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम में स्थित खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मर्डन शहर में बुधवार को एक गुरुद्वारे के अंदर सिख सेवादार दंपति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना पेशावर से लगभग 60 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में मर्डन के बाबू मोहल्ला इलाके में हुई। मर्डन के जिला पुलिस अधिकारी मसूद अहमद के अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने गुरुद्वारे के अंदर गोलीबारी की, जिसमें सेवादार जगन्नाथ और उनकी पत्नी आसमा वांती की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि हमले के मकसद का पता लगाने और इसमें शामिल लोगों को पकड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा के सदस्य सुरेश कुमार ने हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है और पुलिस को जांच में प्रगति दिखाने के लिए 24 घंटे की समय सीमा दी है। कुमार ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक है कि क्षेत्र में सुरक्षा कर्मियों और पुलिस की मौजूदगी के बावजूद ऐसी घटना हुई। उन्होंने मामले के सभी पहलुओं की पारदर्शी और निष्पक्ष जांच की मांग की। कुमार ने अपराध स्थल से एकत्र किए गए सीसीटीवी साक्ष्य के प्रबंधन पर भी चिंता जताई। उन्होंने दावा किया कि डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर को अत्यंत लापरवाही से हटाया गया था, जिससे साक्ष्य के संरक्षण और जांच की पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं।

## अमेरिका-ईरान समझौते पर उपराष्ट्रपति वेंस बोले

# बातों से नहीं, कामों से होगा मूल्यांकन

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान के साथ हुए नए समझौते (एमओयू) को लेकर अपनी स्थिति साफ कर दी है। वेंस ने सीबीएन न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि इस समझौते की सबसे अच्छी बात यह है कि यह केवल शब्दों तक सीमित नहीं है।



उन्होंने साफ किया कि अब ईरान का मूल्यांकन उसकी बातों से नहीं, बल्कि उसके व्यवहार और काम के आधार पर होगा। वेंस ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप और पूरा प्रशासन ईरान में निर्दोष प्रदर्शनकारियों की हत्या से बहुत परेशान था। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले जो लोग सत्ता में थे, उन्होंने प्रदर्शनकारियों के साथ बहुत बुरा व्यवहार किया था। वेंस के अनुसार, वे पुराने नेता अब सत्ता से जा चुके हैं। अब अमेरिका यह देखना चाहता है कि क्या ईरान का नया नेतृत्व अपने लोगों के साथ अलग तरह से व्यवहार करता है। उपराष्ट्रपति ने उम्मीद जताई कि नया नेतृत्व सुधार करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं होता है, तो अमेरिका उनके वास्तविक आचरण को देखकर आगे का फैसला करेगा। वेंस ने दोहराया कि यह समझौता केवल कागजी बातों के लिए नहीं है। यह पूरी तरह ईरान के भविष्य के व्यवहार पर टिका है। अमेरिका अब ईरान की गतिविधि पर पैनी नजर रखेगा। जेडी वेंस अब इस समझौते के सबसे बड़े समर्थक और रक्षक बनकर उभरे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को फ्रांस के वर्साय महल में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। ट्रंप ने इस दौरान मजाकिया अंदाज में कहा कि अगर यह समझौता सफल रहा, तो वे इसका श्रेय लेंगे, लेकिन अगर यह विफल रहा, तो वे इसका सारा दोष जेडी वेंस पर डाल देंगे। व्हाइट हाउस ने वेंस को राष्ट्रपति का दायां हाथ बताया है। प्रशासन का कहना है कि वेंस ने ही स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर के साथ मिलकर इस बातचीत का नेतृत्व किया है।

# अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन आईएसएस पर रहेंगे 240 दिन

- नासा बोला- मिशन के लिए 14 जुलाई को भरेंगे उड़ान

**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल के फिजिशियन और नासा के अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन अपने जीवन के पहले अंतरिक्ष मिशन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर लगभग 8 महीने यानी 240 दिन का लंबा समय बिताएंगे। यह मिशन मंगलवार, 14 जुलाई, 2026 को कजाखस्तान के बैकोनूर कोस्मोड्रोम से लॉन्च किया जाएगा। अनिल मेनन और उनका दल वसंत 2027 तक अंतरिक्ष स्टेशन पर रहेगा। इस दौरान वे कई ऐसे वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे जो भविष्य में चंद्रमा और मंगल पर भेजे जाने वाले मानव मिशनों के लिए बेहद मददगार साबित होंगे। इतना ही नहीं, अंतरिक्ष का यह सफर अनिल मेनन अकेले तय नहीं कर रहे हैं, क्योंकि आईएसएस के मिशन हमेशा एक टीम के रूप में होते हैं। वह एक अंतरराष्ट्रीय क्रू के सदस्य के रूप में रूसी अंतरिक्ष यात्रियों प्योत्र डुब्रोव और अन्ना किकिना के साथ अंतरिक्ष के लिए रवाना होंगे। शून्य गुरुत्वाकर्षण में इन्सानी शरीर को ढालने पर होगी खोज मिशन पर 240 दिन बिताने के दौरान दोनों अंतरिक्ष यात्री वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रयोगों का हिस्सा बनेंगे। नासा के अनुसार, मेनन का मुख्य काम यह रिसर्च करना होगा कि अंतरिक्ष के वातावरण और शून्य गुरुत्वाकर्षण में इंसानी शरीर खुद को कैसे ढालता है। बता दें कि मिनेसोटा के मिनियापोलिस में जन्मे अनिल मेनन के माता-पिता भारतीय और यूक्रेनी मूल के अप्रवासी हैं।

# भारत का यूएन में महिला नेतृत्व का समर्थन

- कहा- आधी आबादी के लिए नीति पर सरकार का जोर
- प्रशासन में 10 लाख+ महिलाएं

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में महिला सशक्तिकरण और शांति स्थापना के क्षेत्र में अपनी बड़ी उपलब्धियों को गर्व से पेश किया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश पर्वतनेनी ने बताया कि भारत में स्थानीय शासन के स्तर पर 10 लाख से अधिक महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं। स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि महिला आरक्षण अधिनियम 2023 के साथ अब यह व्यवस्था भारतीय संसद में भी लागू होगी।

राजदूत पर्वतनेनी ने कहा कि भारत का अनुभव बताता है कि जब महिलाओं को राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाया जाता है, तभी स्थायी परिणाम मिलते हैं। भारत में महिलाओं ने हमेशा ऊंचे पदों की जिम्मेदारी संभाली है। देश में महिला सरकार प्रमुख और संसद की अध्यक्ष रही हैं। उन्होंने गर्व के साथ बताया कि वर्तमान में भारत की राष्ट्रपति भी एक महिला हैं। भारत सरकार महिला नेतृत्व वाले विकास के मॉडल पर काम कर रही है।


बैंक ऑफ इंडिया Bank of India

आंचलिक कार्यालय : "स्टार हाउस", विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010, फोन : 0522-2306039

**सार्वजनिक सूचना**

सभी खाताधारकों को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ इंडिया, आलमबाग शाखा को उसके पूर्व पते 47-सी, श्याम प्लाजा, प्रथम तल, श्रृंगार नगर, आलमबाग, लखनऊ-226005 से उसी भवन के भूतल पर स्थानांतरित कर दिया गया है। दिनांक 08.06.2026 से शाखा निम्नलिखित नए पते पर संचालित की जा रही है:

बैंक ऑफ इंडिया, आलमबाग शाखा
47-सी, श्याम प्लाजा, भूतल, श्रृंगार नगर,
आलमबाग, लखनऊ-226005

अतः सभी खाताधारकों से अनुरोध है कि वे अपने खातों के संचालन एवं अन्य बैंकिंग कार्यों हेतु नई शाखा परिसर में संपर्क करें।

आंचलिक प्रबंधक, लखनऊ अंचल


## आलोचना

### ईरान से डील के लिए अमेरिका में ही क्यों घिरे ट्रंप

# 'यह समझौता नहीं, ट्रंप की ओर से दिया गया तोहफा है'

- विपक्ष से लेकर समर्थक तक कई मुद्दों पर खफा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में जब ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए समझौते का एलान किया तो पूरी दुनिया की नजर इस बात पर लगी थीं कि आखिर इस समझौते की जो शर्तें तय हुई हैं, उनमें किसको फायदा हो सकता है। शुरुआत में इस समझौते की शर्तों का जो ड्राफ्ट तैयार हुआ, उसे सार्वजनिक नहीं किया गया और कुछ रिपोर्ट्स के हवाले से ही डील को लेकर दावे किए जा रहे थे। हालांकि, जैसे-जैसे इस समझौते की शर्तें साफ हुई हैं, वैसे-वैसे इसे लेकर अमेरिका में ही ट्रंप के विरोध में स्वर उठने लगे। सिर्फ डेमोक्रेटिक पार्टी ही नहीं, बल्कि ट्रंप की अपनी रिपब्लिकन पार्टी में भी ईरान समझौते को लेकर आलोचना झेलनी पड़ी है।

दरअसल, अमेरिका और ईरान के बीच समझौते की जो शर्तें तय हुई हैं, उनमें से अधिकतर शर्तें ऐसी हैं, जिन्हें अमेरिकी नेताओं ने ईरान को ट्रंप की तरफ से दिया गया तोहफा करार दिया है। फिर चाहे ईरान को पुनर्निर्माण के लिए एक बड़ी राशि मुहैया कराने की शर्त हो या होर्मुज जलडमरूमध्य में लगने वाले नए सेवा शुल्क की बात हो या ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर समझौते में कोई भी स्पष्टता न होने की बात। इन सभी मुद्दों पर ट्रंप अमेरिका में ही घिरे हैं। इसके बावजूद अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को ट्रंप की तरफ से ईरान के साथ तय 14 बिंदु वाले



इस अंतरिम समझौते पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं।

ईरान समझौते के निम्नलिखित ऐसे मुद्दे हैं जिन पर संशय-मतभेद की स्थिति पैदा हो गई है:

**300 अरब डॉलर का पुनर्निर्माण फंड और आर्थिक रियायतें**

समझौते की सबसे विवादास्पद शर्तों में से एक ईरान के लिए 300 बिलियन डॉलर के संभावित पुनर्निर्माण फंड का प्रावधान है। आलोचक ईरान की ओर जाने वाले किसी भी आर्थिक लाभ से बेहद खफा हैं। इसके अलावा ईरान को तुरंत अपना तेल बेचने की अनुमति और भविष्य की परमाणु वार्ता के दौरान ईरान के फ्रीज किए गए फंडको जारी करने और प्रतिबंधों में ढील देने के रास्ते पर विवाद की स्थिति बन चुकी है।

**होर्मुज जलडमरूमध्य और 60 दिन का युद्ध विराम**

समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य से नौसैनिक नाकेबांदी हटाने और परमाणु वार्ता के लिए 60 दिनों के युद्धविराम की बात कही गई है। इसे लेकर अमेरिका में यह बहस छिड़ गई है कि ईरान पर हमले से पहले जो स्थिति थी, युद्ध के बाद फिर वही स्थिति हो गई है। इस बात पर भी संशय है कि क्या ईरान भविष्य में भी इस जलमार्ग का उपयोग करने वाले जहाजों से टोल या कोई सर्विस फीस वसूलना जारी रखेगा।

**परमाणु कार्यक्रम पर ठोस प्रतिबद्धताओं की कमी**

अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह बात सामने आई है कि समझौते की भाषा बेहद अस्पष्ट है। आलोचकों का आरोप है कि इस समझौते में ईरान द्वारा अपने परमाणु हथियारों के विकास को छोड़ने को लेकर कोई दृढ़ प्रतिबद्धता, तय मानदंड या पुख्ता क्रम मौजूद नहीं है।

**हिज्बुल्ला, हमास और हूतियों जैसे प्रॉक्सी गुटों पर चुप्पी**

इस्राइल समर्थक रिपब्लिकन नेताओं को इस बात की गहरी चिंता है कि यह समझौता पूरे क्षेत्र में लड़ाई तो रोक सकता है, लेकिन यह ईरान समर्थित हिज्बुल्ला (लेबनान), हमास (गाजा) और हूतियों (यमन) के मिसाइल कार्यक्रमों और खतरों को खत्म करने पर केंद्रित नहीं है। इज़राइल का मानना है कि इन प्रॉक्सी गुटों से निपटे बिना युद्धविराम उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है।


## बाजार दर्पण




विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089